www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 282
नई दिल्ली
शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

**"सत्य, निष्पक्ष, भारत"**

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित ● चंडीगढ़ ● उत्तर प्रदेश ● मध्यप्रदेश ● उत्तराखंड ● बिहार ● झारखंड ● हिमाचल प्रदेश ● छत्तीसगढ़ ● जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 दिल्ली की हवा बहुत खराब, शहर कोहरे और ...
06 विविधता में एकता ही सर्वश्रेष्ठ भारत की पहचान
वाणिज्य मंत्री ने निर्यात परिषद और ... 12

## रक्षा मंत्री मलेशिया के लिए होंगे रवाना

## एक को 12वीं आसियान रक्षा मंत्री बैठक में लेंगे हिस्सा



**शैलेन्द्र शर्मा**

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12वीं आसियान रक्षा मंत्री बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) में शामिल होने के लिए गुरुवार को मलेशिया के कुआलालंपुर के लिए रवाना होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक नवंबर को इस बैठक में हिस्सा लेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी देते हुए कहा, आज 30 अक्टूबर को मैं नई दिल्ली से मलेशिया के कुआलालंपुर के लिए प्रस्थान करूंगा। मैं इस वर्ष की आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) में भाग लूंगा, जो 1 नवंबर को मलेशिया में आयोजित हो रही है। रक्षा मंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा, मैं एडीएमएम-प्लस के 15 साल पर चिंतन और आगे की राह तैयार करना विषय पर आयोजित मंच को संबोधित करूंगा। उन्होंने यह भी बताया कि एडीएमएम-प्लस के दौरान मलेशिया की अध्यक्षता में 31 अक्टूबर को आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की दूसरी अनौपचारिक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी आसियान सदस्य देशों के रक्षा मंत्री भाग लेंगे। इस बैठक का उद्देश्य आसियान सदस्य देशों और भारत के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करना व एक्ट ईस्ट पॉलिसी को आगे बढ़ाना है। दो दिवसीय यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एडीएमएम-प्लस देशों के अपने समकक्षों व मलेशिया के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है। रक्षा मंत्री ने लिखा, मैं भाग लेने वाले एडीएमएम-प्लस देशों के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में अधिक सहयोग पर, साथ ही मलेशिया के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। बता दें कि एडीएमएम, आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) का सर्वोच्च रक्षा परामर्शदात्री और सहयोगात्मक संगठन है।

एडीएमएम-प्लस, आसियान देशों (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते और वियतनाम) और इसके आठ संवाद साझेदारों (भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के लिए सुरक्षा और रक्षा सहयोग को मजबूत करने का एक मंच है।

भारत 1992 में आसियान का वार्ता साझेदार बना और इसका पहला एडीएमएम-प्लस 12 अक्टूबर, 2010 को वियतनाम के हनोई में आयोजित किया गया था। 2017 से, एडीएमएम-प्लस का आयोजन आसियान और प्लस देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष किया जाता है। एडीएमएम-प्लस के तहत, भारत 2024-2027 चक्र के लिए मलेशिया के साथ आतंकवाद निरोध पर विशेषज्ञ कार्य समूह का सह-अध्यक्ष है। आसियान-भारत समुद्री अभ्यास का दूसरा संस्करण भी 2026 में निर्धारित है।

# कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन और करप्शन राजद-कांग्रेस गठबंधन की पहचान: मोदी

## बिहार को लालटेन युग में रखने वाले बिजली कैसे दे पाएंगे-पीएम मोदी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नई दिल्ली/मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर में गुरुवार को चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजद-कांग्रेस गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इनकी पहचान पांच शब्दों से की जा सकती है- कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन और करप्शन। मोदी ने कहा कि जहां कट्टा चलता है, वहां कानून ठहर नहीं सकता, जहां क्रूरता राज करती है, वहां जनता का विश्वास टूट जाता है। उन्होंने महागठबंधन पर बिहार को अराजकता और भ्रष्टाचार की राह पर ले जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब जनता सब समझ चुकी है और विकास के रास्ते से उसे कोई नहीं भटका सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और राजद के लोग छठी मइया का अपमान कर रहे हैं। क्या कोई वोट पाने के लिए छठी मइया का अपमान कर सकता है क्या? क्या बिहार, क्या हिंदुस्तान, क्या मेरी माताएं जो निर्जला व्रत करती हैं, वो इसे सहन कर सकेंगी? उन्होंने कहा कि छठ देश-दुनिया में मनाया जाता है। इसके गीत सुन हम भावविभोर हो जाते हैं। छठ को यूनेस्को की सूची में शामिल कराने का प्रयास सरकार की ओर से चल रहा है। छठ के गीतों के माध्यम से संस्कार की प्रक्रिया चलती है। उसको देशव्यापी रूप देने के लिए छठ के गीतों को विभिन्न भाषा में प्रतिस्पर्धा करने वाले हैं। इससे हर भाषा के लोगों को मौका मिलेगा। इन्हें जनता चुनेगी कि उन्हें कौन-कौन गीत पसंद आते हैं। सबसे चर्चित गीतों के गायक और लेखक को अगले साल छठ से पहले सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने राजद-कांग्रेस गठबंधन और लालू यादव के कार्यकाल को लेकर कहा कि जंगलराज में गाड़ियों के शोरूम बंद हो गए थे क्योंकि राजद के नेता अपनी टोलियां लेकर अपने साथियों को लेकर शोरूम लुटवा लेते थे। अगर किसी ने नई गाड़ी खरीदी हो तब उसके पीछे राजद के गुंडे लग जाते थे। जब कोई अपनी पूंजी लगाता क्या, ऐसे हाल में लोग पलायन कर गए। जब वो दिन याद करते हैं तो लगता था, कितना भयानक दिन था। उन्होंने कहा कि गोलू अपहरण कांड कभी नहीं भूल सकते। इसी शहर में 2001 में स्कूल जाते एक बच्चे को अपराधियों ने अपहरण कर लिया था, बदले में ढेर सारे रुपये मांगे गए थे। नहीं देने पर राजद के चट्टे-बट्टों ने उस नन्हे गोलू के टुकडे-टुकड़े कर दिए गए थे।

## मुजफ्फरपुर की लीची जितनी मीठी, उतनी ही मीठी यहां की जनता की बोली: मोदी

**मुजफ्फरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुजफ्फरपुर रैली में जबरदस्त हुजूम उमड़ा है। इसे देखकर प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि बारिश के बावजूद हुजूम लगातार आ रहा है। छठ महापर्व के बाद बिहार में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब मैं मुजफ्फरपुर आता हूं तो सबसे पहले यहां की मिठास ध्यान खींच लेती है। यहां की लीची जितनी मीठी होती है, उतनी ही यहां की जनता की बोली मीठी है। उन्होंने कहा, आपका यह प्यार मैं देख रहा हूं। लगातार रैली में हुजूम आ रहा है। उन्होंने कहा, मैं बिहार की जनता का कर्जदार हूं। रैली में बड़ी संख्या में युवा आए हैं। माता-बहनों का भी दर्शन कर रहा हूं। यह विशाल जन-सागर बता रहा है कि फिर एक बार, एनडीए सरकार। प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी की नजदीक से झलक पाने के लिए सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर हुजूम उमड़ने लगा। मुजफ्फरपुर की महिलाएं भी प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचीं। एक युवक ने कहा, बिहार बहुत तेजी से विकास कर रहा है। इसने जबरदस्त गति पकड़ी है। एक बार फिर, एनडीए सरकार के साथ, हम एक विकसित भारत और एक विकसित बिहार देखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, और हम सभी इस सपने को पूरा करने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

## राज्य सरकार के प्रयासों से श्रमिकों के जीवन में आ रहा है बदलाव

- श्रम विभाग अंतर्गत 25 वर्षों की विभागीय उपलब्धियां




**उत्तम भारत संवाददाता, रायपुर।** छत्तीसगढ राज्य स्थापना के समय 16 जिलों में से 09 जिलों में श्रम कार्यालय तथा 04 जिलों में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कार्यालय संचालित है। वर्तमान में राज्य के समस्त 33 जिलों में श्रम कार्यालय तथा 10 जिलों में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा वर्ष 2008 से रायपुर में इंडस्ट्रीयल हाईजिन लैब का राज्य स्तरीय कार्यालय प्रारंभ किया गया है। राज्य स्थापना के बाद से वर्ष 2008 में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा वर्ष 2011 में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का गठन किया गया है। उक्त मण्डलों में श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण तथा विभिन्न योजनाओं में आवेदन विभागीय पोर्टल/श्रमेव जयते मोबाईल ऐप के माध्यम से ऑनलाईन करने की सुविधा दी गयी है तथा विभिन्न योजनाओं में डी०बी०टी के माध्यम से श्रमिकों को लाभान्वित किया जा रहा है।

31 जुलाई, 2025 तक छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 5लाख 41 हजार 920 संगठित श्रमिक, छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत 30 लाख 21 हजार 624 निर्माण श्रमिक तथा छ0ग० असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 17 लाख 12 हजार 074 असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। इस प्रकार विभाग अंतर्गत संचालित मंडलों में कुल 52 लाख 75 हजार 618 संगठित, निर्माण, असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। राज्य स्थापना के बाद से 57 लाख 24 हजार 745 श्रमिकों को 23 अरब 70 करोड 24 लाख 56 हजार 757 रुपए से लाभांवित किया गया। छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल में 80 लाख 713 संगठित श्रमिक को 31 जुलाई, 2025 तक राशि रुपए 26 करोड 56 लाख 2 हजार 131 से, छ०ग० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में 51 लाख 72, हजार 579 निर्माण श्रमिकों को राशि रुपए 19 करोड 82 लाख 69 लाख 48 हजार 448 तथा छ0ग० असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 4 लाख 71 हजार 453 अंगठित कर्मकारों को राशि रुपए 3 अरब 60 करोड 99 लाख 06 हजार 178 से इस प्रकार राज्य स्थापना के बाद से कुल 57 लाख 24 हजार 745 श्रमिकों को राशि रुपए 23 अरब 70 करोड़ 24 लाख 56 हजार 757 (तेईस अरब सत्तर करोड़ चौबीस लाख छप्पन हजार सात सौ सात रुपए) से लाभांवित किया गया है।

## देशभर में 18 तरह के वजन और माप उपकरणों की जांच जीएटीसी केंद्रों में होगी

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में वजन और माप उपकरणों की जांच प्रणाली को और पारदर्शी, सटीक और उपभोक्ता हितैषी बनाने के लिए कानूनी मेट्रोलॉजी (सरकारी स्वीकृत परीक्षण केंद्र) नियम, 2013 में संशोधन किया है। अब 18 श्रेणियों के उपकरण, जैसे जल मीटर, ऊर्जा मीटर, गैस मीटर, नमी मापक, स्पीड मीटर और थर्मामीटर आदि की जांच सरकारी स्वीकृत परीक्षण केंद्रों (जीएटीसी) में की जाएगी। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, संशोधित नियमों से सत्यापन प्रक्रिया को सरल, एकरूप और आधुनिक बनाया गया है। अब निजी प्रयोगशालाओं और उद्योगों को भी सरकारी स्वीकृत परीक्षण केंद्र (जीएटीसी) के रूप में मान्यता दी जा सकेगी, जिससे जांच क्षमता बढ़ेगी और उद्योगों को तेजी से सेवाएं मिलेंगी। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि यह संशोधन भारत की मापझतौल प्रणाली को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाएगा। इसके साथ भारत अब अंतरराष्ट्रीय ओआईएमएल प्रमाणन प्राधिकरण के रूप में कार्य करेगा,




जिससे भारतीय निमार्ता अपने उपकरणों के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र देश में ही हासिल कर सकेंगे। विभाग ने बताया कि नियमों में नए आवेदन प्रारूप, सत्यापन शुल्क की एक समान व्यवस्था और जीएटीसी के अधिकार क्षेत्र को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए गए हैं। आवेदन अब डिजिटल माध्यम से विभाग के संयुक्त सचिव को भेजे जा सकेंगे, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी। इस पहल से आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल मिलेगा और सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत देश में परीक्षण नेटवर्क का विस्तार होगा। राष्ट्रीय परीक्षण गृह (एनटीएच) और क्षेत्रीय संदर्भ मानक प्रयोगशालाओं (आरआरएसएल) को भी जीएटीसी का दर्जा दिया गया है ताकि हर राज्य में जांच सुविधा उपलब्ध हो सके।

## राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरिद्वार में देवभूमि रजत उत्सव कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

- मुख्यमंत्री धामी के करिश्माई कुशल नेतृत्व में प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा उत्तराखण्ड-नरेश बंसल, सांसद
- देवभूमि रजत उत्सव के अवसर पर हरिद्वार जनपद के राज्य आन्दोलनकारियों को किया गया सम्मानित।



**उत्तम भारत संवाददाता, हरिद्वार (उत्तराखंड)।** उत्तराखण्ड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग की ओर से रोड़ीबेलवाला पार्किंग स्थल में आयोजित तीन दिवसीय देवभूमि रजत उत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने दीप जलाकर एवं शंखनाद ध्वनि के साथ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य सांसद ने कहा कि राज्य आंदोलनकरियों के संघर्ष एवं बलिदान से हि उत्तराखण्ड राज्य हमें प्राप्त हुआ है तथा आज बडे हर्ष का विषय है कि उत्तराखण्ड राज्य अपने 25 वर्ष 09 नवम्बर को पूर्ण कर रहा है तथा इन 25 वर्षों में राज्य ने कई कई उच्च मुकाम हासिंल किए है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जिस समय उत्तराखण्ड राज्य का गठन हुआ था उस समय समित संसाधनों में राज्य का कार्य शुरू किया गया था तथा आज प्रदेश भारत के अग्रीणीय राज्यों में सामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के गठन के बाद प्रदेश में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, रोजगार के क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 08 मेडिकल कॉलेज खोले गये है, तथा सभी सड़को को ऑलवेदर रोड़ से जोड़ा गया है तथा ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाईन परि योजना का कार्य किया जा रहा है। जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ाव मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में विगत चार वर्षों में 25 हजार से अधिक बेरोजगार युवाओं को नौकरियां उपलब्ध करायी गयी है। हिमालयी राज्यों में वित्तीय प्रबन्धन में राज्य ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है कैपिटल इनकम में प्रतिव्यक्ति आय में वृद्वि हुई है ।अपराध तथा भ्रटाचार के विरूद्व सरकार जीरों टोरेन्स की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य देश का पहला राज्य है जिसने यूसीसी लागू करने तथा नकल विरोधी एवं भू-कानून को लागू किया है। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखण्ड प्रदेश के हर क्षेत्र में बेहत्तर ढ्ग से कार्य करते हुए विकास के आयाम की ऊचाई को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री ने कहा कि तिसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 4 प्रतिशत गरीबी कम हुई है तथा राज्य में पलायन भी रिवर्स हुआ है।

## लखनऊ में जहाज के आकार में बनेगा नौसेना शौर्य संग्रहालय

- भारतीय नौसेना की अदम्य वीरता और सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक होगी यह परियोजना : मुख्यमंत्री
- भारत की समुद्री आत्मा और सभ्यता की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुँचाएगा यह संग्रहालय: मुख्यमंत्री



**उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित नौसेना शौर्य संग्रहालय की प्रस्तुति का अवलोकन किया और उन्होंने इसके शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य शौर्यगाथाओं और हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समुद्र भारत की सभ्यता का मंथन स्थल रहा है और भारतीय नौसेना उस गौरवशाली परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। लखनऊ का यह संग्रहालय उसी परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। प्रस्तावित नौसेना शौर्य संग्रहालय की प्रस्तुति संबंधी बैठक में बताया गया कि संग्रहालय का स्वरूप एक जहाज के आकार के रूप में होगा। जहाज की रेलिंग, पोर्थोल जैसी खिड़कियां, नौसैनिक वास्तुकला और समुद्री प्रतीकों के साथ इसे विशिष्ट पहचान दी जाने की योजना है। परिसर में इंटरप्रिटेशन सेंटर, सेंट्रल डेक, ओपन एयर मेमोरियल, थीमैटिक वॉकवे, प्रदर्शनी गैलरी, फाउंटेन और लाइट-एंड-साउंड एरिना शामिल होंगे। डिजाइन को ऊर्जा-संवेदनशील रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी, वेंटिलेशन और हरित निर्माण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संग्रहालय को केवल देखने योग्य नहीं बल्कि 'अनुभव का केंद्र' बनाया जाए, जहाँ दर्शक इतिहास को महसूस कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि डिस्प्ले में डिजिटल, इंटरएक्टिव और इमर्सिव तकनीकों का प्रयोग हो, ताकि लोग नौसेना के अभियान, युद्ध और तकनीकी प्रगति को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि नौसेना संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में आवश्यक जानाकरी उपलब्ध कराई जाए। प्रस्तुति में बताया गया कि परियोजना दो प्रमुख हिस्सों में विकसित हो रही है। पहली-आईएनएस गोमती शौर्य स्मारक और दूसरी-नौसेना शौर्य वाटिका। बताया गया कि आईएनएस गोमती (F-21) गोदावरी श्रेणी का स्वदेशी मिसाइल फ्रिगेट है जिसने 34 वर्षों तक भारतीय नौसेना में सेवा दी और ऑपरेशन कैक्टस, ऑपरेशन पराक्रम जैसे अभियानों में भाग लिया। इसे संरक्षित कर संग्रहालय परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि नागरिक और युवा उसकी बहादुरी की कहानी को प्रत्यक्ष देख सकें।

## मोदी डरपोक हैं, यह कहने का दम नहीं कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं: राहुल



**उत्तम भारत संवाददाता, नालंदा (बिहार)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने का दावा करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 50 बार अपमान किया है, लेकिन मोदी डरपोक हैं और उनमें यह कहने का दम नहीं है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने नालंदा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि बिहार में सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं चला रहे हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और नागपुर (आरएसएस) चला रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर नालंदा को एक फिर शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने संबंधी ट्रंप के दावे का हवाला देते हुए कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 50 बार भारत के प्रधानमंत्री का अपमान किया। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रुकवाया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि सात विमान गिराए गए। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी में यह कहने का दम नहीं है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी को ट्रंप से मिलने के लिए विदेश जाना था, लेकिन वह डर गए और नहीं गए। राहुल गांधी ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय का उल्लेख करते हुए कहा, 1971 में अमेरिका ने अपनी नौसेना का सातवां बेड़ा भेजा, लेकिन इंदिरा गांधी ने साफ कह दिया था कि हम आपकी नौसेना से नहीं डरते, हमें जो करना होगा, हम करेंगे। वह महिला थीं। इनसे (मोदी) ज्यादा दम इंदिरा गांधी में था। उन्होंने आरोप लगाया, नरेन्द्र मोदी जी डरपोक हैं। उनमें न तो दृष्टिकोण है और न ही दम है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार यह दावा किया है कि उन्होंने व्यापार नहीं करने का हवाला देकर भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल मई में संघर्ष विराम करवाया था।

# बैठक मे एकत्र किए विकसित उत्तर प्रदेश समृद्ध उत्तर प्रदेश के लिए सुझाव



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** क्षेत्र के मिठेली गांव में पंचायत घर में बैठक करके सभी ग्राम वासियों ने अपने-अपने मोबाइल से विकसित उत्तर प्रदेश समृद्ध उत्तर प्रदेश के लिए ऑनलाइन सुझाव भेजे।

जिला औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार के निर्देशन में समाजसेवी अजय कुमार शर्मा, विशाल शर्मा गुंजन तथा दुर्वेश सैनी ग्राम मिठोली पहुंचे। गांव के पंचायत घर में ग्राम प्रधान, प्रधान पति, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से सभी ग्राम वासियों की सामूहिक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए हमारा उत्तर प्रदेश कैसा हो जन सामान्य को मिलने वाली सुविधाएं विकास हेतु सुझाव ऑनलाइन भेजने के लिए 31 अक्टूबर अंतिम तिथि है इसलिए सभी ग्रामवासीअपने-अपने मोबाइल से उत्तर प्रदेश शासन को सुझाव भेजें। ग्राम प्रधान आसमा ने कहा कि एक सिम से तीन सुझाव भेजे जा सकते हैं। यह अभियान यूं तो एक माह से चल रहा है लेकिन अब अंतिम दिन मानकर अपने घर गली रिश्तेदार मित्र संबंधी सभी से आग्रह करके उनके मोबाइल से सुझाव भेजने हैं। रोजगार सेवक सूरज सिंह ने कहा कि दो दिन हमें कुछ भी अपने काम छोड़कर दिन-रात अपने परिचितों के मोबाइल से सुझाव भेजने को पूरी ताकत लगानी है।

जिला औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार ने सभी ग्राम वासियों की उनका मोबाइल नंबर सहित सूची बनाकर सुझाव देने का महत्व समझाया और कहा कि जिलाधिकारी महोदय के कुशल निर्देशन में संभल जनपद प्रत्येक गतिविधि में प्रथम स्थान प्राप्त करें इसमें प्रत्येक जनपद वासी का महत्वपूर्ण योगदान अपेक्षित है। बैठक में मौके पर ही रोजगार सेवक सूरज सिंह, समूह सखी पूजा, आंगनवाड़ी किरनबती, बी सी सखी सोहनी, पंचायत सहायक बोली चौधरी, प्रधान पति रईस अहमद, अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गए समाजसेवियों की टीम ने सभी ग्राम वासियों से मोबाइल लेकर सुझाव भेजे और उनके नाम की एक सूची बनाई। इस प्रकार मिठोली ग्राम से आज 256 सुझाव ऑनलाइन भेजे गए। परिश्रम समर्पण के लिए समाजसेवी अजय कुमार शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नगर मजिस्टेट्ट ने खाद की दुकानों पर छापामारी कर लिये गए जांच के लिए नमूने



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने पूर्व में ताला लगाए गए ग्राम मल्ली सराय स्थित कुरैशी खाद भंडार से जिला कृषि अधिकारी द्वारा खाद के चार कट्टो से मिलावट का संदेह होने पर नमूने एकत्रित कराकर प्रयोगशाला को भेजे गए। इसके पश्चात ग्राम सिकंदरपुर सराय में स्थित सलीम खाद भंडार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय दुकान बंद पाई गई। परिसर के बाहर अंकित स्वामी के मोबाइल नंबर पर बात करने के पश्चात काफी देर बाद दुकानदार स्वामी उपस्थित हुए। तब परिसर को खुलवा कर देखा गया तो परिसर में खाद कीटनाशक दवाएं एवं गैस की अवैध रिफिलिंग तथा डीजल का अवैध रूप से विक्रय किया जाना पाया गया। तत्पश्चात इस दुकान मैं भी मिलावट का संदेह होने पर खाद के नमूने प्रयोगशाला में जांच कराने हेतु एकत्रित कराए गए। इसके अतिरिक्त पूर्ति निरीक्षक को मौके पर बुलाकर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग एवं पेट्रोलियम पदार्थ के विक्रय करने के संबंध में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# तीर्थ परिक्रमा संभल का उज्ज्वल इतिहास है, उज्ज्वलतम भविष्य हम बनाएंगे: अजय




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के बैनर तले आज इतिहास दिवस मनाया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि संभल के इतिहास को लेकर और अधिक जागरूकता पूरे समाज में प्रसारित की जाएगी। जिस प्रकार सम्भल तीर्थों की परिक्रमा को हिन्दू जागृति मंच ने लंबे समय तक प्रयास करके, पूरी तरह से पुनर्जीवित एवं स्थापित किया, ठीक उसी तरह सम्भल तीर्थ परिक्रमा का प्रचार-प्रसार, उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में भी किया जाएगा। बैठक में समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संभल तीर्थ परिक्रमा संभल का उज्ज्वल इतिहास है। परिक्रमा के माध्यम से संभल का उज्ज्वलतम भविष्य समाज का सहयोग लेकर बनाने में शत प्रतिशत योगदान देंगे। इतिहास दिवस पर सम्भल को और अधिक सुसज्जित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में समितियां गठित की जाएंगी, जिससे संभल तीर्थ परिक्रमा को और अच्छा बनाया जा सके। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने बताया कि सम्भल फेरी को शुरू करने के लिए हिंदू जागृति मंच ने बहुत संघर्ष किया था, फेरी करने वाले लोगों को पहले प्रोत्साहित किया जाता था, परिक्रमा मार्ग पर उनका स्वागत किया जाता था तथा बाद में उनके फोटो और वीडियो-रिकॉर्डिंग उनके घरों तक पहुंचाई जाती थीं। इस ऐतिहासिक कार्य को करने वाले लोगों को, अब भारतीय इतिहास संकलन समिति की ओर से पुनः सम्मानित किया जाएगा, ताकि अन्य लोग भी इस मार्ग पर अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अंकुश त्यागी, कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर, अतुल कुमार शर्मा, दुर्वेश सैनी, जीतपाल प्रजापति, रजनेश, रोहित कुमार, आदित्य शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा एवं संचालन वैभव गुप्ता ने किया।

# हयातनगर पुलिस ने साईबर अपराध का शिकार पीड़ित की वापस दिलाई रकम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** थाना हयातनगर पुलिस ने साईबर अपराध से पीड़ित के 11000 रुपये वापस कराये गये। प्लाईवुड की दुकान पर खरीदारी करने के दौरान खाते मे रकम चली गई थी। पोर्टल पर शिकायत हुई तो पुलिस ने संज्ञान लेकर कार्यवाही की।

दरअसल 05 अगस्त 2025 को थाना हयातनगर पर आवेदक जरीफअहमद पुत्र लियाकत निवासी कस्बा व थाना हयातनगर जनपद सम्भल द्वारा 30 अगस्त को उसकी प्लाईवुड की दुकान पर ग्राहक द्वारा प्लाईवुड खरीदी जा रही थी आवेदक द्वारा गलती से अन्य खाते में 11000 रुपये की ट्रांजेक्शन हो गयी थी जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा एन. सी. आर. पी पोर्टल पर शिकायत संख्या 23108250113332 दर्ज करायी थी जिसकी जांच साईबर सैल थाना हयातनगर के साईबर प्रभारी व0उ0नि0 दिनेश कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ मिलकर जांच की गयी। धनराशि विपक्षी खाता संख्या 110213040300 राहुल पुत्र रामनारायण निवासी मौ0 सराय कस्बा व थाना गुन्नौर में जाना पाया गया विपक्षी के द्वारा पीड़ित के 11000 रुपये वापस किये गये। इस दौरान साईबर सेल टीम हयातनगर के थानाध्यक्ष संजीव कुमार, व0उ0नि0 दिनेश कुमार, .उ0नि0 रितु गिरी, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड बी मौ0 इरशाद, एच. एम मौ0 सलीम, म0का0 मानसी त्यागी आदि रहे।

# दुकानों पर छापामारी कर बाल मजदूरों को कराया गया अधिकारियों ने मुक्त



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** पुलिस अधीक्षककृष्ण कुमार के आदेश के अनुक्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ0 प्रदीप कुमार जनपद संभल के निर्देश के क्रम में थाना ए0एच0टी0 टीम निरीक्षक थाना एएचटी सत्य विजय सिंह, उ0नि0 बाबू राम सैनी, का0 अमित कुमार, का0 नवीन कुमार, चालक का0 मयंक व श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारी मो0 आजम व मय टीम तथा एनजीओ प्रभारी जस्ट राइट गौरी शंकर मय टीम द्वारा बहजोई थाना क्षेत्र में बाल श्रम के खिलाफजागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान में बहजोई कस्बा में 20 प्रतिष्ठानों को चेक किया। अभियान के दौरान 10 निरीक्षण व 12 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर उनके परिजन के सुपुर्द किया गया। थाना एएचटी की टीम द्वारा प्रत्येक प्रतिष्ठान पर जाकर प्रतिष्ठान मालिक को बाल श्रम में बच्चों को न लगाने के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर ना रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090/ 1098/ 108/ 112/ 1076/ 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

# सम्भल पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों व शैक्षणिक संस्थानो चलाया जागरूकता अभियान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारतीय न्याय व्यवस्था में परिवर्तन लाने वाले नए कानूनों कृभारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए)कृके प्रभावी कार्यान्वयन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में सम्भल पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों तथा स्कूल, कॉलेज एवं विद्यालयों में छब्स् जागरूकता अभियान 2.0 चलाया गया।

इस जागरूकता अभियान के तहत नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चौपाल आयोजित कर समस्त नागरिकों, छात्र/छात्राओं को नये आपराधिक कानूनों (बीएनएस 2023, बीएनएसएस 2023, भारतीय साक्ष्य अधि0 2023) के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। विशेष रूप से शून्य एफआईआर की अवधारणा, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान, नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम नागरिकों, युवाओं तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इन कानूनों की नई प्रावधानों, उनके लाभों तथा दैनिक जीवन पर प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा। नए कानूनों ने औपनिवेशिक काल के पुराने दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित करते हुए आधुनिक, नागरिक-केंद्रित तथा तकनीकी रूप से सशक्त न्याय प्रक्रिया की नींव रखी है। इनमें डिजिटल साक्ष्यों को मान्यता, समयबद्ध जांच, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति संवेदनशीलता तथा भ्रष्टाचार-रोधी प्रावधान जैसे महत्वपूर्ण बदलाव शामिल हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इन परिवर्तनों से आम जनता को परिचित कराना है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायोचित बने, नए कानून न केवल न्याय की गति को तेज करेंगे, बल्कि समाज में कानून के प्रति विश्वास को भी मजबूत करेंगे। यह जागरूकता अभियान हमारा सामूहिक दायित्व है, जो प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाएगा।

# हाई पावर कमेटी ने बांके बिहारी मंदिर में की सफाई:अध्यक्ष ने पानी से धोया मंदिर, डीएम-एसएसपी ने चलाया वाइपर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** वृंदावन स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मंदिर में आज हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रमदान कर साफ-सफाई अभियान चलाया। अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार, सदस्य एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) मुकेश मिश्रा, सदस्य सचिव एवं जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर मथुरा चन्द्र प्रकाश सिंह तथा सदस्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार ने स्वयं मंदिर परिसर में श्रमदान करते हुए सफाई की।

इस दौरान सभी अधिकारियों ने मिलकर मंदिर के आंगन और आसपास के क्षेत्र की धुलाई की और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई अभियान में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. पंकज कुमार वर्मा, अपर नगर मजिस्ट्रेट राजकुमार चौधरी, क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने गोस्वामी परिवार के साथ मिलकर मंदिर के गलियारों, फर्श और दीवारों की सफाई की। इस अवसर पर अध्यक्ष मा0 न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने कहा कि मंदिर परिसर की स्वच्छता भक्तों की सुविधा और धार्मिक गरिमा दोनों के लिए आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों और भक्तों से अपील की कि वे मंदिर को हमेशा स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें। मंदिर प्रशासन ने बताया कि दीपावली और देवउठनी एकादशी जैसे आगामी पर्वों को ध्यान में रखते हुए यह सफाई अभियान चलाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों के इस श्रमदान कार्यक्रम से भक्तों और स्थानीय लोगों में भी सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कई श्रद्धालुओं ने भी स्वेच्छा से इस सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

# मथुरा में चहुंओर जाम से लोग हुए परेशान, यातायात व्यवस्था हुई चौपट, यातायात पुलिस बनी हुई है मूकदर्शक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** कान्हा की नगरी में सहालग सीजन शुरू होते ही बाजारो में खरीददारो की भीड़ और सड़को पर खड़े आड़े तिरछे वाहनों ने यातायात व्यवस्था को चोपट कर दिया है। जिससे शहर के प्रमुख मार्गो पर सुबह से रात तक जाम की स्थिती बनी हुई है।

जाम के कारण में प्रमुख मार्गो में होली गेट, कृष्णा नगर, और डीग गेट चौराहा, भूतेश्वर चौराहा, नया बस स्टैंड, स्टेट बैंक चौराहा, के आर रोड़ आदि मार्गो पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई। चारों तरफ सिर्फ हॉर्न का शोर और सर्दी में भी पसीना बहाते लोग नजर आए। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल जाने वाले बच्चों को झेलनी पड़ी। कई स्कूल बसें घंटों तक जाम में फंसी रहीं, जिससे छात्र बेहाल हो उठे। कुछ जगहों पर अभिभावक खुद अपने बच्चों को लेने जाम में जा पहुँचे। यातायात पुलिस की टीम जाम खोलने में जुटी रही, लेकिन वाहनों की भीड़ और सड़क पर अवैध पार्किंग ने सारी कोशिशों पर पानी फेर दिया।

पुलिस कर्मियों के भी पसीने छूट गए, फिर भी स्थिति देर दोपहर तक पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी। दोपहर से लेकर देर शाम तक कई प्रमुख मार्गो पर वाहन रेंगते नजर आए। लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में सामान्य से दोगुना समय लग गया। बाजारों में खरीदारी को निकले लोग जाम में फंसकर परेशान होते रहे। दोपहिया वाहन चालक गलियों का सहारा लेते दिखाई दिए। शहर में जाम से निपटने के लिए पुलिस के इंतजाम भी नाकाफी रहे। यही कारण रहा कि मथुरा में जन्मभूमि और द्वारिकाधीश के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। हालांकि यातायात पुलिसकर्मियों रूट डायवर्जन करके देर रात तक वाहनों का आवागमन शुरू कराया। शहर ही नहीं बल्कि नेशनल हाईवे 19 पर भी जाम की स्थिति लगातार बना रही है। सुबह से लेकर शाम तक पूरा शहर जाम के जाम से जूझता रहा। वहीं हाईवे पर भी थाना हाईवे से लेकर जय गुरुदेव मंदिर फ्लाई ओवर पुल तक जाम में सैकड़ों वाहन फंसे रहे. जाम ने वाहनों की रफ्तार थाम दी। वाहन धीरे धीरे सड़क पर रेंग कर चल रही थे। हाईवे पर आगरा की ओर गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार थाना हाईवे के फ्लाई ओवर पुल पर चढ़ते वक्त थमने लगी। धीरे-धीरे सैकड़ो वाहन जाम में फंस गए। इसके साथ ही गोवर्धन चौराहा, मंडी चौराहा, कृष्णा नगर, वृंदावन के पागल बाबा मंदिर के अलावा रमणरेती चौकी, बांके बिहारी मंदिर, अटल्ला चुंगी, विद्यापीठ चौराहा और वृंदावन में सभी एंट्री प्वाइंटों पर जाम की स्थिति देखने को मिली। मंदिरों की नगरी के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब धीरे-धीरे मथुरा को जाम की नगरी से जाना जाने लगा है। मथुरा ही नहीं बल्कि वृंदावन में भी जाम से हालत खराब होते जा रहे है। जहां भी आपकी नजर जाएगी, उन सड़कों पर आपको जाम की स्थिति नजर आएगी। या यूं कहें ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से लाचर है। ट्रैफिक पुलिस भी अपनी कार्य शैली में सुधार नहीं ला रही है। पुलिस कर्मी मौजूद होने के बावजूद भी लोग सड़कों पर रॉन्ग साइड चलते हुए नजर आते हैं। यातायात पुलिस तमाश बिन बनी रहती है। त्योहारी सीजन और स्कूल समय के बावजूद ट्रैफिक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिखा। एक स्थानीय नागरिक ने कहा हर रोज यही हाल रहता है। सुबह और शाम को तो सड़क पर निकलना मुश्किल हो जाता है। प्रशासन सिर्फकागजों में व्यवस्था दिखाता है। जाम और अव्यवस्था के इस दोहरेसंकट ने मथुरा के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को मुश्किल बना दिया है। जाम की मुख्य कारण सकरी सड़क किनारे भारी तादाद में दो पहिया वाहन ओर रिक्शा, ई रिक्शा के साथ व्यापारियों का फुटपाथ पर रखा समान। आखिर प्रशासन इस शहर को कब जाम मुक्त करेगा।

# एसएसपी ने 22 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव




**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने देर रात पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस कार्रवाई में कुल 22 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है।

इन तबादलों में एक दर्जन से अधिक चौकी प्रभारियों को भी इधर से उधर किया गया है। यह फेरबदल लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों को हटाकर कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से किया गया है। तबादलों की सूची के अनुसार, उप निरीक्षक ललित कुमार को चौकी प्रभारी बरारी, थाना रिफाइनरी से हटाकर चौकी प्रभारी केडी मेडिकल कॉलेज, थाना छाता भेजा गया है। वहीं, उप निरीक्षक रोहित उज्जवल को केडी मेडिकल कॉलेज से बरारी चौकी, रिफाइनरी का दायित्व सौंपा गया है। उप निरीक्षक कपिल नागर को थाना छाता से दौताना चौकी, छाता और उप निरीक्षक रविन्द्र बाबू को दौताना चौकी से कस्बा राया स्थानांतरित किया गया है। इसी क्रम में उप निरीक्षक निशान्त पायल को कस्बा राया से नयति चौकी, थाना जैत भेजा गया है। उप निरीक्षक पवन कुमार को नयति चौकी जैत से बीएसएस चौकी, थाना कोतवाली, जबकि उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार को बीएसएस चौकी से अपराध शाखा में भेजा गया है। उप निरीक्षक रजनीश नैन को थाना सुरीर से गढ़ी बरबारी (कामर) चौकी, कोसीकलां और उप निरीक्षक रोहित सिंह को गढ़ी बरबारी से कस्बा नौहझील स्थानांतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त, उप निरीक्षक महिपाल सिंह, मनोज कुमार, उमंग त्यागी, कुशल पाल सिंह, सुनील कुमार पाठक, शरद त्यागी, सूरज कुमार, ओमवीर सिंह, अंजलि और रेशु राजौरा सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में भी बदलाव किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि ये तबादले पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और प्रभावशीलता लाने के लिए किए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत अधिकारियों के स्थान परिवर्तन से नए उत्साह और ऊर्जा के साथ कानून-व्यवस्था में सुधार होगा।

# टीले वाली दरगाह पर शांति पूर्वक बैरक मेला सम्पन्न होने पर बांधी गई पगड़ी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सय्यद बदीउद्दीन ज़िन्दा शाह मदार के चिल्ला मुबारक एवं हज़रत निज़ामउद्दीन सब्ज़वारी रहमतुल्ला अलेह के मज़ारे मुबारक टीले वाली दरगाह पर बैरक मेले शांति पूर्वक सम्पन्न होने पर सभी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया और आभार प्रकट किया गया।

क्षेत्र के शेर खां सराय मण्डी किशन दास सराय स्थित टीले वाली दरगाह पर सय्यद बदीउद्दीन ज़िन्दा शाह मदार के चिल्ला मुबारक एवं हज़रत निज़ामउद्दीन सब्ज़वारी रहमतुल्ला अलेह के बैरक मेले का परम्परागत तरीके से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन किया गया। बैरक मेले के शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न होने के बाद इंतेज़ामिया कमेटी ने आने वाले मेहमानो, अकीदतमन्दों तथा सहयोगियों का आभार प्रकट किया। सैयद मुशर्रफ हुसैन ने कहा कि यह बैरक मेला और दरगाह सर्वधर्म समाज के लिए साम्प्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे के लिए जाना जाता है। यहां सब लोग आते हैं और बड़ी अकीदत और मौहब्बत के साथ बैरक मेला मनाते हैं, लंगर का आयोजन करते हैं तथा हाज़िरी देकर मन्नते मुरादे मांगते और चादर पोशी करते हैं। इस मौके पर सैयद नाज़िम हुसैन, सैयद जावेद हुसैन, सैयद मुशर्रफहुसैन, सैयद असद हुसैन, सैयद सौहराब अली, सैयद अरशद हुसैन, कासिम खां, नफीस अहमद, बब्बन, मौहम्मद फैज़ान वारसी, अली अहमद वारसी आदि रहे।

# चीनी मिलों पर दूसरे दिन भी जारी रही आयकर विभाग की छापामारी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जनपद सम्भल के रजपुरा स्थित डीएसएम शुगर मिल और असमोली में धामपुर बायो ऑर्गोनिक्स मिलों पर दूसरे दिन भी छापामार कार्यवाही जारी रही। आयकर विभाग की टीमें गुरूवार को भी जांच करने मे डटी रहीं। टैक्स को लेकर तमाम जानकारियां जुटाते हुए अभिलेखों को देखा गया। हर तरफसुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। किसी को भी जांच स्थल पर न आने की ओर न जाने की कतई इजाज़त नहीं थी। यह छापामार कार्यवाही सम्भल जनपद की दोनो चीनी मिलो पर ही नहीं बल्कि दूसरे जनपदों की चीनी मिलो पर भी की गई थी। 24 घण्टे से ज़्यादा बीतने के बाद भी जांच चलती रही। जांच को लेकर किसी भी अधिकारी ने मीडिया के सामने आने की ज़रूरत तक महसूस नहीं समझी। जांच मे क्या मिला और किस लिए की गई इसकी भी स्पष्ट जानकारी मीडिया को नहीं दी गई है। मामला टैक्स से जुड़ा होना बताया जा रहा है।

# अक्षय नवमी पर पंचकोसीय परिक्रमा राधे-राधे के जयकारे से गूंजी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** अक्षय नवमी पर बुधवार की रात रिमझिम बारिश के बीच पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग पर आस्था का जनसैलाब उमड़ना शुरू हो गया।

श्रद्धालुओं ने अक्षय पुण्य प्राप्ति के लिए नंगे पैर राधे-राधे के जयकारे लगाते हुए प्रभु भक्ति में लीन होकर परिक्रमा लगाई। गुरुवार पूरे दिन सड़कों पर परिक्रमार्थियों का सैलाब उमड़ेगया। अक्षय नवमी की परिक्रमा हल्की ठंड में बुधवार की आधी रात ही शुरू हो गई। संकरे और कीचड़ भरे मार्ग भी श्रद्धालुओं के कदम नहीं रोक पा रहे थे। पूरे परिक्रमा मार्ग पर आस्था की डोर में बंधे श्रद्धालुओं पर श्रीकृष्ण और राधा का प्रेम रस बरस रहा है। परिक्रमार्थियों ने टोलियों के रूप में परिक्रमा लगाई। परिक्रमा से पहले श्रद्धालुओं ने मथुरा के विश्राम घाट पर यमुना स्नान कर पूजन किया। समाजसेवियों ने परिक्रमा मार्ग पर चाय का वितरण किया। इस दौरान विश्राम घाट, बंगाली घाट, रंगेश्वर महादेव मंदिर, गऊघाट पर भारी भीड़ रही।


## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अब्दुल रहमान द्वारा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के प्राविधानों के तहत पंजीकृत संस्था आशिक पब्लिक लाइब्रेरी जिला सम्भल का नवीनीकरण कराये जाने हेतु अनुमति प्रदान करने का अनुरोध करते हुये अनुमति शुल्क व प्रपत्र यथा प्रबन्धसमिति की सूची, साधारण सभा की सूची, निर्वाचन कार्यवाही व अन्य प्रपत्र इस कार्यालय मे दिनांक 05.08.2025 को जमा किये गये है। उपरोक्त संस्था की प्रबन्धसमिति की सूची वर्ष 2025-2026 मे निम्न पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है :

श्री अब्दुल रहमान पुत्र श्री मुजफ्फर हुसैन- अध्यक्ष, श्री सै0 शुजाअत हुसैन पुत्र श्री स्व0 वजाहत हुसैन-उपाध्यक्ष, श्री मशहूद अली फारूकी एड0 पुत्र श्री मकसूद अली-उपाध्यक्ष, निजामउद्दीन खाँ पुत्र श्री अब्दुल वहीद - सेक्रेटरी, सै0 मुदस्सिर हुसैन पुत्र श्री शराफत हुसैन - एडिशनल सेक्रेटरी, मुकर्रब हुसैन पुत्र श्री इज्जत उल्लाह-कोषाध्यक्ष, डा0 नसीममुज्जफर पुत्र श्री मुर्तजा हसन - सदस्य, श्री सफदर अली पुत्र श्री अख्तर अली-सदस्य, रफीक राही पुत्र श्री अली मोहम्मद सदस्य, श्री सय्यद जावेद हामिद जैदी पुत्र श्री सय्यद हामिद हुसैन जैदी-सदस्य, इन्जी0. हारिस हुसैन पुत्र श्री हबीब हुसैन-सदस्य, मकसूद हुसैन पुत्र श्री हबीब हुसैन-सदस्य, मुजम्मिल खां पुत्र श्री अल्लन-सदस्य, मो0 वसीम पुत्र श्री जलालउद्दीन-सदस्य, श्री कदीर खान पुत्र श्री प्यारे खान-सदस्य, श्री साद हुसैन खां पुत्र श्री मसूद हुसैन खां-सदस्य, डा0 रियाजुल इस्लाम पुत्र श्री मौ0 नजर-सदस्य, तसदीक इलाही पुत्र श्री सद्दीक इलाही-सदस्य, मो0 फरहान पुत्र श्री मौहम्मद गुफरान-सदस्य, श्री रजाउर्रहमान पुत्र श्री शरीफउर रहमान-सदस्य, श्री आरिफआलम पुत्र श्री तेहजीब आलम-सदस्य, श्री मौ0 जाफर पुत्र श्री मौ0 नजर-सदस्य श्री मौ0 तनवीर पुत्र श्री शफीउददीन-सदस्य, मो0 सऊद पुत्र श्री - दिलावर हुसैन सदस्य, श्री अजीजउल्लाह पुत्र श्री मोहम्मद सलीम-सदस्य, श्री नरेश कुमार शुक्ला पुत्र श्री हरी शंकर शुक्ला - सदस्य।

यदि किसी को उपरोक्त के सम्बन्ध मे कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नही होगा।

(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक रजिस्ट्रार



## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

**सख्या 2025/आरएस(डब्ल्यूटीए)-149/निविदा/565** **नई दिल्ली, दिनांक 28.10.2025**

मई 2015 की विशिष्टि भारेमा-आर-34 के साथ (i) ड्रॉइंग सं. 1209-01.111-003 ऑल्ट '6' के अनुरूप 3-फेज डब्ल्यूएजी 9 रेल इंजनों (ii) ड्रॉइंग सं. 1209-01.111-070 ऑल्ट '1' के अनुरूप 3-फेज डब्ल्यूएपी 7 रेल इंजनों, और (iii) ड्रॉइंग सं. 1210-01.111-003 ऑल्ट '6' के अनुरूप 3-फेज डब्ल्यूएपी 5 रेल इंजनों के लिए पहियों की खरीद हेतु 12.12.2025 को खोली जाने वाली वैश्विक ई-निविदा सं.: डब्ल्यूटीए-565.

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मई 2015 की विशिष्टि भारेमा-आर-34 के साथ (i) ड्रॉइंग सं. 1209-01.111-003 ऑल्ट '6' के अनुरूप 3-फेज डब्ल्यूएजी 9 रेल इंजनों (ii) ड्रॉइंग सं. 1209-01.111-070 ऑल्ट '1' के अनुरूप 3–फेज डब्ल्यूएपी 7 रेल इंजनों और (iii) ड्रॉइंग सं. 1210-01.111-003 ऑल्ट '6' के अनुरूप 3-फेज डब्ल्यूएपी 5 रेल इंजनों के लिए पहियों की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए **http://ireps.gov.in** वेबसाइट देखें। इस निविदा पर कोई भी अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।


निदेशक, रेलवे भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड), रेल भवन,
रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
दूरभाष संख्या: 011–23073191,
ईमेल आईडी: drsm@rb.railnet.gov.in

3371/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली की हवा बहुत खराब, शहर कोहरे और धुंध की चपेट में

**लिशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी बृहस्पतिवार की सुबह प्रदूषण के कारण धुंध और कोहरे की चादर में लिपटी रही। पिछले कुछ दिन से शहर में खराब श्रेणी में बनी हुई वायु गुणवत्ता और नीचे गिरकर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 357 दर्ज किया गया जो एक दिन पहले 279 था। वायु गुणवत्ता में गिरावट के साथ ही शहर के कई हिस्सों में दृश्यता भी कम हो गई। दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के अनुसार कि शहर का वेंटिलेशन इंडेक्स 6,000 वर्ग मीटर प्रति सेकंड के अनुकूल स्तर से नीचे बना हुआ है। यह सूचकांक प्रदूषकों को फैलाने की वायुमंडलीय क्षमता को इंगित करता है। वेंटिलेशन इंडेक्स के अनुसार 10 किलोमीटर प्रति घंटे से कम रफ्तार की कमजोर हवाओं और घने कोहरे ने प्रदूषकों को छंटने से रोक दिया है, जिसके



कारण आसमान में धुंध छा गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सुबह 7:30 बजे पालम में 1,000 मीटर और सफदरजंग में 800 मीटर की दृश्यता दर्ज की। दोनों ही स्थानों पर हवा की स्थिति शांत बनी रही। कर्तव्य पथ, आनंद विहार, बुराड़ी और अक्षरधाम जैसे इलाके सुबह के शुरूआती घंटों में कोहरे से ढके रहे।

सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, विवेक विहार और आनंद विहार में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई, जहां एक्यूआई क्रमशः 415 और 408 दर्ज किया गया है। दिल्ली के कुल 33 निगरानी केंद्रों ने वायु गुणवत्ता 300 से अधिक दर्ज की जोकि बेहद खराब श्रेणी में आती है। सीपीसीबी के वर्गीकरण के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बेहद खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है।

आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है जबकि सुबह 8:30 बजे आर्द्रता 90 प्रतिशत दर्ज की गई। शाम के समय हल्का कोहरा छाए रहने के साथ अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# देवली विधानसभा की सभी समस्याएं होंगी हल : प्रवेश साहिब सिंह

● 200 करोड़ रुपये की मंजूरी पर सांसद बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार को जताया धन्यवाद

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** देवली विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए राहत भरी खबर है। दिल्ली सरकार के वरिष्ठ मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को संगम विहार में आयोजित एक भव्य जनसभा में घोषणा की कि क्षेत्र की सभी प्रमुख समस्याओं का समाधान आगामी एक वर्ष के भीतर कर दिया जाएगा। इस दिशा में दिल्ली सरकार ने पहले ही 200 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कर दी है। जनसभा में उपस्थित दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए कहा कि लंबे समय से देवली विधानसभा की जनता मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन व्यतीत कर रही है। उन्होंने बताया कि सीवर व्यवस्था,



पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण और डॉ. साहिब सिंह वर्मा बंध रोड के पुनर्निर्माण जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि सरकार देवली विधानसभा को बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली के विकास की गति अब रुकेगी नहीं। देवली की समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाएगा ताकि जनता को राहत मिले। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री प्रवेश साहिब सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि क्षेत्र को लंबे समय तक आम आदमी पार्टी के विधायक प्रतिनिधित्व करते रहे, परंतु विकास के नाम पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। अब भाजपा सरकार ने इस क्षेत्र के विकास का बीड़ा उठाया है। यह राशि देवली की सूरत बदल देगी। जनसभा को दिल्ली प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, दक्षिण जिला भाजपा अध्यक्ष माया बिष्ट और विधायक चंदन कुमार चौधरी ने भी संबोधित किया। सभी नेताओं ने देवली क्षेत्र में तेजी से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे जिन्होंने भाजपा सरकार की योजनाओं पर भरोसा जताया। लोगों ने आगामी 30 नवंबर को होने वाले निगम उपचुनावों में संगम विहार और दक्षिण पुरी वार्ड से भाजपा प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया। संपूर्ण जनसभा का वातावरण विकास, उम्मीद और जनविश्वास के संदेश से ओतप्रोत रहा।

# दिल्ली पुलिस ने वांछित अपराधी को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से गिरफ्तार किया

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह अपराधी लंबे समय से फरार था और दिल्ली में उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच ने जानकारी दी कि अपराधी को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच की ओर से जारी गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि 33 वर्षीय घोषित अपराधी का नाम मोहम्मद करीम है, जो दिल्ली के उत्तम नगर का रहने वाला है। यह कई आपराधिक मामलों में कानूनी प्रक्रिया से बच रहा था। फिलहाल, उसकी गिरफ्तारी घोषित अपराधियों को पकड़ने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के लिए क्राइम ब्रांच के निरंतर प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। क्राइम ब्रांच के अनुसार, पिछले साल 29 अप्रैल को मोहम्मद करीम ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली के विकासपुरी पुलिस कॉलोनी निवासी जगदीप सिंह पर हमला किया था और उसकी स्कूटी लूटने की कोशिश की थी। जगदीप सिंह दूध खरीदने के लिए उत्तम नगर के हस्तसाल गांव गया था। इसी दौरान, करीम ने अपने साथियों से साथ धावा बोला। इस घटना को लेकर दिल्ली पुलिस ने 30 अप्रैल को मोहम्मद करीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से मोहम्मद करीम गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया। इस बीच, 19 सितंबर 2025 को अदालत ने वर्तमान मामले में उसे भगोड़ा घोषित किया। इसके अलावा, वह चार अन्य आपराधिक मामलों में वांछित है। क्राइम ब्रांच ने बताया कि यह अपराधी पुलिस को गुमराह करने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। उसे न्याय के कटघरे में लाने के लिए एक टीम गठित की गई। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को इनपुट मिले कि मोहम्मद करीम पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में छिपा हुआ है। इसके बाद, टीम उसे पकड़ने के लिए सिलीगुड़ी रवाना हुई। वहां स्थानीय स्रोतों के साथ समन्वय में गहन तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस सफल ऑपरेशन में क्राइम ब्रांच की टीम ने 27 अक्टूबर को अपराधी को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान अपराधी ने अपनी पहचान मोहम्मद करीम पुत्र मोहम्मद वाहिद निवासी हस्तसाल, उत्तम नगर, दिल्ली के रूप में बताई। उसकी पहचान उसके डोजियर और पिछले रिकॉर्ड के माध्यम से सत्यापित की गई। इसके बाद उसे धारा 41(1)(सी) सीआरपीसी (अब धारा 35(3)(डी) बीएनएसएस) के तहत औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया।

# करोल बाग में कार ने रॉन्ग साइड से आ रही स्कूटी में मारी टक्कर, दो घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के करोल बाग में मेट्रो पिलर संख्या 99 के पास कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है। पुलिस को पीसीआर कॉल के माध्यम से हादसे की सूचना मिली कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पहले घायल व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई, जो संभवतः रैपिडो चालक हैं। उसे क्रेटा कार चालक ने आरएमएल अस्पताल पहुंचाया और फिर फरार हो गया। घायल व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। दूसरे घायल की पहचान ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह शेखावत (23) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि स्कूटी सवार दो लोग गलत दिशा से आ रहे थे, तभी तेज रफ्तार क्रेटा कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। कार चालक की पहचान अंगद पुत्र मंदीप माकन के रूप में हुई है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कानून की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है। 27 अक्टूबर को दिल्ली के सुंदर नगरी स्थित गगन सिनेमा के पास डीटीसी बस और पुलिस वैन में टक्कर हो गई थी, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने बस चालक को गिरफ्तार कर लिया था। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन मंदिर की दीवार तोड़ते हुए परिसर में जा घुसी थी। हादसे के समय मंदिर में सो रहे दो युवक वैन की चपेट में आ गए थे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे में पुलिस वैन के चालक को भी चोटें आई थीं। पुलिस ने बस चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया था।

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव 2025: एबीवीपी और वामपंथी गठबंधन ने केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में आगामी छात्र संघ चुनाव 4 नवंबर को आयोजित होने जा रहे हैं। इस बार चुनाव में आरएसएस समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वामपंथी गठबंधन (आईसा, एसएफआई, डीएसएफ) मुख्य प्रतिस्पर्धी हैं। चुनाव समिति ने बुधवार को अंतिम नामांकन सूची जारी की। केंद्रीय समिति के चार सदस्यों के लिए— अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव— एबीवीपी ने क्रमशः विकास पटेल, तान्या कुमारी, राजेश्वर कांत दूबे और अनुज का नामांकन किया है। विकास पटेल तीसरे वर्ष के पीएचडी शोधकर्ता हैं, जबकि तान्या कुमारी समाजशास्त्र में पीएचडी कर रही हैं। दूबे और अनुज भी विश्वविद्यालय के शोधकर्ता हैं। वामपंथी गठबंधन ने राष्ट्रपति पद के लिए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के स्कूल की पीएचडी छात्रा अदिति मिश्रा को मैदान में उतारा है। उपाध्यक्ष के रूप में किझाकूट गोपिका बाबू, महासचिव पद के लिए सुनील यादव और संयुक्त सचिव पद के लिए दानिश अली उम्मीदवार हैं। चुनावी प्रक्रिया 24 अक्टूबर से शुरू हुई थी और 9,047 विद्यार्थी इस बार मतदान के लिए पात्र हैं। इस बार लगभग 30 प्रतिशत नामांकन महिलाओं के हैं, जो महिलाओं की सक्रिय भागीदारी दर्शाता है। वामपंथी गठबंधन ने पिछले साल के चुनावों में चौथे पदों में से तीन अपने नाम किए थे, जबकि एबीवीपी ने संयुक्त सचिव पद पर पहली बार सफलता प्राप्त की थी। इस बार दोनों पक्ष कड़ी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं, और विश्वविद्यालय में कैंपस में चुनाव प्रचार जोर-शोर से चल रहा है। छात्र संगठनों द्वारा हॉस्टल, शैक्षिक ब्लॉकों में डोर-टो-डोर अभियान, खुली चर्चाएं, पोस्टर कैंपेन और सार्वजनिक बहसें आयोजित की जा रही हैं। मुख्य चर्चा के विषयों में हॉस्टल की कमी, पुस्तकालय सुविधाएं, शोध के लिए धन, और कैंपस की सुरक्षा शामिल हैं। इस चुनाव में छात्र राजनीति की प्रमुख विचारधारात्मक टक्कर देखने को मिलेगी, जो जेएनयू के छात्र जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। परिणाम 6 नवंबर को घोषित होंगे। यह चुनाव जेएनयू के छात्र जीवन में सक्रियता और प्रतिनिधित्व की दिशा में महत्वपूर्ण माने जाते हैं, जहां छात्र शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर अपनी आवाज उठाते हैं।

# दिल्ली समेत कई राज्यों में साइबर धोखाधड़ी के आरोप में दो गिरफ्तार, बाबा किस्मतवाले टेलीग्राम चैनल बना रखा था

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े एक फर्जी व्हाट्सएप संदेश के जरिए 2 लाख रुपए की ठगी के मामले में दिल्ली पुलिस ने एक बड़े साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। दिल्ली के पश्चिम जिले के साइबर पुलिस स्टेशन पुलिस ने पश्चिम बंगाल से निवास कुमार मंडल समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी बाबा किस्मतवालेह्व नाम का टेलीग्राम चैनल चला रहा था और पूरे भारत में साइबर अपराधियों को नागरिकों का डेटा उपलब्ध करा रहा था। यह गिरोह पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में धोखाधड़ी कर रहा था और नागरिकों के व्यक्तिगत एवं बैंकिंग डाटा की चोरी कर उसे बेच रहा था। मुख्य आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के नारायणपुर निवासी निवास कुमार मंडल के रूप में हुई है। इसने बीटेक की पढ़ाई की थी। साइबर पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी कि दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े एक फर्जी व्हाट्सएप संदेश के जरिए 2 लाख रुपए ठग लिए गए। धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों ने एक एपीके फाइल भेजी, जिसके जरिए पीड़ित की बैंकिंग जानकारी चुराई गई और बाद में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के ड्राइवट्रैक प्लस कार्ड के माध्यम से 2 लाख रुपए की राशि निकाली गई। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए तकनीकी विश्लेषण से यह पाया कि साइबर अपराधी झारखंड के जामताड़ा से हैक किए गए व्हाट्सएप अकाउंट का उपयोग कर रहे थे। गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में छापे मारे और मुख्य आरोपी निवास कुमार मंडल को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 9 मोबाइल, 47,800 रुपए कैश, एटीएम कार्ड, मैकबुक और आईपैड सहित कई चीजें बरामद की गईं। इस गिरोह में एक और शख्स शामिल था, जो पीड़ितों को विश्वास में लेकर धोखाधड़ी वाले ऐप्स इंस्टॉल करने के लिए कहता था। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है। आरोपी से पूछताछ में कई खुलासे हुए है। सभी सदस्यों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पूछताछ में पता किया जा रहा है कि इन लोगों ने किस-किस से कितने की धोखाधड़ी की है।

# दिल्ली के द्वारका में भूमिगत जलस्तर में सुधार के कारण जमीन फिर से उठने लगी : अध्ययन

**नई दिल्ली।** वर्षों तक दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नीचे भूमिगत जल स्रोत सूखते चले गए, जिससे जमीन धीरे-धीरे धंसती चली गई। लेकिन अब उपग्रहों के आंकड़ों ने इस दिशा में एक दुर्लभ सकारात्मक बदलाव दिखाया है। द्वारका क्षेत्र की जमीन फिर से उठने लगी है, जो संकेत करता है कि यहाँ का लंबे समय से सूखा पड़ा भूजल धीरे-धीरे पुनः भरा जा रहा है। यह जानकारी हाल ही में प्रकाशित अध्ययन में दी गई है, जिसमें अक्टूबर 2014 से अक्टूबर 2023 तक के उपग्रह डेटा का विश्लेषण किया गया है। यह अध्ययन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), आईआईटी कानपुर, आईआईटी धनबाद और मियामी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने मिलकर किया है। अध्ययन के अनुसार, द्वारका में 2016 के मध्य से भूमि का धंसना बंद हो गया और इसके बाद जमीन 5 से 10 सेंटीमीटर तक उठ चुकी है, जिसका वार्षिक औसत उभार 2 सेंटीमीटर तक है। यह उभार लगभग 4 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में देखा गया है, जो करीब 988 एकड़ जमीन के बराबर है। वैज्ञानिकों ने बताया कि इस जमीन के उठने के पीछे भूमिगत जलस्रोतों की पुनः पूर्ति और पानी के दबाव में पुनरुद्धार का योगदान है। उन्होंने अनुमान लगाया कि द्वारका क्षेत्र में भूजल भंडारण में प्रतिवर्ष लगभग 0.002 से 0.007 क्यूबिक किलोमीटर की वृद्धि हुई है, जो लगभग 2 से 7 अरब लीटर पानी के बराबर है। यह पानी दिल्ली के एक पूरे पड़ोस की वार्षिक जल आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। आसपास के विभिन्न भूजल निगरानी कुओं ने भी पानी के स्तर में हर साल कुछ सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की है, जैसे विकासपुरी, जनकपुरी और डाबरी वेस्ट में। वहीं, छावला गांव, काकड़ोला और सागरपुर के कुओं में जल स्तर स्थिर रहा या थोड़ा गिरावट दिखाई दी है। अध्ययन के लेखक और वैज्ञानिकों ने कहा है कि दिल्ली के 2018 से 2021 के बीच भूजल स्तर में लगभग 1.5 मीटर की बढ़ोतरी हुई, जबकि इसी अवधि में वर्षा में कमी आई थी। यह इस बात का मजबूत सबूत है कि बेहतर प्रबंधन के कारण भूजल संसाधनों की स्थिति सुधरी है। यह सुधार दिल्ली सरकार की 2016 की भूजल नीति का परिणाम है, जिसमें नए बोरवेल की संख्या सीमित की गई, वर्षा जल संचयन को अनिवार्य किया गया और बड़े आवासीय परियोजनाओं में जल पुनर्भरण की व्यवस्था कराई गई। इन व्यवस्थाओं ने लंबे समय से उपयोग में घटाव ला कर भूजल स्तर को स्थिर करने में मदद की है। हालांकि, दिल्ली के बाहर गुड़गांव और फरीदाबाद में भूजल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गुड़गांव में जमीन की धंसावट धीमी हुई है, जबकि फरीदाबाद में यह तेज हुई है, जो वहां के अत्यधिक जल निष्कर्षण का परिणाम माना जा रहा है। इस अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि सतत उपग्रह निगरानी से जल पुनर्भरण में कमी वाले क्षेत्रों की पहचान की जा सकती है और भविष्य के संरक्षण प्रयासों को बेहतर बनाया जा सकता है।

# दिल्ली में 27 करोड़ की ड्रग्स बरामद पूर्व कस्टम अधिकारी निकला अंतरराष्ट्रीय गिरोह का सरगना

● उसके पास से 21.512 किलो हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद हुई है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 27.24 करोड़ है। पुलिस ने आरोपी से 44.42 लाख नकद, एक महंगी एसयूवी और एक स्कूटी भी जब्त की है

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पूर्व कस्टम अधिकारी रोहित शर्मा को 27.24 करोड़ की हाइड्रोपोनिक मारिजुआना के साथ गिरफ्तार किया। रोहित, जो पहले सोने की तस्करी में शामिल था, दुबई से ड्रग नेटवर्क चला रहा था। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक सनसनीखेज खुलासे में अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल का पदार्फाश किया है। इस गिरोह का सरगना कोई आम अपराधी नहीं, बल्कि पूर्व कस्टम अधिकारी रोहित कुमार शर्मा उर्फ रोबिट निकला है। उसके पास से 21.512 किलो हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद हुई है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 27.24 करोड़ है। पुलिस ने आरोपी से 44.42 लाख नकद, एक महंगी एसयूवी और एक स्कूटी भी जब्त की है। दिल्ली पुलिस की टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि जनक सिनेमा के पास थाईलैंड से आई हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप पहुंचने वाली है। दिल्ली पुलिस ने टीम निगरानी में जाल बिछाया और आरोपी रोहित शर्मा को रंगे हाथ पकड़ा। दिल्ली पुलिस के मुताबिक रोहित शर्मा जो कभी केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड में इंस्पेक्टर था। आरोपी 2019 में कन्नूर एयरपोर्ट पर 3 किलो सोना तस्करी के केस में पकड़ा गया था। बाद में एनडीपीएस केस में भी उसका नाम आया और 2023 में विभाग से बर्खास्त कर दिया गया। बर्खास्तगी के बाद रोहित दुबई चला गया, जहां उसने बिहार निवासी अभिषेक के साथ मिलकर थाईलैंड-भारत-दुबई कनेक्शन वाला एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क खड़ा किया। गिरोह ने हवाई मार्ग से नशे की खेप भारत लाने के लिए गुवाहाटी जैसे कम जांच वाले एयरपोर्ट चुने। कस्टम विभाग के अंदरूनी संपर्कों की मदद से ड्रग म्यूल्स कैरीयर को बिना जांच के क्लियर कराया जाता था। थाईलैंड से भेजे गए ड्रग्स को खाने-पीने के पैकेट में छिपाया जाता था। दिल्ली पहुंचने के बाद ये खेप हाई-प्रोफाइल पार्टियों, विदेशी छात्रों और संपन्न ग्राहकों तक पहुंचाई जाती थी। कमाई को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर दुबई भेजा जाता था ताकि पैसों का ट्रैक न लगे।

## जहांगीरपुरी में 15 वर्षीय युवक पर चाकू हमला, तीन नाबालिगों समेत चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी में 15 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में तीन नाबालिगों सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस वारदात का संबंध पहले हुई झगड़े से बदला लेने का है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, हमलावरों में 21 वर्षीय गौतम नामक वयस्क शामिल है, जो जहांगीरपुरी का निवासी है। घटना की शाम 25 अक्टूबर को हुई। यह घटना तब हुई जब 15 वर्षीय पीड़ित, जो चोरी मामले में जमानत पर था, लगभग एक माह पूर्व जेल से रिहा हुआ था। जेल में रहते समय उसने नाबालिग आरोपियों में से एक के साथ एक छोटी तकरार की थी। रिहाई के बाद पीड़ित ने एक आरोपी पर हमला करने का प्रयास किया।

## समाचार

# ठंड की दस्तक, एक्यूआई का खराब स्तर और प्रदूषण की चिंता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ठंड ने दस्तक दे दी है, तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। हवा की गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ, पर एक्यूआई अभी खराब है। 1 नवंबर तक बहुत खराब होने का अनुमान है। आइए जानते हैं कि दिल्ली-एनसीआर में आज मौसम कैसा रहेगा। दिल्ली में मौसम के बदले मिजाज से ठंड दस्तक दे चुकी है। हर दिन तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है, जिसके चलते लोग एहतियाती कदम उठा रहे हैं। रात ही नहीं दिन का भी तापमान गिरा है। मौसम विभाग का कहना है कि गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में हल्की बूंदाबादी हो सकती है। राजधानी के लिए राहत की खबर ये है कि हवा की गुणवत्ता में बुधवार सुबह थोड़ा सुधार हुआ। हालांकि, एक्यूआई 279 यानी खराब श्रेणी में ही दर्ज किया गया। सीपीसीबी (केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) के मुताबिक, बुधवार को एक्यूआई 279 रहा। जबकि एक दिन पहले ये 294 था। इससे पहले सोमवार को एक्यूआई 301 था, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। राजधानी के 38 निगरानी केंद्रों में से 19 में एक्यूआई का स्तर 300 से ऊपर बेहद खराबश्रेणी में दर्ज किया गया। अनुमान है कि शहर की हवा की गुणवत्ता 31 अक्टूबर तक खराब श्रेणी में रहेगी। इसके बाद भी इसमें सुधार होता नहीं दिख रहा है। 1 नवंबर को दिल्ली की हवा की गुणवत्ता बहुत खराब स्तर तक जा सकती है। आईएमडी का पूवार्नुमान है कि गुरुवार को दिल्ली में हल्का कोहरा छाया रह सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। बता दें कि पिछले कई दिनों से राजधानी की हवा बेहद खराब बनी हुई है। स्मॉग, धुंध और जहरीले कणों की वजह से लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। ऐसे में प्रदूषण कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग से कृत्रिम बारिश कराने की योजना बनाई गई थी। क्लाउड सीडिंग कराई भी गई, जिसके बाद बारिश की उम्मीद जताई गई थी लेकिन बारिश नहीं हुई।

# आंखों में जलन-सांसों में घुटन दिल्ली की हवा में जहर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार गंभीर बना हुआ है। विवेक विहार और आनंद विहार जैसे कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। ओवरऑल एक्यूआई 347 दर्ज किया गया है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण कम होने के नाम नहीं ले रहा है। ज्यादातर इलाके बीते कई दिनों से रेड जोन में बने हुए है। प्रदूषण की स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि इसे साफतौर पर आसानी से देखा जा सकता है। सरकार अपने स्तर पर निरंतर प्रयास कर रही है। बावजूद इसके कोई बड़ा सुधार होता नजर नहीं आ रही है। गुरुवार सुबह 6 बजे दिल्ली के विवेक विहार और आनंद विहार का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) पार दर्ज किया गया है, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। दिल्ली का ओवरऑल एक्यूआई 347 रिकॉर्ड किया गया है, जो कि प्रदूषण की बहुत खराब श्रेणी में आता है। इसके अलावा, करीब 32 इलाकों में भी एक्यूआई 300 से 400 के बीच दर्ज किया गया है। बढ़ते एक्यूआई का असर अब लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है। गले में खराश, सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसे समस्याएं इन दिनों आम हो गई हैं। लोगों ने एहतियातन के तौर मास्क लगाना और बेवजह घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है।

# रेन बसेरों में भ्रष्टाचार का आरोप हाईकोर्ट ने दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को नाइट शेल्टरों में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर जांच करने का निर्देश दिया है। याचिका में एनजीओ पर फर्जी कर्मचारी दिखाकर सरकारी धन में गड़बड़ी का आरोप है दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को राजधानी के रेन बसेरों के संचालन और प्रबंधन में कथित बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार मिलीभगत की शिकायतों पर जांच शुरू करने पर विचार करने को कहा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने मामले को गंभीर बताया है। दिल्ली हाई कोर्ट में दिल्ली शेल्टर होम वर्कर्स यूनियन द्वारा दाखिल जनहित याचिका दाखिल की गई है। कोर्ट में दाखिल अर्जी में यूनियन का आरोप है कि दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड के तहत काम कर रहे कॉन्ट्रैक्ट एनजीओ घोस्ट एम्प्लॉयीज दिखाकर, फर्जी उपस्थिति दर्ज कर और सरकारी फंड में गड़बड़ी कर रहे हैं। यूनियन का कहना है कि इन एनजीओ की मिलीभगत कुछ अधिकारियों से है, और बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो डीयूएसआइबी ने और न ही उपराज्यपाल या एंटी करप्शन ब्रांच ने कोई कार्रवाई की। दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल याचिका में कोर्ट से मांग की गई है कि इस पूरे मामले की स्वतंत्र और कोर्ट की निगरानी में जांच हो 2018 से अब तक के सभी रिकॉर्ड और वेतन भुगतान का डेटा पेश किया जाए साथ ही सीएजी से वित्तीय ऑडिट कराया जाए। यूनियन ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू करने दोषी एनजीओ को ब्लैकलिस्ट करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग भी की है।

# दिल्ली में महंगी हो गई पार्किंग अब वसूला जाएगा दोगुना चार्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और गैप -2 की पाबंदियों को देखते हुए एनडीएमसी ने पार्किंग फीस दोगुना करने का फैसला लिया है। इस फैसले के बाद दिल्ली वासियों की परेशानियां बढ़ सकती हैं। दिल्ली के लोगों को अब एनडीएमसी में पार्किंग के लिए ज्यादा भुगतान करना होगा। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और गैप-2 की पाबंदियों को देखते हुए एनडीएमसी ने पार्किंग फीस दोगुना करने का फैसला लिया है। यह फैसला 29 अक्टूबर से ही लागू कर दिया गया है। इस फैसले के बाद दिल्ली वासियों की परेशानी बढ़ सकती है। दिल्ली के लोगों को अब एनडीएमसी में पार्किंग के लिए ज्यादा भुगतान करना होगा। एनडीएमसी का दावा है कि इस कदम के पीछे सड़कों पर निजी वाहनों की संख्या कम करना है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिले। सरकार सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने जैसे अन्य उपाय भी कर रही है। बता दें कि जब तक ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (गैप) का चरण-2 हटाया नहीं जाता, तब तक पार्किंग के नए रेट लागू रहेंगे। ये भी बता दें कि एनडीएमसी के पास दिल्ली में 128 पार्किंग साइट कनाट प्लेस समेत अलग- अलग जगहों पर हैं, जहां प्रतिदिन हजारों गाड़ियां खड़ी होती हैं। अब फीस बढ़ने के बाद पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने वाले लोगों को दोगुना चार्ज देना पड़ेगा।

## जामिया मिलिया इस्लामिया के 105वें स्थापना दिवस पर बोले मंत्री किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने उर्दू को दुनिया की सबसे खूबसूरत भाषा बताया और कहा कि देश की प्रगति और एकता के लिए हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सद्भाव जरूरी है। ये बात उन्होंने जामिया मिलिया इस्लामिया के 105वें स्थापना दिवस समारोह में कही। ये कहना है अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू का। उन्होंने देश की एकता और प्रगति के लिए हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सद्भाव को जरूरी बताया। बुधवार को रिजिजू ने दिल्ली में जामिया मिलिया इस्लामिया के 105वें स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने समारोह को संबोधित कर एकता और अखंडता पर जोर दिया। 105वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उर्दू को दुनिया की सबसे खूबसूरत भाषा बताया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति और एकता के लिए हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सद्भाव जरूरी है। इस दौरान उन्होंने भारत की संस्कृति और लोकतांत्रिक भावना को प्रतिबिंबित करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रशंसा की।

# गुरुग्रामः कहासुनी में क्लर्क की हत्या कर फरार हुआ आरोपी काबू

- मुंह व सिर पर बैसाखी से चोटें मारकर की थी हत्या
- आरोपी के कब्जा से मृतक का मोबाइल भी बरामद

**गुरुग्राम।** स्थानीय पुलिस ने 38 वर्षीय व्यक्ति की चोटें मारकर हत्या करके वाले आरोपी को गिरफ्तार करके ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा दी है। हत्या के आरोपी ने राह चलते 38 वर्षीय क्लर्क को आपसी कहासुनी में बैसाखी से मुंह व सिर पर चोटें मारकर हत्या की थी। हत्या के बाद आरोपी उसका मोबाइल लेकर भाग गया था। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने गुरुवार को बताया कि मृतक का मोबाइल भी आरोपी के पास से बरामद किया गया है। 22 अक्टूबर 2025 को पुलिस थाना आईएमटी मानेसर सेक्टर-7 की पुलिस टीम को आउटर रोड सेक्टर-7 आईएमटी मानेसर में एक व्यक्ति का शव खून से लथपथ पड़े होने की सूचना मिली थी। इस सूचना पाकर पुलिस टीम सूचना में बताए गए स्थान पर पहुंची। वहां पर एक व्यक्ति का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। पुलिस टीम द्वारा पुलिस की एफ.एस.एल., डॉग स्क्वायड व सीन-ऑफ-क्राइम की टीमों को बुलाकर घटनास्थल व शव का निरीक्षण करवाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया। मोर्चरी में मृतक व्यक्ति के पिता ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कहा कि उसका लडका कुमार गौरव सिंह (38 वर्ष) निवासी गांव नगला मधुकर, जिला हाथरस (उत्तर-प्रदेश) वर्तमान में गांव कांकरौला स्थित गुजरात एनसीआर ट्रांसपोर्ट कंपनी में क्लर्क की नौकरी करता था। 23 अक्टूबर को कम्पनी के अकाउंटेंट ने फोन करके बताया कि गौरव 21/22 अक्टूबर की रात को खाना खाने आउटर रोड सेक्टर-7 गया था। वहां अज्ञात लोगों द्वारा चोट मारकर उसकी हत्या कर दी।

**पिता ने मोर्चरी पहुंचकर की मृतक बेटे की पहचान**

पिता ने 24 अक्टूबर को मोर्चरी पहुंचकर अपने बेटे की पहचान की। उसके सिर पर मुंह पर चोटें लगी थी। मृतक के पीड़ित पिता ने शिकायत देकर हत्या के आरोपियों को पकड़ने की मांग की। अपराध शाखा मानेसर, गुरुग्राम व पुलिस थाना आईएमटी मानेसर सेक्टर-7 की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए हत्या के एक आरोपी को काबू किया। पुलिस ने उसे कांकरौला-भांगरौला रोड पर कट के पास से काबू किया। आरोपी की पहचान अजय उर्फ भुवानी (उम्र-34 वर्ष, शिक्षा-12वीं) निवासी गांव भरवाड़ा, जिला महोबा (उत्तर-प्रदेश) के रूप में हुई। आरोपी से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि वह गुरुग्राम में दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। 21/22 अक्टूबर को जब वह काम करके आउटर रोड सेक्टर-7 आईएमटी मानेसर से जा रहा था तो रोड के पास कुमार गौरव बैठा हुआ था। गौरव ने उसे कहा कि इतनी रात को कहां से आ रहे हो। इस बात पर उनकी आपस में कहासुनी हो गई। आरोपी अजय ने आगे बताया कि उसने अपने हाथ में ले रखी बैसाखी कुमार गौरव के सिर पर मारी। उसके जेब से मोबाईल फोन व पर्स लेकर भाग गया।

# गुरुग्राम में चलती बस बनी आग का गोला

**गुरुग्राम।** यहां एक चलती बस आग का गोला बन गई। एक कंपनी के स्टाफ को लेकर जा रही बस में भीषण आग लग गई। गोल्फ कोर्स रोड पर हुई इस घटना के दौरान लंबा जाम भी लग गया। गुरुवार को लगी इस आग को लेकर दमकल विभाग से फायर अधिकारी जय नारायण ने बताया कि बस में लगी आग आधे घंटे में बुझा दी गई थी। जानकारी के अनुसार सेक्टर 59 में एक प्राइवेट कंपनी के स्टाफ को जाने वाली बस को लेकर ड्राइवर पार्किंग से बाहर निकला था। इसी दौरान बस में अचानक आग लग गई। आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। ड्राइवर व कंडक्टर ने कूदकर जान बचाई। यह बस बहादुरगढ़ के नितिन राठी के नाम से पंजीकृत है। ड्राइवर ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सेक्टर-29 फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझानी शुरू की। आग जब तक पूरी तरह से बुझी, तब तक बस पूरी तरह से जल चुकी थी। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से बस में आग लगी थी। लोगों ने बताया कि बस के इंजन से धुआं निकलना शुरू हुआ था। इसी बीच आग की लपटें निकलने लगीं। ड्राइवर ने बस एक तरफ रोकी, इस बीच आग और ज्यादा भडक गई। कंडक्टर व ड्राइवर ने बस से कूदकर जान बचाई। दमकल विभाग की ओर से प्राथमिक तौर पर यह जानकारी दी गई है कि बस में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है। बताया जा रहा है कि बस पुरानी है। उसकी तारों में भी खराबी हो सकती है, इसलिए आग लगी।

# राजकीय स्कूलों में अब हफ्ते में एक दिन मिलेगी इंस्टेंट खीर

**गुरुग्राम।** हरियाणा शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी स्कूलों में बच्चों के पोषण स्तर को और बेहतर बनाने के लिए नया निर्णय लिया है। अब मिड डे मील योजना के तहत कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों को सप्ताह में एक दिन इंस्टेंट खीर और एक दिन फोर्टिफाइड रोटी दी जाएंगी। इस संबंध में निदेशक, मौलिक शिक्षा हरियाणा की ओर से सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि बच्चों को खीर और फोर्टिफाइड रोटी के साथ-साथ आयरन फोलिक एसिड टैबलेट्स भी दी जाएंगी ताकि बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके। गौरतलब कि राज्य सरकार पहले ही एक सितंबर से 90 दिनों के लिए फोर्टिफाइड रोटी वितरण की व्यवस्था शुरू कर चुकी है। अब यह कार्यक्रम और सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि बच्चों को संतुलित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो सके। इस नए निर्देश से स्कूलों में बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार होगा और विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# हरियाणा ओलंपिक खेलों के लिए तैयारी में जुटे पहलवान

**गुरुग्राम।** दो नवंबर से शुरू हो रहे हरियाणा ओलंपिक खेलों को लेकर जिले के खिलाड़ी अपनी अंतिम तैयारियों में जुट गए हैं। खासतौर पर कुश्ती प्रतियोगिता के पहलवान रोजाना कड़ी मेहनत कर अपनी फिटनेस और तकनीक सुधार रहे हैं। कुश्ती प्रशिक्षक नरेंद्र ने बताया कि इस बार खिलाड़ियों का जोश और समर्पण देखने लायक है। हमारी कोशिश है कि पहलवान हर मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे। रोजाना अभ्यास सत्र सुबह और शाम को किया जाता है। खिलाड़ी अपनी ताकत और तकनीक दोनों पर काम कर रहे हैं। वह उन्हें पूरी तरह से तैयार देखकर बहुत खुश हैं। कुश्ती खिलाड़ियों का मानना है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अपने जिले का नाम रोशन करना उनका मुख्य लक्ष्य है। कोच के मार्गदर्शन में वे नए गुर सीख रहे हैं और मानसिक रूप से भी खेल के लिए पूरी तरह तैयार हो रहे हैं। हरियाणा राज्य खेलों में कुश्ती के साथ कई अन्य खेलों की भी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जो खेल प्रेमियों के लिए उत्साह का कारण हैं। जिले की युवा प्रतिभाएं इस मंच का भरपूर लाभ उठाकर अपनी काबिलियत दिखाने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

# बालक और बालिका दोनों वर्गों ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**गुरुग्राम।** इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय (डीजीसी) के बालक और बालिका वर्ग दोनों में शानदार प्रदर्शन किया। डीजीसी ने लगातार सातवें वर्ष यह खिताब अपने नाम किया है। सिधरावली में हुई इस प्रतियोगिता में डीजीसी की टीमों ने अपना दबदबा कायम रखा। बालक वर्ग के सेमीफाइनल में डीजीसी ने सिधरावली महाविद्यालय को 42-17 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में डीजीसी ने सूरज महाविद्यालय को 39-18 से पराजित कर खिताब जीता। टीम की कप्तानी लोकेश और उप कप्तानी प्रदीप ने की, जबकि प्रिंस, विक्की, सचिन, सुमित, तमन, पंकज, हैप्पी, चिराग, हेमंत, सुंदर, अंकित सैनी जैसे खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया। बालिका वर्ग में भी डीजीसी की टीम ने सूरज महाविद्यालय को फाइनल में 28-10 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। कप्तान हिमांशी और उपकप्तान रितिका के नेतृत्व में संध्या, मुस्कान, गायत्री, आशिका, रिया, सपना और अन्य खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की खेल विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनील डबास, कविता सहरावत, राकेश कुमार और प्रिंसिपल डॉ. पुष्पा अंतिल ने खिलाड़ियों और खेल विभाग को जीत पर बधाई दी। डॉ. पुष्पा ने कहा कि विश्वविद्यालय के खेलों में भी द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय के खिलाड़ी सबसे आगे हैं और इस सफलता पर महाविद्यालय गर्व महसूस करता है। यह जीत द्रोणाचार्य महाविद्यालय की खेल प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है, जो आज भी हर मुकाबले में दमखम दिखा रही है।

# बी-फास्ट तकनीक से स्ट्रोक की पहचान के तरीके बताए

**गुरुग्राम।** विश्व स्ट्रोक दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिक अस्पताल में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन और सिविल सर्जन डॉ. अलका सिंह के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य स्ट्रोक के लक्षणों, पहचान और समय पर उपचार के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में बी-फास्ट तकनीक के माध्यम से स्ट्रोक की पहचान के आसान तरीके बताए गए। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. प्रिया शर्मा ने स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। फिजिशियन डॉ. काजल कुमुद ने बताया कि स्ट्रोक विश्वभर में विकलांगता का प्रमुख कारण है और भारत में हर एक लाख लोगों पर औसतन 145 मामले सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 90 प्रतिशत स्ट्रोक से बचाव संभव है यदि लोग उच्च रक्तचाप, धूम्रपान और मधुमेह जैसे जोखिम कारकों को नियंत्रित करें। कार्यक्रम में ब्लड प्रेशर स्क्रीनिंग, योग सत्र और आहार संबंधी परामर्श भी दिया गया। एनसीडी टीम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्कूलों में नई एसएमसी के गठन की प्रक्रिया शुरू

**गुरुग्राम।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य के सभी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-27 के लिए स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के पुनर्गठन के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, अब राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में नई एसएमसी का गठन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। इस संबंध में परिषद ने 7 मई 2025 को जारी अपने पूर्व आदेश को संशोधित करते हुए यह निर्णय लिया है कि एसएमसी का कार्यकाल अब 2025-27 तक रहेगा। नए आदेश के तहत, पुरानी समितियों की अवधि समाप्त कर दी गई है और नई समितियां निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बनाई जाएंगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक विद्यालय में एसएमसी का गठन विद्यालय के विकास, निगरानी, पारदर्शिता और बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जाता है।

# हरियाणा दिवस व रन फॉर यूनिटी को बनाना है यादगार : सर्वप्रिय त्यागी

- हरियाणा दिवस की तैयारियों के निमित भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली कार्यकताओं की बैठक
- भाजपा जिला कार्यालय गुरुकमल में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगें

**गुरुग्राम।** भाजपा जिला कार्यालय गुरुकमल में भाजपा जिला पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों की गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकताओं को निर्देश दिए।

31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के निमित्त जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी में भाजपा कार्यकताओं की जिम्मेदारी तय की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं सभी मोर्चा अध्यक्षों को ज्यादा से ज्यादा संख्या लेकर सुबह छह बजे तक ताऊ देवीलाल स्टेडियम में पंहुचना है। रन फॉर यूनिटी दौड़ कार्यक्रम को सफल बनाने की हम सभी की जिम्मेदारी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने आगामी एक नवंबर को हरियाणा दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय गुरुकमल में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों के विषय में भाजपा कार्यकताओं से विस्तृत चर्चा की। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा दिवस का सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगारंग एवं भव्य हो इसकी रचना योजना बनाने में आप सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने सुझाव हमें दें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमें इस कार्यक्रम में हरियाणा की अभी तक कि विकास यात्रा, हरियाणवीं कल्चर, डांस खान-पान, और आपसी तालमेल का अनुपम रूप देखने को मिलेगा, हमें कल तक सभी तैयारियां पूरी करनी है। इसलिए सभी कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से तैयारियों में जुट जाएं। भाजपा संगठनात्मक विषय पर चर्चा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने गुरग्राम जिले के सभी 17 मंडल अध्यक्षों से कहा कि संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रमुखों का सत्यापन जल्द पूरा कर लिया जाएं और उनकी सूची अतिशीघ्र जिला कार्यालय में जमा करा दी जाए। बैठक के दौरान जिला कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट सिद्धार्थ सिद्धू के आकस्मिक निधन पर जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी एवं सभी भाजपा पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में जिला महामंत्री मनीष सैदपुर, जिला उपाध्यक्ष हितेश भारद्वाज, कुलदीप यादव, पूनम भटनागर, अलीशा तोमर, मीडिया प्रभारी हितेश चौधरी, जिला सचिव निधि मल्होत्रा, सचिन देवतवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनिया यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप गुर्जर, जिला कार्यालय सचिव यादराम जोया एवं सह मीडिया प्रभारी राजन चौहान उपस्थित रहे।

# उद्योग विहार में बनेगी मल्टीलेवल पार्किंग

**गुरुग्राम।** पार्किंग की समस्या से जूझ रहे शहर के पुराने औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विहार को आने वाले दिनों में राहत मिलने वाली है। हरियाणा राज्य औद्योगिक संरचनात्मक विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) ने मल्टीलेवल पार्किंग का प्रस्ताव तैयार कर इसे राज्य सरकार के पास अनुमति के लिए भेजा है। अनुमति के बाद करीब दो साल इसको तैयार होने में लगेंगे। करीब 600 गाड़ियों इसमें पार्क की जा सकेगी।

एचएसआईआईडीसी से डीजीएम अरुण कुमार गर्ग ने बताया कि उद्योग विहार फेज चार में करीब डेढ़ एकड़ जमीन में पार्किंग बनाए जाने का प्रस्ताव है। इसमें जमीन के नीचे तीन और पांच मंजिलें होंगी। उद्योग विहार के एक से पांच फेज तक पूरी तरह पार्किंग की समस्या का हल तो इससे नहीं होगा मगर राहत जरूर मिलेगी। उद्योग विहार पुराना इलाका है और यहां जब इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ तब पार्किंग जैसा मुद्दा नहीं था। पहले जो पार्किंग की जगह तय थी, उसे एचएसआईआईडीसी ने किसी कंपनी को बेच दिया था। उद्यमी हमेशा से इस इलाके में पार्किंग का मुद्दा उठाते रहे हैं।

**पहले भी थी योजना मगर सिरे नहीं चढ़ी**

उद्योग विहार चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अशोक कोहली ने बताया कि यह अच्छी खबर है कि पार्किंग बनेगी। मगर अभी भी एचएसआईआईडीसी कुछ इलाके को पार्किंग की तरह इस्तेमाल कर रही है मगर वहां से वे पार्किंग शुल्क लेते हैं। एचएसआईआईडीसी को यह राशि इलाके के विकास में खर्च करना चाहिए या पार्किंग फ्री होनी चाहिए। उद्योग विहार का इलाका उद्यमियों का है, क्योंकि इसके विकास के लिए राशि उद्यमियों ने दी है। यह उन्हें मिलना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने करीब 20 साल पहले यहां पार्किंग की जगह की घोषणा थी, जिसे बाद में किसी कंपनी को बेच दिया गया। उद्योग विहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संस्थापक एपी जैन ने कहा कि उद्योग विहार फेज पांच में 12.76 एकड़ जमीन पार्किंग के लिए तय की गई थी। उद्यमियों ने इसके लिए पैसे दिए थे। बाद में इसे करीब 1500 करोड़ रुपये में बेच दिया गया। पार्किंग नहीं होने के कारण लोगों की गाड़ियां उठाई जाती हैं और उनपर चालान होता है।

# गांव हरियाहेड़ा में रात्रि ठहराव के दौरान सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**गुरुग्राम।** जिला प्रशासन की ओर से रात्रि ठहराव के दौरान हरियाहेड़ा में नशे को लेकर जागरूक करने व विकास कार्यों पर चर्चा हुई। गांवों की धरातल पर जनता से सीधे जुड़ने और उनकी समस्याएं मौके पर ही सुलझाने के लिए यह कार्यक्रम किया जाता है। इसके चलते उपायुक्त अजय कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को सोहना उपमंडल के गांव हरियाहेड़ा में ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याएं सुनीं। राजकीय विद्यालय के प्रांगण में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान सीपी विकास कुमार अरोड़ा व डीसीपी साउथ हितेश यादव सहित एसडीएम सोहना अखिलेश यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बिजली, सड़क, जल निकासी, ट्रांसफार्मर, प्रॉपर्टी आईडी और अतिक्रमण जैसी स्थानीय समस्याएं साझा कीं, जिनमें से कई का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। डीसी ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों से मोबाइल की बजाय किताबों पर ध्यान केंद्रित करने, सही मार्ग चुनकर लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर मेहनत करने, और शिक्षा में एकाग्रता बनाए रखने की सलाह दी। डीसी ने बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गांव-गांव में जीवंत बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सीपी विकास कुमार अरोड़ा ने कहा कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों के लिए अभिशाप है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर निगरानी रखने और उन्हें खेलकूद की ओर प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि आपात स्थिति में तुरंत मदद के लिए 112 एप का उपयोग करें, साइबर ठगी की शिकायत के लिए 1930 टोल-फ्री नंबर पर संपर्क करें और जन शिकायतों के ऑनलाइन निपटारे के लिए मानस पोर्टल (1933) का उपयोग करें।

इस अवसर पर डीडीपीओ नवनीत कौर, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया, पंचायती राज से कार्यकारी अभियंता अजय शर्मा, बीडीपीओ साकेत मित्तल, स्कूल की प्रिंसिपल सुमन दहिया, हरियाहेड़ा की सरपंच प्रियंका बिधूड़ी सहित आसपास के गांवों से आए अन्य सरपंच तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 120 बहादुर फिल्म पर कार्रवाई के लिए केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम से अहीर रेजिमेंट धरना समिति के प्रमुख सदस्यों एक गत देर रात्रि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से उनके दिल्ली निवास स्थान पर मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य फिल्म 120 बहादुर के विरोध में मंत्री के साथ बैठक और ज्ञापन सौंपना था। अहीर समाज का आरोप है कि इस फिल्म में उनके समाज को नीचा दिखाने का प्रयास किया गया है। समिति के सदस्य अरुण यादव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से लेंगे। मंत्री ने समिति को यह भी भरोसा दिलाया है कि वे इस संबंध में सेंसर बोर्ड के मंत्री से विशेष चर्चा करेंगे। ज्ञात हो कि 26 अक्तूबर को अहीर समाज ने इस फिल्म के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध किया था। समाज के लोगों ने गुरुग्राम से दिल्ली सरहौल बॉर्डर तक पैदल मार्च निकाला था। इस प्रदर्शन का उद्देश्य फिल्म के आपत्तिजनक पहलुओं पर ध्यान आकर्षित करना था। अहीर समाज के सदस्यों का कहना है कि उनका संघर्ष जारी रहेगा जब तक कि उनकी मांगों को सुना नहीं जाता और फिल्म पर उचित कार्रवाई नहीं की जाती। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए उन्होंने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। समाज की विशेष मांग है कि इस तरह की फिल्में जो समाज की छवि को धूमिल करती हैं, उन्हें तुरंत रोका जाए। इस सिलसिले में अगली कार्रवाई का फैसला समिति की आगामी बैठक में लिया जाएगा। इस मौके पर अरुण यादव खेड़की दौला संयोजक, बलबीर मास्टर मानेसर, सतीश पार्षद नवादा, रविन्द्र फौजी पार्षद खो, कालू यादव वजीराबाद, महेंद्र सिंह पटवारी कुफरपुर, राजेश बंटी नारनौल सहित विभिन्न लोग मौजूद रहे।

# बेटे के ठहरने पर होटल द्वारा लिए गए अतिरिक्त रुपये मुआवजे के साथ लौटाने होंगे रुपये

**गुरुग्राम।** पैकेज में होने के बाद भी होटल संचालक द्वारा दंपती के बेटे के ठहराने के लिए अतिरिक्त रुपये लिए गए। अब वह राशि मुआवजे के साथ वापस करनी होगी। यह आदेश जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की सदस्य खुशविंदर कौर ने दिया है। सेक्टर-27 निवासी दीपक गहलावत ने आयोग में दायर की याचिका में बताया कि उन्होंने गोइबिबो से मनाली का पैकेज लिया था। जब वह पत्नी और 12 वर्षीय बेटे के साथ तीन अक्तूबर 2021 को मनाली में हो स्पैन रिजॉर्ट एंड स्पा होटल में पहुंचे तो होटल संचालक ने उनसे बेटे के ठहरने के लिए अगल से सात हजार 289 रुपये मांगे। उनका कहना था कि पैकेज लेने के दौरान ही उन्होंने बेटे के ठहरने के लिए भी रुपये दिए थे। आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद माना कि शिकायतकर्ता ने तीन से पांच अक्तूबर के लिए पैकेज लिया था। इसके लिए उन्होंने 36,486 रुपये भी दिए थे। बुकिंग दो वयस्क और एक बच्चे के लिए की गई थी। बुकिंग होने के बाद शिकायतकर्ता से बेटे के लिए अतिरिक्त रुपये लिए गए। इस पर गोइबिबो कंपनी और होटल संचालक मिलकर नौ प्रतिशत की दर से सात हजार 289 वापस करें। होटल संचालक द्वारा लेने वाले दिन से ब्याज देना होगा।

## समाचार

# गढ़ोली खुर्द में धूमधाम से मनाई गई गोपाष्टमी

**गुरुग्राम।** माधव गौ सेवा धाम, गढ़ोली खुर्द में गोपाष्टमी उत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत गो रक्षक हवन से हुई, जिसके बाद श्री पूर्णेंदु जी महाराज ने प्रवचन दिया और जियो गीता टीम ने गीता पाठ किया। श्रद्धालुओं ने गो सेवा के लिए हरा चारा, फल व गुड़ अर्पित किए। संचालक सतीश तायल ने बताया कि पिछले चार वर्षों से यहां गोपाष्टमी का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। कैनविन फाउंडेशन के डॉ. डी.पी. गोयल और नवीन गोयल ने गो सेवा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और नई आधुनिक गोशाला के निर्माण की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गो भक्तों की उपस्थिति रही।

## शतरंज खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**गुरुग्राम।** विश्व के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों में शामिल आदित्य मित्तल ने फाउंडेशन चेस अकादमी में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अकादमी के 16 छात्रों के साथ शतरंज खेला। यह आयोजन छात्रों के लिए न केवल रोमांचक अनुभव रहा, बल्कि प्रेरणा का एक अद्भुत स्रोत भी बना। उन्होंने अपनी अद्वितीय रणनीति और खेल की गहरी समझ से विश्व शतरंज मंच पर भारत का नाम ऊंचा किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से बात करते हुए कहा कि शतरंज सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि सोचने और धैर्य रखने की कला है। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## एकल-उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध के बारे में बताया

**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) ने बृहस्पतिवार को स्कूल ऑफ लॉ के सहयोग से बेहलपा गांव में एकल-उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध के बारे में एक विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। डीएलएसए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव राकेश कादियान ने बताया कि शिविर में विधिक सहायता टीम के सदस्य डॉ. दीपक मिगलानी, अनुप्रिया चौधरी (संकाय सदस्य) और पैनल अधिवक्ता सनी ने भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 और अन्य पर्यावरण संरक्षण कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। टीम ने बताया कि एकल-उपयोग प्लास्टिक का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि इसके लिए कानूनी दंड का भी प्रावधान है। टीम ने गांव की गलियों में जाकर घर-घर और दुकानों पर लोगों से मुलाकात की और उन्हें प्लास्टिक बैग, कप, स्ट्रॉ आदि के प्रयोग से बचने और कपड़े या अन्य पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** डीयूके अनुभाग की स्काडा प्रणाली का चार वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। |
| 2 | **अनुमानित लागत :** रु. 74,26,839.36/- |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 1,48,500/- |
| 4 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 07.11.2025 (10.30 बजे) से 21.11.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5 | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 21.11.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | **निविदा छपाई की लागत :** 07041032 |
| 7 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in** |

**सं.: 31-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक: 27.10.2025** **3372/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं**

- कुल ग्यारह (11) स्टॉलः, दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, मेरठ सिटी, कुरूक्षेत्र, पानीपत, सब्जी मंडी, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ कैंट और गुड़गांव रेलवे स्टेशन।
- कुल इकतालीस (41) ट्रॉलीः बादली, बागपत रोड, बल्लभगढ़ बड़ौत, जाखल, दिल्ली किशनगंज, फरीदाबाद, जींद, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, मानसा, देवबंद, खतौली, खेकड़ा, नरवाना, नांगलोई, पालम, परतापुर, नोली, नरेला, सकौती टांडा, टपरी, ओखला, टोहाना, शकूरबस्ती, शामली, तुगलकाबाद, जुलाना, सांपला, मोदीनगर, मुरादनगर, असावटी, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, दिल्ली सफदरगंज, दिल्ली आजादपुर, गढ़ीहरसरु, नया गाजियाबाद, साहिबाबाद, मंगोलपुरी, विवेक विहार, रेलवे स्टेशन
- दिल्ली जंक्शन, कुरुक्षेत्र, सब्जी मंडी, पलवल, गुड़गांव, मेरठ कैंट, पानीपत, नरेला, बादली रोहतक, जुलाना, सांपला रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल/ट्रॉली लगाने की अवधि 90 दिन होगी।
- एनएसजी 1, 2, 3 स्टेशनों के लिए पंजीकरण शुल्क रु. की दर से लिया जाएगा। तीस दिनों के प्रत्येक चरण के लिए 2000 और एनएसजी 4,5,6 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जिंद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजीब्रिज, तिलकब्रिज, गनौर, बादली, सब्जीमंडी, नरेला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन बल्लभगढ़, पालम, मेरठ कैंट, दिल्ली सफदरजंग, परतापुर और सकौती टांडा रेलवे स्टेशन पर पंजीकरण शुल्क रु. तीस दिनों के प्रत्येक मंत्र के लिए 1000 की दर से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  - C. विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - D. भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/ खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) / गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित / पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  - E. पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - F. समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - G. किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 07.11.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक / अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत / अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः **www.indianrailways.gov.in & URL:** **https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic comm/Comm Ci r 2022/OSOP%20Policy.pdf** और **https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic comm/Comm Cir 2023/CC%20%2009%20of%202023.pdf** पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

**3375/25**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# गोपाष्टमी पर्व पर गौशाला में हुआ गौ माता का पूजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गुरुवार को अपराजिता क्लब की सदस्यों द्वारा नगर की कान्हा गौशाला पर गोपाष्टमी के अवसर पर गायों की विशेष पूजा अर्चना की गई। जहां गौमाताओं को तिलक लगाकर माला पहनाकर गौग्रास गुड़ फल और मिठाई खिलाकर उनकी पूजा अर्चना की गई।

इस दौरान बोलते हुए अपराजिता क्लब की अध्यक्षा सोनिया अग्रवाल ने कहा कि गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है और गाय के दूध, दही, घी, गोबर व मूत्र से बने पंचगव्य से कई गंभीर बीमारियों का ईलाज संभव है। उन्होंने गौ माता के पालन, संवर्धन और संरक्षण को सभी की जिम्मेदारी बताया साथ ही गौ हत्या को सबसे बड़ा पाप बताते हुए उनकी रक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर रेनू अग्रवाल, रजनी गर्ग, मनीषा, रीना सिंघल, रजनी आदि मौजूद रही।

# आटे की चक्की में दुपट्टा फंसने से महिला की मौत, सिर धड़ से अलग

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र में चक्की पर आटा पिस रही महिला की चक्की में दुपट्टा फंस जाने से दर्दनाक मौत हो गई।हादसे में महिला का सर धड़ से अलग हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कलाली में नरेंद्र सिंह का परिवार रहता है नरेंद्र सिंह प्राइवेट वाहन चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है नरेंद्र ने अपने घर पर आटा चक्की भी लगा रखी है गुरुवार की सुबह नरेंद्र अपने काम पर गया था जिस पर नरेंद्र की पत्नी मनोज देवी उम्र करीब 34 वर्ष चक्की पर आटा पिस रही थी इसी दौरान मनोज देवी का दुपट्टा अचानक चक्की में फंस गया जिससे मनोज देवी चक्की की चपेट में आकर फंस गई जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई हादसा इतना भयानक था कि आटा चक्की की चपेट में आकर ममता देवी का सर धड़ से अलग हो गया। बच्चों की चिंख पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई ममता की मौत से उनके परिवार में कोहराम मच गया बताया जा रहा है कि ममता देवी के दो बच्चे हैं मां का साया सर से उठ जाने के कारण दोनों बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अमरोहा प्रीमियर लीग (ए.पी.एल-18), नफ़ीस अब्बासी कप 2025

*** मोनू सागर इलेवन ने अमजद इलेवन को हराया, तुषार धारीवाल मैन ऑफ द मैच**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** अब्बासी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित अमरोहा प्रीमियर लीग (ए.पी.एल-18) नफ़ीस अब्बासी कप 2025 में बृहस्पतिवार को मोनू सागर इलेवन और अमजद इलेवन के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया।पहले बल्लेबाज़ी करते हुए मोनू सागर इलेवन ने निर्धारित ओवरों में 126 रन बनाए। टीम की ओर से तुषार धारीवाल ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 72 रनों की बेहतरीन पारी खेली और टीम को मज़बूत स्कोर तक पहुँचाया। अमजद इलेवन की ओर से गेंदबाज़ी में उमर अहमद और नबील ने क़ाबिलेतारीफ़ गेंदबाज़ी करते हुए 3-4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमजद इलेवन की टीम मोनू सागर इलेवन के गेंदबाज़ों के आगे टिक नहीं सकी और पूरी टीम 89 रनों पर ढेर हो गई। मोनू सागर इलेवन की तरफ से तुषार धारीवाल ने गेंदबाज़ी में भी कमाल दिखाते हुए 4 विकेट निकाले, जबकि नयन गुप्ता ने 3 विकेट हासिल किए। अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए तुषार धारीवाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस मैच में अंपायरिंग के दायित्व जमाल पाशा और निश्छल चौधरी ने निभाए। वहीं कमेंट्री बॉक्स से तैयब सुल्तान और अदनान मसरूर ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। यह लीग अब्बासी क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष फिरोज़ अब्बासी की सरपरस्ती एवं कोच असलम सिद्दीकी के निर्देशन में आयोजित की जा रही है। टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य कासिम अशरफ, आरिफ मसूद, शादमान जैदी, फैजुद्दीन सिद्दीकी, काशिफ मंसूरी, अनस जैदी, अमीन राईनी, मोनू सागर, मयंक शर्मा, तैयब सुल्तान और अजहर अब्बासी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।आज के मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। मुख्य रूप से शहनाइज़ अंसारी, शानू खान, तारीख चीना, फैज़ खान, फ़राज़ जैदी, आरिफ नौशाद भारती और फ़रमान सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।




# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक को दी भव्य विदाई

*** 3 साल बाद हुआ स्थानांतरण, भावुक हुए लोग**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को नगर के व्यापारी कोतवाली परिसर पहुंचे और वरिष्ठ उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह को भव्य विदाई दी, बताते चलें वरिष्ठ उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह 30 अक्टूबर 2022 को थाना सिविल लाइन से स्थानांतरित होकर शाहाबाद में वरिष्ठ उप निरीक्षक के पद पर तैनात हुए थे, अपने 3 साल के कार्यकाल में उन्होंने शाहबाद के लोगों का दिल जीत लिया हंसमुख एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी कुलदीप सिंह के स्थानांतरण पर शाहबाद के लोग भावुक हो गए, उनको विदाई देने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश बाबू गुप्ता,जिला कार्यवाह पुनीत शिवाल,समाजसेवी शावेज खा,मयंक अग्रवाल अनु रावत,अमित चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी, गुलवाकर शमसी, शाजमन आर्यन, उपकार बरनवाल, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन केपी सिंह,प्रधान पति संतोष कुमार धर्मपाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे कोतवाली शाहबाद से नवनियुक्त वरिष्ठ उप निरीक्षक रामचंद्र सिंह,उपनिरीक्षक। अंकित कुमार,मुख्य आरक्षी अनिल कुमार आरक्षी मुकुल। चौधरी,आरक्षी अमित कुमार,विजय कुमार मौजूद रहे।



# जिला कृषि अधिकारी ने विभिन्न उर्वरक प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद के कृषकों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराने के लिए जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने जनपद के विभिन्न उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।



इस दौरान जिला कृषि अधिकारी द्वारा मै0 गुप्ता एण्टर प्राइजस धमौरा, किसान पेस्टीसाइड केमरी, नानकसर ट्रैडर्स केमरी, पंतनगर शिव तराई सीड्स बिलासपुर एवं सरपंच सीड्स बिलासपुर का निरीक्षण किया गया तथा उर्वरक के 02 नमूने एवं बीज के 04 नमूने ग्रहित किये गये। इसके अतिरिक्त उन्होंने जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेता एवं समस्त सहकारी समितियों को निर्देशित किया कि यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, होर्डिंग, ओवर रेटिंग एवं मुख्य उर्वरकों के साथ अन्य कम प्रचलित अन्य उत्पादों की टैगिंग आदि की जाती है तो सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता को उपलब्ध करायें। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है तो कृषक भाई अपनी शिकायत 9634062179 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।

# मुजतबा आबदी साहब के निधन पर शोक व्यक्त किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, राष्ट्रवादी चिंतक जनाब मुजतबा आबदी साहब के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करते हुए आबदी साहब को बेहतरीन शक्स और बेमिसाल शख्सियत बताया। आबदी साहब जनसरोकार के लिए जीवन भर समर्पित रहे,परवरदिगार उनके परिवार,चाहने वालों को इस सदमें को सहने की ताक़त दे और नेकदिल दिवंगत आत्मा को जन्नत में जगह दे।



# प्रमुख सचिव ने तिगरी गंगा मेला तैयारियों का किया निरीक्षण, सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर दिए कड़े निर्देश

**उत्तम भारत संवाददाता**

**तिगरी धाम।** तिगरी गंगा मेला-2025 की तैयारियों की समीक्षा करने गुरुवार को प्रदेश के प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान तिगरी धाम( मेला स्थल) अमरोहा पहुंचे। मेला क्षेत्र स्थित जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने शासन की ओर से निर्धारित सभी व्यवस्थाओं की प्रगति जानी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आनंद ने प्रमुख सचिव को सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य, नाव सेवा एवं भीड़ प्रबंधन आदि व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन द्वारा प्रमुख सचिव को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव ने लोक निर्माण विभाग, बाढ़ खंड, विद्युत, जल निगम, जिला पंचायत, पंचायत राज विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों से तैयारियों की रिपोर्ट ली और जिम्मेदारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रमुख सचिव चौहान ने टेंट सिटी, मेला क्षेत्र और घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विशेष समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि गहरे घाटों पर स्नान न करने के लिए निरंतर उद्घोषणा कराई जाए। असुरक्षित स्थानों पर फ्लोटिंग बैरियर तथा बैरिकेडिंग अनिवार्य रूप से लगाई जाए, ताकि श्रद्धालु केवल सुरक्षित घाटों पर ही स्नान करें। उन्होंने नाव संचालन की भी जांच कराई और संबंधित मजिस्ट्रेटों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेला अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्रीमती गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी धनौरा श्रीमती विभा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री शशि भूषण पाठक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**पहली बार बसाई जा रही टेंट सिटी, नाश्ते- खाने का होगा प्रबंध : अमरोहा।** गंगा तिगरी मेले में श्रद्धालुओं को सभी सुविधाओं से लैस शिविर मिलेंगे। मेले में पहली बार तिगरी मेला टेंट सिटी बसाई जा रही है। इसमें दो श्रेणी में शिविर बनाए जा रहे हैं। प्रथम श्रेणी के एक शिविर लेने के लिए प्रति व्यक्ति 05 हजार रुपये प्रति दिन खर्च करने होंगे। द्वितीय श्रेणी के एक शिविर लेने के लिए प्रति व्यक्ति 03 हजार रुपये प्रति दिन खर्च करने होंगे। ठहरने वाले श्रद्धालु के लिए नाश्ते, खाने का प्रबंध भी रहेगा।

# भारतीय किसान यूनियन (क्रांति) के नेतृत्व में जिला बुलंदशहर के डीएम कार्यालय का घेराव किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बुलन्दशहर।** मौके की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी तत्काल स्थल पर पहुंचे और वार्ता का प्रयास किया, परंतु यूनियन के शीर्ष नेतृत्व ने यह स्पष्ट कहा कि हम केवल जिलाधिकारी महोदया जी के समक्ष ही अपनी बात रखेंगे तथा भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग करेंगे।

**मौके पर उपस्थित रहे –**

एडीएम प्रशासन प्रमोद कुमार पांडे, एडीएम सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट बुलंदशहर, कोतवाल धर्मेंद्र सिंह राठौर एवं अन्य अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे।

प्रशासन द्वारा किसानों पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन किसानों ने एकजुट होकर बिना दबाव झुके अपनी बात मजबूती से रखी।

इसके उपरांत एडीएम प्रशासन श्री प्रमोद कुमार पांडे ने किसानों से निवेदन कर ज्ञापन प्राप्त किया और तत्काल प्रभाव से कुछ अधिकारियों से संपर्क कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। यूनियन ने उनके इस रुख का आभार व्यक्त किया।



इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख पदाधिकारीगण –

एम.पी. यादव (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष),
विनोद यादव (राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष),
गिरधारी यादव पूर्व फौजी
परविन्दर सिंह यादव (प्रदेश अध्यक्ष),
राजन ठाकुर (प्रदेश उपाध्यक्ष),
सोनू यादव (प्रदेश संगठन मंत्री),
मलिक पहलवान,
उदयवीर भाटी (जिला अध्यक्ष, बुलंदशहर),
विजेंद्र सिंह (जिला उपाध्यक्ष, बुलंदशहर),
महिपाल सिंह (युवा जिला अध्यक्ष, गाजियाबाद),
रविंद्र यादव (प्रदेश सचिव),
मुस्ताक खान फौजी (जिला उपाध्यक्ष, लखीमपुर खीरी),
विजयनगर (प्रदेश सचिव),
प्रेम सिंह (प्रदेश महासचिव),
मन्नू बीडीसी (प्रदेश सचिव),
मनोज कुमार गोस्वामी (जिला अध्यक्ष, हापुड़)
तथा सैकड़ों की संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खरसौल ग्राम पंचायत की रिक्त दुकान का मामला सुलझा, एससी वर्ग के कमलेश को मिली दुकान का आवंटन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरसौल में काफी समय से रिक्त पड़ी ग्राम समाज की दुकान का आवंटन गुरुवार को किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में खुली बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से अनुसूचित जाति वर्ग के कमलेश के नाम आवंटन का प्रस्ताव पारित किया। इस निर्णय से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम पंचायत की दुकान काफी समय से खाली पड़ी थी। स्थानीय प्रशासन के निर्देश पर गुरुवार को ग्राम खरसौल में खुली बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि यह दुकान अनुसूचित जाति की सीट पर आरक्षित है और अगर कोई दावेदार है तो वह अपना नाम अंकित करा सकता है। इस दौरान, केवल कमलेश ने ही अपना नाम दावेदारी के लिए प्रस्तुत किया। कमलेश के अलावा कोई अन्य दावेदार सामने नहीं आया। इसके उपरांत, अधिकारियों ने मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ की और उनकी राय जानी। सभी ग्रामीणों ने एकमत होकर कमलेश के समर्थन में अपने हाथ खड़े कर दिए और उनकी दावेदारी पर सहमति जताई। ग्रामीणों की सर्वसम्मति और नियमानुसार आरक्षण का पालन होते देख, अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की और कमलेश के नाम दुकान आवंटन का प्रस्ताव पारित कर दिया।

# सीओ द्वारा तीनो नए आपराधिक कानून के संबंध में किया गया जागरुक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** क्षेत्राधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह द्वारा बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह के साथ हाईवे स्थित मिल्टन एकेडमी में भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई।उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं,जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी,त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है।इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने सभी को नए कानूनों की बारीकियों को समझने,अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इनका पालन करने तथा आम नागरिकों को भी इनके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम में नये आपराधिक कानूनों की विशेषतायें,जैसे-



जीरो एफआईआर
ई-एफआईआर
समयबद्ध न्याय
महिला एवं बाल संरक्षण के प्राविधान
नये अपराध प्रोद्योगिकी और फोरेंसिक के उपयोग से संबंधित प्राविधान
पीडित-केन्द्रित प्राविधान आदि पर जागरुकता कार्यक्रम में विशेष रुप से प्रकाश डाला गया।

# नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से छह ग्राम अवैध स्मैक बरामद मादक पदार्थो/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी/बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनों जनपदो में ÷ऑपरेशन सवेरा÷-÷नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर÷ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सूबे सिह के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम शातिर नशा तस्कर अभियुक्त नदीम पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी कैशाल विहार कालोनी रसूलपुर को ग्राम ढमौला मुल्किन प्रधान के ट्यूबेल के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से कुल 06 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई ।

थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा भी आज चैकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर अभियुक्त शाहरुख पुत्र इमरान निवासी भारत गैस गोदाम के पास नूर बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर को ग्राम हाकिमपुरा अमरूद के बाग के पास जहांगीर की ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से कुल 07 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। इसी क्रम में थाना गंगोह पुलिस द्वारा भी आज गस्त के दौरान एक शातिर नशा तस्कर अभियुक्त आकाश पुत्र जनार्धन नि0 ग्राम शकरपुर साकरौर थाना गगोह जनपद सहारनपुर को ग्राम साकरौर के बाहर बनी निर्माणाधीन कालोनी के गेट के सामने से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त आकाश के कब्जे से कुल 21 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गंगोह पर मु0अ0सं0 505/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है।



# जनसुनवाई का आयोजन किया

**सहारनपुर।** शासन द्वारा निर्गत आदेशों-निर्देशों के क्रम में आज पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान डीआईजी ने आमजनमानस की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना तथा समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर महोदय द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से किया जाए और शिकायतकर्ता को उसकी प्रगति से अवगत कराया जाए।

**सूचना**

पहले मेरा नाम SONU था अब मैने अपना नाम बदलकर DEVENDRA KUMAR रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना व पहचाना जाए।

**प्रार्थी**

**DEVENDRA KUMAR S/O SIRIYA Vill JALiLPUR BiJNOR UP**

**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (**https://ireps.gov.in/**) पर **ई–बोली** निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-46-2025 | दिनांक 17.11.2025 को 11:00 बजे | कुरुक्षेत्र (द्वितीय प्रवेश), कुरुक्षेत्र (प्रथम प्रवेश), मेरठ सिटी (साइट A), जींद, बादली (द्वितीय प्रवेश), आदर्श नगर (पी आर एस) = कुल 06 साइटे। |

**वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है** — **https://ireps.gov.in/**

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता **4.** आई आर ई पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (Updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी** — वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; **Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084**

**संख्या–23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांक:- 30.10.2025** **3377/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## सम्पादकीय

# जो झुका नहीं, जो टूटा नहीं, वही कहलाया लौहपुरुष सरदार पटेल

राष्ट्रीय एकता की मिसाल रहे सरदार पटेल ने सदैव देशवासियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए। समय-समय पर उन्होंने अपने वक्तव्यों द्वारा लोगों को आलस्य त्यागने, मेहनत करने, ईश्वर तथा सत्य में विश्वास रखने, अन्याय का डटकर मुकाबला करने जैसे प्रेरक संदेश दिए और देश के लिए कुछ अलग हटकर कार्य करने को प्रेरित किया। वे कहा करते थे कि जो काम कल करना है, उसकी बातों में ही आज का काम बिगड़ जाएगा और आज के काम के बिना कल का काम नहीं होगा, इसलिए आज का काम कीजिए तो कल का काम अपने आप हो जाएगा। कल हमें कोई मदद देने वाला है, सही सोचकर अगर आज बैठे रहे तो आज भी बिगड़ जाएगा और कल तो बिगड़ेगा ही। कोशिश करना हमारा फर्ज है और अगर हम अपने फर्ज को ही पूरा न करें तो हम ईश्वर के गुनाहगार बनते हैं। कर्म पूजा है लेकिन हास्य जीवन है और जो कोई भी अपना जीवन बहुत गंभीरता से लेता है, उसे एक तुच्छ जीवन के लिए तैयार रहना चाहिए। पिछला दुखड़ा रोना कायरों का काम है और हिसाब लगाकर मुकाबले की तैयारी करना बहादुरों का काम है। कठिन समय में कायर लोग बहाना ढूंढ़ते हैं जबकि बहादुर व्यक्ति रास्ता खोज लेते हैं। उतावले उत्साह से बड़ा परिणाम निकलने की आशा नहीं रखनी चाहिए। सरदार पटेल कहते थे कि बेकार मत बैठिये क्योंकि बेकार बैठने वाला अपना ही सत्यानाश कर डालता है। रात-दिन कार्य करने वाला अपनी इन्द्रियों को आसानी से वश में कर लेता है, इसलिए आलस्य छोड़िये। उनका कहना था कि अगर कोई चीज मुफ्त मिलती है तो उसकी कीमत कम हो जाती है जबकि परिश्रम से पाई हुई चीज की कीमत ठीक तरीके से लगाई जाती है। लोगों को मेहनत और कर्म करने के लिए प्रेरित करते हुए वह कहते थे कि यह सच है कि पानी में तैरने वाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहने वाले नहीं लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि किनारे पर ही खड़े रहने वाले लोग तैरना भी नहीं सीखते। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसी की अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। वह कहते थे कि आपकी अच्छाई आपके मार्ग में बाधक है, इसलिए अपनी आंखों को क्रोध से लाल होने दीजिए और अपने मजबूत हाथों से अन्याय का डटकर सामना कीजिए। लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सदैव कहते थे कि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। हमें केवल भगवान के आगे झुकना चाहिए, दूसरों के आगे नहीं। जो कोई भी सुख और दुःख का समान रूप से स्वागत करता है, वास्तव में वही सबसे अच्छी तरह से जीवन जीता है। हमें सदैव ईश्वर और सत्य में विश्वास रखकर प्रसन्न रहना चाहिए। यहां तक कि अगर हम हजारों की दौलत भी गंवा दें और हमारा जीवन बलिदान हो जाए तो भी हमें मुस्कुराते रहना चाहिए। बहुत बोलने से कोई लाभ नहीं होता बल्कि हानि ही होती है। हमें गम खाना सीखना चाहिए और मान-अपमान सहन करने की आदत डालनी चाहिए। सरदार पटेल को देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे। वह कहते थे कि हर इंसान सम्मान के योग्य है, जितना उसे ऊपर सम्मान चाहिए, उतना ही उसे नीचे गिरने का डर नहीं होना चाहिए।

## विशेष

# लौह पुरुष के संकल्प की लौ से प्रज्वलित हुआ अखंड भारत का स्वाभिमान

–नीलेश वर्मा–

भारत की एकता और अखंडता का दीप आज गर्व से प्रज्वलित है, जिसकी ज्योति लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के अटूट संकल्प और अदम्य साहस से प्रकट हुई। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत सैकड़ों रियासतों में विभक्त था, किन्तु सरदार पटेल की दूरदृष्टि, दृढ़ इच्छाशक्ति और राजनीतिक कौशल ने इन रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को विखंडन से बचाया। यह केवल राजनीतिक एकीकरण नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण का भी प्रतीक था, जिसने अखंड भारत के स्वाभिमान को नई ऊर्जा प्रदान की। प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की घोषणा वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा की गई थी। राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति जनजागरण फैलाना तथा स्वतंत्र भारत के निर्माण में सरदार पटेल के अमूल्य योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करना है। उनके अद्वितीय प्रयासों से भारत आज एक सशक्त, संगठित और एकतामय राष्ट्र के रूप में विश्व मंच पर गौरव से खड़ा है।

एक राष्ट्र होते हुए भी जब भारत लगभग 562 रियासतों में बंटा हुआ था, जिनमें से अनेक ब्रिटिश शासन के अधीन न होकर अर्ध-स्वायत्त थीं, तब देश को अखंड रूप देने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने निभाई। सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत के प्रथम गृह मंत्री के रूप में अपने कुशल नेतृत्व, कूटनीति और अडिग इच्छाशक्ति से जूनागढ़, हैदराबाद, भोपाल, कच्छ, जोधपुर, त्रावणकोर, और मणिपुर जैसी प्रमुख रियासतों को भारत में मिलाने का कार्य किया। उनके अथक प्रयासों से अधिकांश रियासतों ने 1947 से 1949 के बीच स्वेच्छा से भारत संघ में विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए। जोधपुर व भोपाल को उन्होंने राजनीतिक संवाद से और जूनागढ़ व हैदराबाद को उन्होंने दृढ़ प्रशासनिक व सैन्य नीति के माध्यम से भारत में जोड़ा। विशेष रूप से 1948 में ऑपरेशन पोलो के माध्यम से हैदराबाद राज्य का भारत में विलय, उनकी दृढ़ता और दूरदर्शिता का प्रमाण है। वास्तव में, यह कार्य किसी चमत्कार से कम नहीं था, क्योंकि जिस समय अन्य देश विभाजन की पीड़ा से गुजर रहे थे, उस समय पटेल ने भारत को टूटने से बचाया और एक राष्ट्र के रूप में खड़ा किया।

सरदार वल्लभभाई पटेल कुर्मी समाज के गौरव हैं, गुजरात के एक साधारण कृषक परिवार में उनका जन्मे हुआ। अपने परिश्रम, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प से उन्होंएने दिखाया कि किसान का बेटा भी राष्ट्र निमार्ता बन सकता है। 1918 के खेड़ा सत्याग्रह और 1928 के बारडोली आंदोलन में उन्होंने किसानों को संगठित कर अंग्रेजों के अन्याय के खिलाफ विजय पाई, जिससे उन्हें सरदार की उपाधि मिली। कुर्मी समाज उन्हें अपना आदर्श इसलिए मानता है क्योंकि उन्होंने किसान और श्रमिक वर्ग के सम्मान को राष्ट्रीय पहचान दी। उनका जीवन संदेश देता है कि एकता, संगठन और कर्मठता से कोई भी समाज उन्नति कर सकता है। यही कारण है कि सरदार पटेल आज भी कुर्मी समाज के स्वाभिमान और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक बने हुए हैं। हम सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मना रहे हैं, यह केवल इतिहास की स्मृति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का पुनर्जागरण है। भारत के वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिवेश में उनके विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। विश्व राजनीति में भारत का उदय, रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ ही राष्ट्रीय एकता की सुदृढ़ भावना के साथ आगे बढ़ रहा है, यह सब लौह पुरुष के संकल्प का ही परिणाम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा गुजरात के केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की स्थापना उसी अमर भावना का प्रतीक है, जो बताती है कि भारत की आत्मा तभी प्रफुल्लित होती है, जब उसकी एकता अटूट हो। आज भारत एक भारत-श्रेष्ठ भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है, जहाँ उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम तक विकास, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव की एक ही धारा बह रही है।

# विविधता में एकता ही सर्वश्रेष्ठ भारत की पहचान

–राजकुमार सिन्हा–

राष्ट्रीय एकता का अर्थ है किसी देश के नागरिकों के बीच एकजुटता और भाईचारे की भावना, जो उन्हें सांस्कृतिक, भाषाई या धार्मिक मतभेदों से ऊपर उठकर एक राष्ट्र के रूप में जोड़ती है। इसमें संविधान के प्रति निष्ठा, राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान और देश के लक्ष्यों के प्रति साझा प्रतिबद्धता शामिल है, जो देश को एक इकाई के रूप में बांधता है। राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्हें भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। इन्होंने स्वतंत्रता के बाद देश की 562 रियासतों का एकीकरण कर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत आधार दिया। उनका मानना था कि हमारा कर्तव्य है कि हम भारत को एक और अखंड बनाए रखें।

राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश के एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने तथा सुदृढ़ करने के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना और देश के विभिन्न राज्यों, भाषाओं, धर्मों और संस्कृतियों के बीच एकता की भावना को मजबूत करना है।


भारत की राष्ट्रीय एकता आज भी मजबूत है, लेकिन वर्तमान समय में इसके सामने कुछ गंभीर चुनौतियां हैं जो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर दिखाई देती हैं। धर्म के आधार पर बढ़ती नफरत और हिंसा समाज में विभाजन पैदा कर रही है।

कुछ असमाजिक तत्व काफी सक्रिय हैं जो भारत की एकता के लिए आंतरिक खतरा हैं, क्योंकि वे लोगों के मन में भय, असुरक्षा और अविश्वास पैदा करते हैं। उन्हें राजनैतिक संरक्षण भी मिला हुआ है। राजनीतिक दलों द्वारा वोट बैंक की राजनीति और नफरत फैलाने वाली भाषा से समाज में विभाजन की भावना तेजी से बढ़ रही है। जातिगत भेदभाव अब भी समाज में मौजूद है, जो सामाजिक समरसता को प्रभावित करता है। अमीर और गरीब, शहरी और ग्रामीण के बीच बढ़ती खाई लोगों में असंतोष और असुरक्षा की भावना पैदा करती है। इस कारण कुछ क्षेत्रों में अलगाववादी या चरमपंथी गतिविधियां बढ़ रही है जो राष्ट्रीय अखंडता के लिए खतरा है। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और नफरत फैलाने वाली झूठी खबरें समाज में गलतफहमी और अविश्वास पैदा कर रही है।

लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता एक-दूसरे के पूरक हैं। लोकतंत्र नागरिकों को समान अधिकार देता है, और राष्ट्रीय एकता उन अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है। राष्ट्रीय एकता लोकतंत्र की मूल आत्मा है। जब सब मिलकर आगे बढ़ते हैं, तब ही सबका साथ, सबका विकास संभव होता है।

महात्मा गांधीजी ने कहा था कि भारत की आत्मा उसकी विविधता में बसती है। वे धार्मिक सहिष्णुता, अहिंसा और साम्प्रदायिक सौहार्द को राष्ट्रीय एकता की नींव मानते थे। उनका विश्वास था कि सभी धर्मों और जातियों के लोग मिलकर ही स्वतंत्र भारत का निर्माण कर सकते हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने एकता में विविधता की भावना पर जोर दिया। वे भारत को एक आधुनिक, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत को देखना चाहते थे, जहां सभी नागरिक समान हों। डॉ. भीमराव अम्बेडकर कहा था कि सामाजिक समानता के बिना राष्ट्रीय एकता संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने संविधान में समान अधिकार और सामाजिक न्याय को सुनिश्चित किया।

**सरदार पटेल जयंती ( 31 अक्टूबर ) पर विशेष:**



सुभाष चन्द्र बोस ने कहा था कि राष्ट्रीय एकता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं। वे जाति, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर राष्ट्र के लिए एकता का आह्वान करते थे। स्वाधीनता संग्राम के नेताओं का मानना था कि भारत की असली ताकत उसकी विविधता में निहित एकता है। यही भावना आज भी देश को एक सूत्र में बांधे रखती है। बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा भारत के इतिहास में एक अत्यंत प्रेरक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण आंदोलन था। यह यात्रा उनके राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण के गहरे संदेश को लेकर निकाली गई थी। 1980 के दशक में देश में बढ़ती धार्मिक और जातिगत हिंसा को देखकर उन्होंने यह यात्रा निकाली, ताकि लोगों में सौहार्द और मानवीय एकता की भावना जागे। बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य केवल भौगोलिक एकता नहीं, बल्कि मनुष्य से मनुष्य के बीच प्रेम, समानता और सामाजिक एकजुटता स्थापित करना था, ताकि भारत सचमुच एकता में अनेकता का जीवंत उदाहरण बना रहे। बाबा आमटे के दूसरे चरण की भारत जोड़ो( 1988 में पूरब के अरूणाचल प्रदेश से पश्चिम के ओखा गुजरात तक) यात्रा में मैं भी शामिल था। तब मुझे भारत की विविधता और स्थानीय लोगों के आतिथ्य और प्रेम का एहसास हुआ था। यात्रा का मुख्य नारा था कि जात-धर्म का बंधन तोडो, भारत जोड़ो, भारत जोड़ो।

संविधान की प्रस्तावना में भारत को संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया है। इसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्श दिए गए हैं जो राष्ट्रीय एकता का आधार हैं। संविधान की अनुच्छेद- 1 में भारत को राज्यों का संघ कहा गया है। यह देश की राजनीतिक एकता सुनिश्चित करता है। संविधान के मौलिक अधिकार के भाग(3) में अनुच्छेद 14 से 18 तक के अनुसार जाति, धर्म, लिंग या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है। अनुच्छेद 19 से 22 तक सभी नागरिकों को समान स्वतंत्रता देता है। अनुच्छेद 25 से 28 तक धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। अर्थात सभी धर्मों का समान सम्मान है। अनुच्छेद 51ए के अन्तर्गत नागरिकों का कर्तव्य है कि वे देश की एकता और अखंडता की रक्षा करें तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखें।

राजभाषा का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 343-351 में वर्णित है जिसमें हिंदी को राजभाषा और अंग्रेजी को सहायक भाषा के रूप में स्वीकार कर भाषाई एकता बनाए रखी गई है। संविधान के अनुच्छेद 352-360 में प्रावधान किया गया है कि राष्ट्रीय संकट के समय केंद्र सरकार को विशेष अधिकार देकर देश की अखंडता और सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। अनुच्छेद -355 के अन्तर्गत केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह राज्यों की सरकारों को बाहरी आक्रमण या आंतरिक अशांति से बचाए। संविधान न केवल अधिकार देता है बल्कि यह हर नागरिक से यह अपेक्षा भी करता है कि वह भारत की एकता, अखंडता और बंधुता की भावना को सशक्त बनाए रखे। वर्तमान केन्द्र सरकार ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत की विविधता में एकता को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया है। इसमें विभिन्न राज्यों को जोड़ी राज्य के रूप में जोड़ा गया ताकि सांस्कृतिक, भाषाई और आर्थिक आदान-प्रदान बढ़े। आज भारत की राष्ट्रीय एकता को देश के अंदर से भी कुछ गंभीर खतरे हैं। ये खतरे बाहरी आक्रमण से अधिक आंतरिक सामाजिक, राजनीतिक और मानसिक विभाजनों के कारण उत्पन्न हो रहे हैं। भारत की एकता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि हम सहिष्णुता, समानता, सामाजिक न्याय और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करें, ताकि हमारा देश विविधता में एकता का वास्तविक उदाहरण बना रहे। इसलिए इस राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के हाशिए पर पड़े समुदायों को मुख्यधारा में लाना और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करना आवश्यक है। आर्थिक विषमताओं को कम करना सामाजिक तनाव को घटाता है और एकता को मजबूत करता है। राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रीय एकता बहुत जरूरी है, क्योंकि यह देश में स्थिरता, सामाजिक सद्भाव और प्रगति को बढ़ावा देती है।

# दृढ़ संकल्पी एवं वक्त के पाबंद थे सरदार वल्लभ भाई पटेल

–मुकेश तिवारी–

सरदार वल्लभभाई पटेल एक ऐसी शख्सियत थे। जिन्होंने सिर्फ संकल्प शक्ति और मेहनत के बलबूते पर वो मुकाम बनाया। जिसे किसी के लिए भी छू पाना मुमकिन नहीं है। उनकी असाधारण काबिलियत ही थी कि एक साथ 562 रियासतों का एकीकरण करके उन्होंने मिसाल कायम की। इस वजह से ही उन्हें आधुनिक भारत का चाणक्य माना जाता है।

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के करमसद, नाडियाद ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम झवेर भाई और मां का नाम लाड बाई था। झबेर भाई मूलत बोरसद इलाके के करमसद गांव के रहने वाले थे और खेती किसानी किया करते थे। बल्लभ भाई सहित झवेर भाई के छ संताने थी। वल्लभभाई का बचपन माता पिता के साथ गांव में ही बीता यही पर इनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई। इसके पश्चात माध्यमिक स्तर की शिक्षा उन्होंने नडियाद वह बड़ौदा से पूर्ण की।

वल्लभभाई का बाल्यकाल माता -पिता के साथ गांव में ही बीता। गांव में ही इनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई। इसके पश्चात माध्यमिक स्तर की शिक्षा इन्होने नडियाद व बडौदा से पूरी की।

वल्लभभाई के पिता झबेर भाई बड़े साहसी। संयमी और साहसी पुरुष थे। 1857 की क्रांति के समय घर वालों को बिना बताए तीन साल तक घर से बाहर रहे। वही झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई और नाना साहिब घोड़ोंपंत की सेना में भर्ती हुए। उन्होंने समस्त उत्तरी भारत का भ्रमण किया तथा स्वतंत्रता के लिए अनेक मर्तबा ब्रिटिश सेना के साथ युद्ध किया। पिता के संयम। साहस। वीरता और राष्ट्र भक्ति के गुण वल्लभभाई को संस्कार में प्राप्त हुए थे। वे बाल्यकाल से ही वक्त के अधिकतम उपयोग तथा अपने दायित्व के प्रति हर पल समर्पित रहते थे। राजनीति में दाखिल होने के पश्चात इन गुणों ने ही वल्लभभाई को हिन्दुस्तान के बिखरे हुए स्वरूप को एक सूत्र में पिरोने के लिए प्रेरित किया। उनकी दृढ निर्णय की प्रवृत्ति ने ही उन्हें लौह पुरुष कहलाने का सम्मान प्रदान किया तथा योग्य नेतृत्व के गुणों ने सरदार की पदवी से विभूषित करवाया। वल्लभभाई का विधार्थी जीवन अत्यंत परिश्रमी। उज्जवल एवं नैतिकता से पूर्ण रहा। इस स्तर पर ही उनमें भावी जीवन के शुभ लक्षण दिखाई देने लगे थे। वे नाडियाद में अध्ययनरत थे तभी उन्होंने विधालय की अव्यवस्थाओं के लिए आंदोलन किया। यहां स्कूल का एक शिक्षक पुस्तकों का व्यापार करता था तथा सभी शिक्षक उससे ही पुस्तक खरीदने के लिए विधार्थियों को बाध्य करते थे। बल्लभ भाई को शिक्षकों की यह बात उचित नहीं लगी। पटेल ने इसे नैतिकता का हनन मानकर विरोध स्वरूप आंदोलन प्रारंभ कर दिया। अंततः शिक्षकों को झुकना पड़ा। यह उनकी नैतिक सदप्रवृति का बेहतरीन उदाहरण था। अन्याय के प्रति संगठित विरोध की यह शुरूआत थी। बडौदा में आकर वल्लभभाई ने गुजराती विषय लिया। यहां छोटे लाल गुजराती पढ़ाते थे। मगर वे संस्कृत के प्रति अधिक समर्पत थे। हालांकि संस्कृत नं पढ़ने वाले विधार्थियों को छोटे लाल कतई पसंद नहीं करते थे। पटेल जी ने भी संस्कृत नहीं ली थी अतः वे उनसे नाराज रहने लगे थे।

वल्लभभाई का अडिग व्यक्तित्व गलत बातों को कभी भी स्वीकार नहीं कर सका। अल्प समय बाद ही एक अन्य अध्यापक से उनका विवाद हो गया अतः। पटेल को स्कूल से निकाल दिया गया। पटेल पुन नाडियाद आ गए। सत्य पर अडिग रहने तथा अन्याय का हर हाल में विरोध करने की उनकी बचपन की प्रवृत्ति ही भविष्य में हिंदुस्तान को एकजुट करने का पूर्वाभ्यास सिद्व हुई। वैसे भी सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि एकता के बिना जनशकित तब तक एक ताकत नहीं बन सकती। जब तक उसे एकजुट कर सामंजस्य में न लाया जाये। तब यह एक आध्यात्मिक शक्ति बन जाती है। पटेल जी के व्यक्तित्व में दब्बूपन व दूसरों पर आश्रित रहने के भाव का समावेश कभी नहीं था। वे सदैव स्वतंत्र भाव से नैतिकता की रक्षा करते रहे। अपनी कबलियत। व्यवहार। वाक चातुर्य पर उन्हें पूरा भरोसा था। अपने इन्हीं गुणों के कारण गोधरा में वकालत करते वक्त ही उन्होंने खूब ख्याल अजिर्त कि वह हत्या जैसे संगीन मामलों में भी अपने तर्कों से सदैव प्रभावी बने रहते तथा लगभग प्रत्येक मामले में जीतते थे।

जुलाई 1917 में बल्लभ भाई गुजरात क्लब के सेक्रेटरी चुने गए इन दिनों गांधीजी बिहार के चंपारण जिले में नील की खेती के अंग्रेज ठेकेदारों और जमीदारों द्वारा शोषित कृषकों के लिए गांव-गांव घूमकर उनके अधिकारों के लिए लड़ रहे थे। उनके इस कार्य का देशव्यापी प्रभाव पड़ रहा था। गांधी जी ने मोतिहारी में चंपारण के चले जाने संबंधी मजिस्ट्रेट का आदेश मानने से दो टूक शब्दों में मना कर दिया और अपना काम जारी रखा। उन पर मुकदमा चला और इस मुकदमे में गांधीजी के बयान से देश भर में हड़कंप मच गया। वल्लभ भाई व उनके मित्रों ने यह बयान समाचार पत्र में पढ़ा तथा गांधी जी के साहस से काफी प्रभावित हुए। इस घटना के पश्चात गांधीजी के प्रति वल्लभभाई के जहन में आदर भाव बढ़ा। जो उनके भावी राजनीतिक जीवन का सूत्रधार सिद्ध हुआ। वल्लभभाई 19 15 से ही गुजरात सभा के सदस्य थे। इस सभा ने सन 1917 में गोधरा में गांधी जी की अध्यक्षता में एक सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें अनेक कद्दावर नेता सम्मिलित हुए तथा प्रायः सभी ने हिंदी व गुजराती में भाषण दिया। यहां तक कि जिन्ना ने भी गुजराती में भाषण दिया। इस सम्मेलन में किसी ने भी अंग्रेजी में भाषण नहीं दिया। साथ ही ब्रिटिश ताज के प्रति वफादारी का प्रस्ताव पारित किया जाना समाप्त करवाया गया तथा इसे अनावश्यक करार दिया गया। अंग्रेजों और अंग्रेजी शासन का ऐसा विरोध पहली मर्तबा हुआ था। इस बीच एक कार्यसमिति का गठन किया गया। जो परिषद का अधिवेशन होने तक कार्य करती रही।

इस समिति के गांधी जी स्वयं अध्यक्ष रहे तथा वल्लभभाई को मंत्री नियुक्त किया गया और इसका कार्यालय अहमदाबाद में रखा गया। अब तक देश में होम रुल की स्थापना हो चुकी थीऔर सारे देश में बेगार विरोधी आंदोलन गति पकड़ रहा था। परिषद का मंत्री होने के कारण उक्त कार्यक्रम को सफल करने का दायित्व वल्लभभाई पर ही था। वल्लभभाई ने अत्यंत ही उत्साह से कार्य प्रारंभ किया तथा कमिश्नर के साथ पत्र व्यवहार किया। शुरूआत में तो कमिश्नर ने न नुकुर की मगर वल्लभभाई ने सात दिन तक का नोटिस देकर स्पष्ट कर दिया कि यदि निर्धारित समय सीमा में उत्तर न दिया। तो वे हाईकोर्ट के निर्णय के आधार पर बेगार प्रथा को गैर कानूनी ठहराकर लोगों को बेगार देना बंद करने की सूचना दे देंगे। हालांकि कमिश्नर ने नोटिस की समयावधि समाप्त होने से पूर्व ही वल्लभभाई को बुलाकर सारी स्थिति स्पष्ट कर पटेल की अभिलाषा के अनुसार निर्णय दे दिया। गांधी जी वल्लभभाई की इस उपलब्धि से काफी खुश हुए। इस घटनाक्रम से गांधी जी के साथ उनका संपर्क बढ़ा और पटेल उनके विश्वासपात्र सहयोगी बन गये। पटेल की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्होंने वकालत करनी शुरू कर दी। महज तीन वर्षो में वकालत से इतनी धन राशि अजिर्त कर ली कि वह आसानी से विदेश जाकर वकालत का अध्ययन कर सकते थे। अतः उन्होंने 1905मे में टामस कुक एंड कंपनी के साथ पत्र व्यवहार किया तथा विदेश यात्रा के लिए टिकिट आदि का प्रबंध किया।

# राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी थे सरदार पटेल

–रमेश सर्राफ धमोरा–

सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे जो भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बने। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत में सभी रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसके लिए उन्हें लौह पुरुष भी कहा जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय नागरिक सेवाओं आईसीएस का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं आईएएस बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें देशभक्ति की ओर मोड़ा।

स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी।

महात्मा गांधी ने सरदार वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था। सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की।

सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया। अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते।

गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी सरदार पटेल को ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी। लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा।

जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया। सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निमाण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं। सरदार पटेल का निधन 15 दिसम्बर 1950 को मुम्बई में हुआ था। सरदार पटेल को उनकी मृत्यु के 41 साल बाद 1991 में मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया जो उन्हे बहुत पहले मिलना चाहिये था। वर्ष 2014 में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती (31 अक्टूबर) को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना शुरू कर उनको सम्मनित किया है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

## नगर में नये कानून को लेकर किया गया जागरूक




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, में 30 अक्टूबर 2025 को नये अपराधिक कानून के प्रति जागरूकता अभियान 2.0 के संबंध में प्रशासन द्वारा कोतवाली प्रभारी के माध्यम से सूचनाओं को प्रेषित किया गया द्य - चांदपुर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, में भारत सरकार द्वारा 2023 में तीन नए अपराधी कानून जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) ,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (एनएसएस) भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के लागू होने से अपराधों से निपटने के तरीके में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं इन बदलावों में नए अपराधों की जानकारी विद्यालय के समस्त भैया बहनों व आचार्य बंधु-बहनों को प्रीति तोमर महिला आरक्षित थाना चांदपुर ने कोतवाली प्रभारी अमित कुमार व विद्यालय के उपप्रधानाचार्य रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में सभी भैया बहनों को नए अपराध के प्रति जागरूकता अभियान 2.0 के संबंध में सूचना दी तथा अपराध किस तरीके से होते हैं और उनसे किस प्रकार से बचा जा सकता है इसके संबंध में सरकार द्वारा चलने वाली एजेंसियां आप लोगों को किस प्रकार सहयोग प्रदान करती हैं,के संबंध में सभी को अवगत कराया द्य जैसे जीरो एफआईआर, ईएफआईआर, समयबद्ध न्याय के मुख्य सिद्धांत, महिला व बाल संरक्षण के प्राविधान, नए अपराध जैसी आतंकवादी कृत्य ,मोब लिचिंग, संगठित अपराध, प्रौद्योगिकी और फोरेंसिक के उपयोग से संबंधित प्रावधान, तथा पीड़ित केंद्रित प्राविधान आदि पर जागरूकता कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रकाश डाला। कोतवाली प्रभारी अमित कुमार ने सभी भैया बहनों को सुरक्षित रहने तथा सुरक्षा हेतु सभी उपायों को अपना आकर सुरक्षित रहने की सलाह दी। अंत में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य रवेंद्र कुमार ने विद्यालय की ओर से कोतवाली देहात से आए हुए सभी सम्मानित अधिकारी गण का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया।

## अखंड भारत मे पटेल की भूमिका पर संगोष्ठी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में 30 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 उदिता राजपूत के निर्देशन में *%मिशन शक्ति 5.0%* और *%एक भारत आत्मनिर्भर भारत%* के तहत *÷अखंड भारत में सरदार बल्लभ भाई पटेल की भूमिका÷* विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सफिया फातिमा, नाजिया परवीन, तहरीम परवीन, शुमायला मलिक, अल्फिया इमरान और अर्शी ने अपने अपने विचार रखे। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, प्रोफेसर दिनेश सिंह और डॉ0 (श्रीमती) अखिलेश ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में सफिया फातिमा ने प्रथम स्थान, नाज़िया परवीन ने द्वितीय स्थान तथा अर्शी परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शुमायला मलिक को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया तथा अल्फिया इमरान और तहरीम परवीन को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सरदार बल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर दिनेश सिंह ने अपने उद्बोधन में तत्कालीन सामाजिक-राजनीतिक कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए बताया कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने किस दृढ़ता के साथ उनका सामना किया।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि महाविद्यालय द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास विकास करना है, अतः विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करनी चाहिए।

कार्यक्रम में डॉ0 ज्ञानेंद्र सिंह, आस मोहम्मद, रामबिलास यादव, सनी कुमार, मौ0 सलीम, मौ0 सुलेमान, अरविंद कुमार, डॉ0 संतोष देवी, मीनाक्षी राजपूत और श्रीमती पूजा राजपूत के अतिरिक्त अधिसंख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ0 उदिता राजपूत ने किया।

## गोपाष्टमी पर्व पर किया गया भंडारे का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर में हर साल की भांति साल भी कृष्ण गौशाला पर 53 वे वार्षिक उत्सव गोपाष्टमी पर्व पर हवन करने के पश्चात गौ माता की पूजा की गई और उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर सर्वेश अग्रवाल द्वारा यजमान के रूप में हवन में पूजा पाठ करने के पश्चात गौ माता को भोग लगाया गया और भंडारे का आयोजन किया गया ।

हवन का उच्चारण वेद मंदिर के सचिव अतुल भाटिया द्वारा किया गया और गौशाला को हवन उच्चारण द्वारा शुद्ध किया गया । भंडारे में उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया द्वारा पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

गौशाला में भंडारे का का प्रसाद लेने नगर व क्षेत्र की जनता द्वारा गौशाला कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । गौशाला के प्रबंधक उमेश चंद गोयल द्वारा बताया गया की हर साल की तरह इस साल भी हवन पूजा पाठ के बाद भंडारा किया जाता है जिससे नगर में क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का प्रसाद ग्रहण की करते हैं। भंडारे का आयोजन करने वाले सर्वेश अग्रवाल विशाल कर्णवाल राकेश अग्रवाल अश्वनी जिंदल उमेश चंद गोयल कपिल चौधरी अमित गोयल अनिल पटवारी प्रमोद शर्मा अतुल भाटिया प्रेम भाटिया सुबोध गुप्ता विमल अग्रवाल विपिन बंसल आशु गोयल संदीप जिंदल सुशील गोयल नगर के गणमान्य व्यक्ति द्वारा विशेष सहयोग रहा।

## हनुमान मंदिर पर किया गया रामचरित्र मानस पाठ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**भागूवाला।** थाना मंडावली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांशीरामपुर में हनुमान मंदिर पर रामायण पाठ किया गया ।हनुमान मंदिर पर आर्यन कुमार प्रजापति ने विधि विधान के साथ मंदिर को फूल माला लगाकर हनुमान मंदिर को सजाया तथा कांशीरामपुर निवासी परम पूज्य पंडित संतोष कुमार शर्मा के द्वारा विधि विधान से पूजन कर रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया। जिसमें 36 घंटे की रामायण का पाठ समापन होने पश्चात हवन किया गया। रामायण में श्री रामचंद्र जी एवं हनुमान जी के प्रेम का बहुत ही सुन्दर वर्णन किया गया है रामायण समापन के उपरांत श्री राम व हनुमान जी को हलवे का भोग लगाकर एवं कन्या पूजन कर कन्याओं को हलवे का प्रसाद वितरण किया गया। जब से यह हनुमान मंदिर बना है इस हनुमान मंदिर पर हर वर्ष की भाँती गाँव से कोई न कोई सदस्य रामायण का पाठ करवाते रहते हैं जिसमें सभी ग्रामीणों में श्रीराम के प्रति बहुत प्रेम भाव देखने को मिलता है।

श्री राम जी के सेवक हनुमान जी के भक्ति की प्रशंसा भी करते हैं । ग्रामीणों ने हनुमान मंदिर पर रामायण पाठ में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हनुमान मंदिर पर रामायण पढ़ने हेतु एवं प्रसाद पाकर सौभाग्य प्राप्त होता है तथा मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है।

## स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज दोपहर 12:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। तदोपरांत जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से धीर सिंह, बसपा मुहम्मद सिद्दीक, कांग्रेस से अनिल त्यागी तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## नगीना देहात पुलिस ने नए कानूनो पर चलाया जागरूकता अभियान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** देहात पुलिस जनसंपर्क और जागरूकता अभियान के तहत नगीना देहात पुलिस ने आज थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर नई आपराधिक संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आम नागरिकों को हालिया कानूनी सुधारों के बारे में जानकारी देना और उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना था। पहला कार्यक्रम इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल कादरपुर नानू आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर शैलेंद्र चौहान ने की। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों को भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में किए गए प्रमुख बदलावों और उनके सामाजिक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने यह भी समझाया कि नागरिकों के लिए इन कानूनों की जानकारी क्यों आवश्यक हैं दूसरा कार्यक्रम रायपुर चौराहा थाना नगीना देहात नूरजहां मार्केट में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर विस्तृत जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासी, युवा और समुदाय के प्रमुख लोग शामिल रहे इस अभियान के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 (B.N.S) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023( B.N.SS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 (BSA) के बारे में बताया गया इस कानून का मुख्य उद्देश्य आम जनता के लिए नागरिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ ,पारदर्शी और त्वरीत बनाना है कार्यक्रम में बताया गया कि नए कानून में जीरो एफ़ आई आर और ईइएफ़ आई आर प्रक्रिया को मजबूत किया गया है इसमें समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने महिला और बाल संरक्षण में संबंधित नए प्रावधान लागू करने तकनीकी और फॉरेंसिक साक्ष्य के अनिवार्य उपयोग को बढ़ावा देने तथा पीड़ित केंद्रीय न्याय प्रणाली को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया जनजागरूकता अभियान का हिस्सा हैं। इनका उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत करना, आपसी सहयोग बढ़ाना और लोगों को देश में हो रहे कानूनी बदलावों से अवगत कराना है। इस मौके पर उप निरीक्षक हिमांशु, कांस्टेबल आशीष धामा,महिला कांस्टेबल सरिता, इंस्पेक्टर शैलेंद्र चौहान मौजूद रहे

## अखिल भारतीय किसान सभा का सम्मेलन आयोजित




**= विदेशी कंपनियों को जमीन सौंपने की नीति बना रही है केंद्र सरकार= कामरेड डीपी सिंह**

**= किसान सभा के सम्मेलन उमड़ा किसानों का सैलाब**

**उत्तर भारत संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल सोती में अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन आयोजित किया, किसानों को संबोधित करते हुए किसान सभा के वरिष्ठ नेता कामरेड डीपी सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की जमीन विदेशी कंपनियों को सौंपने की नीति बना रही है।

नांगल सोती के समीपवर्ती गांव खानपुर के वी के फार्म हाउस में अखिल भारतीय किसान सभा जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। किसानों की आम सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता वरिष्ठ माकपा नेता और राज्य कमेटी सदस्य कामरेड डीपी सिंह ने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार किसानों के हितों की खिलाफ नीतियां बना रही है, विदेशी कम्पनियों को लाभ पहुंचाने के लिए नीतियां बनाई जा रही है। किसानों की जमीनों पर विदेशी कंपनियों की नजर है, किसानों की जमीनों को हड़पने के लिए केंद्र की सरकार नीतियां बना रही है,

किसानों से उनकी जमीनें भूमि अधिग्रहण के नाम पर देसी विदेशी कम्पनियों को सौंपी जा रही है, भूमि अधिग्रहण के नाम पर कीमती कृषि भूमि सरकार की नीतियों के कारण जबरन कंपनियों को सौंपी जा रही है। वही किसानों को उनकी फसलों के वाजिब दाम नहीं मिल पा रहे है, जिस कारण देश में हर रोज किसान आत्म हत्या के लिए मजबूर हो रहा है। जल नीति के नाम पर बड़ी बड़ी नदियां कम्पनियों को सौंपी जा रही है। बीजों के नाम पर विदेशी कम्पनियों किसानों को ठगने का काम कर रही है। सम्मेलन में किसानों बड़ी तादाद मौजूद रही, सम्मेलन की अध्यक्षता राजपाल सिंह और संचालन माकपा जिला मंत्री कामरेड विजेंद्र सिन्हा ने की। इस दौरान कामरेड हरपाल सिंह, कामरेड रामपाल सिंह, डॉ लड्डुन , संदीप सिंह, विजय चौधरी, शमशाद हुसैन, शराफत हुसैन, संतराम सिंह, अमर सिंह, तुलाराम सिंह, राघव प्रताप एडवोकेट, कामेंद्र सिंह, मांगेराम सिंह, प्रमोद कुमार, नफीस अहमद आदि किसान और किसान सभा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पोषण समिति की बैठक का किया गया आयोजन




**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर ।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सेशन के अवसर पर सभी सीडीपीओ अपने-अपने केंद्रों का निर्धारित चेक लिस्ट के आधार पर निरीक्षण करना सुरक्षित करें और यदि वहां किसी चीज की कमी पाई जाए तो निरीक्षण व्याख्या में उसको अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए ताकि उस कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की निरीक्षण कार्य के फोटोग्राफ भी निरीक्षण आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण, वजन मशीन सहित सभी उपकरण एवं सभी आवश्यक सामग्री से संतृप्त करना सुनिश्चित करें और यदि कहीं किसी उपकरण अथवा सामग्री की आवश्यकता हो तो तत्काल संयमित करें ताकि उसको उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से वजन कराना सुनिश्चित करें, यदि इस महत्वपूर्ण कार्य में गड़बड़ी होना प्रकाश में आता है तो संबंधित सीडीपीओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो बच्चे सेम श्रेणी में हैं और उनका वजन नहीं बढ़ रहा अथवा उनके स्वास्थ्य सुधार नहीं हो रहा है तो उनको चिन्हित कर उनका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए और उनको प्राथमिकता के आधार पर जिला अस्पताल स्थित एनआरसी में भर्ती कराया जाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान वर्तमान माह में एनआरसी में कुल 17 बच्चों का भर्ती होना प्रकाश में आया।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि डीपीओ सभी सीडीपीओ और अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कार्यों की मॉनिटरिंग करें और जिस स्तर पर कार्य में शिथिलता पाई जाए, संबंधित को सचेत करने की कार्यवाही करें, यदि उसके बाद भी कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं पाया जाता तो उसका जवाब तलब करें। आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्रों पर वजन मशीन, इन्फेन्टोमीटर आदि सभी उपकरण अद्यतन रखें और पुष्टाहार का नियमित और समयबद्वता के साथ वितरण सुनिश्चित करें। सेम तथा अन्य कुपोषित बच्चों को इसी माह शत प्रतिशत रूप से दवाईयों का वितरण तथा पोर्टल पर सेम बच्चों की फीडिंग का अपडेशन भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बैठक में पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, पोषाहार वितरण की स्थिति, ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग, सैम बच्चों का एनआरसी, वजन मशीन, सहित सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित मानकों के अनुसार दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकार रणविजय सिंह, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी , जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी, डीसी-मनरेगा सहित समस्त आईसीडीएस विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं आपरेशन कायाकल्प की आयोजित की गई बैठक

**बिजनौर ।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने स्कूलों के निरीक्षण के लिए नामित किए गए विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की जिन अधिकारियों द्वारा स्कूलों का निरीक्षण नहीं किया गया है उनसे जवाब तलब करना सुनिश्चित करें इसी के साथ ही उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार स्कूलों के निरीक्षण का कार्य शत प्रतिशत रूप से पूरा करें तथा इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार के शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के निरीक्षण के लिए एसडीएम से संपर्क कर रोस्टर तैयार करें ताकि उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का निरीक्षण कराया जा सके। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन जर्जर विद्यालयों में पोलिंग केंद्र स्थापित हैं, उनके स्थान पर आसपास शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों को तलाश कर उनका संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण कराएं ताकि उक्त संबंध में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को यह भी निर्देश दिए की प्रत्येक स्कूल में कंप्यूटर कि मेंटेनेंस के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करें और उनसे प्रतिमाह रिपोर्ट तलब करें यदि किसी कंप्यूटर में कोई कमी पाई जाए तो तत्काल उसको दूर कर प्रयोगार्थ बनाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में बच्चों के अभिभावकों के साथ मीटिंग आयोजित कर बच्चों को तत्काल रूप से दो-दो स्वेटरों की खरीद कराएं, जिनके क्रय के लिए शासन द्वारा अभिभावकों के खातों में पूर्व में धनराशि का अंतरण किया जा चुका है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि रसोइयों को उनके मानदेय का शत प्रतिशत रूप से भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बच्चों के आधार कार्ड पूर्ण कराने के लिए विशेष कैंपों के आयोजन के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकार रणविजय सिंह, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कासना सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## उप जिलाधिकारी धामपुर को पत्र लिखा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजना के अंतर्गत फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर स्थानांतरित किए जाने के लिए नगर पालिका नहटौर की ओर से उप जिलाधिकारी धामपुर को पत्र लिखा गया है। करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से एफएसटीपी का निर्माण करते हुए नहटौर नगर के नालों के गंदे पानी को शुद्ध किया जाएगा।

नहटौर नगर पालिका की बोर्ड की बैठक में नगर से निकलने वाले पांच बड़े नालों का गंदे पानी को शुद्ध करने के लिए एफएसटीपी प्लांट का निर्माण कराया जाने हेतु प्रस्ताव रखा गया था, जिसको सर्वसम्मति से पास किया गया था। जिसके तहत स्वच्छ भारत मिशन 2 योजना के अंतर्गतनफौकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण हेतु नगर पालिका ने ग्राम काजियान में खसरा नंबर 344 क्षेत्रफल 0.1070 हेक्टेयर भूमि चिन्हित किया गया। नगर पालिका ने उक्त भूमि को एफएसटीपी निर्माण के लिए चिह्नित करते हुए राजस्व विभाग से नगर पालिका को स्थानांतरित किया जाने के लिए उप जिलाधिकारी धामपुर को पत्र लिखा है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि नगर का गंदा पानी गांगन नदी में जा रहा था। उक्त पानी को शुद्ध करने के लिए एफएसटीपी के निर्माण की योजना है। करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा। पांचों नालों के गंदे पानी को पहले बाईपास पर एकत्रित किया जाएगा।

वहां से पाईप लाईन से प्लांट तक पानी पहुंचाया जाएगा। उक्त प्लांट के चालू होने पर नगर से निकलने वाला पानी शुद्ध होने के बाद गांगन नदी में डाला जाएगा।

इसके लिए भूमि चिन्हित करते हुए स्थान्तरित किए जाने के लिए राजस्व विभाग को पत्र लिखा गया है।

## दुर्घटनाओं में एक युवती सहित चार लोग घायल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक युवती सहित चार लोग घायल हो गए। नूरपुर क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी कार्तिक (22) पुत्र रोहिताश सिंह तथा राधा (19) बलराम बुधवार दोपहर किरतपुर से अपने घर जा रहे थे। शादीपुर रोड पर गिलाडा के सामने उनकी बाइक में अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से कार्तिक की हालत को गंभीर देखते हुए मेडिकल अस्पताल रैफर कर दिया गया। इसके अलावा बाइक फिसलने से सुहेल (18) पुत्र शमशाद निवासी समसपुर हुसैनपुर व अमरीन (22) पत्नी नवाजिश निवासी सफीपुर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने गौ आश्रय स्थल किया गौ पूजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** गोपाष्टमी पर बुधवार को अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने नगर पालिका परिषद की ओर से संचालित कान्हा गौ आश्रय स्थल पहुंचकर गौ पूजन किया। उसके बाद उन्होंने वहां संरक्षित गोवशों को गुड व हरा चारा खिलाया। वहीं शीत ऋतु में गौवंश की देखभाल के लिए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गोशाला प्रभारी अतुल राज, रमेश चंद, विशेष कुमार, हर्ष जैन, गौरव त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** समधि के कत्ल के मामले में फैसला कराने का दबाव न मानने पर ग्राम नारायण खेडी निवासी राजपाल सिंह ने आरोपी पक्ष पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को दी है।

ग्राम नारायण खेडी निवासी राजपाल सिंह पुत्र नन्हे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार प्रातः लगभग 5 बजे शौच के लिए अपने जंगल की ओर जा रहा था। घर से कुछ दूरी पर अचानक पीछे से विकास, दीपक, जयपाल, पकज निवासी ग्राम गावडी बुजुर्ग, रिंकू निवासी ग्राम चन्दनपुरा तथा अंकुश निवासी ग्राम गांवडी पोटा ने आकर उसे घेर लिया। आरोपियों ने उसे डराया धमकाया कि जिस तरह तेरे समधि विजयपाल काटकर जान से मारा था उसी तरह तुझे भी जाने से मार देगें। नहीं तो जो उनके दो व्यक्ति जेल में हैं उन्हें फैसला कर रिहा करा दे। आरोप है कि उसके ऐसा करने से मना करने पर उन्होंने उसे मारा पीटा तथा धारदार हथियारों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। उसने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बाइक सवार पर गुलदार ने मारा झपटा घायल



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम चौहडपुर निवासी तेजपाल सिंह व रोहिताश कुमार (50) किसी काम से हल्दौर जा रहे थे। जब से गांव से कुछ ही दूर पर स्थित आश्रम के पास पहुंचे तो ईख के खेत ने निकलकर अचानक उनकी बाइक पर गुलदार ने झपाटा मार दिया। इस पर दोनों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर गुलदार वापस ईख के खेत में घुस गया। घटना में पीछे बैठा रोहिताश गुलदार के पंजे लगने से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना से ग्रामीणों में डर का माहौल है। उन्होंने वन अधिकारियों से गुलदार को पकड़वाने की मांग की है। इसके अलावा धनुपुरा अंबर निवासी राजीव कुमार अपनी पत्नी पूजा (32) को दवाई दिलाने के लिए मलपुरा जा रहा था। नरायणपुर व जमालपुर के बीच रास्ते में उनकी बाइक पर गुलदार ने झपाटा मार दिया। पूजा के पैर में गुलदार के नाखून लगे। शोर मचाने पर गुलदार खेत में भाग गया। पूजा को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## नगीना श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में निकली तीसरी प्रभात फेरी

**नगीना।** सिक्खों एवं सभी भारतवासियों के आस्था के प्रतीक श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पूरब के उपलक्ष में शब्द कीर्तन करते हुए निकाली प्रभात फेरी प्रभात फेरी में सबसे आगे निशान साहिब तथा उनके पीछे गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, भाई तारा सिंह,भाजपा नेता रोहित रवि, हरमीत मल्होत्रा, ढोलक एवं वाद्य यंत्र बजाते हुए चल रहे थेद्य बताते चलें गुरुद्वारा संत सभा नगीना द्वारा 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं ,इस क्रम में आज तीसरी प्रभात फेरी सभी संगतों के सहयोग से बहुत ही श्रद्धा के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी में संगत शब्द कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा संत सभा नगीना से प्रारंभ होकर तहसील, नगर पालिका एवं डाकघर होते हुए अंबेडकर नगर नगर स्थित मास्टर धर्मवीर सिंह के निवास पर गई। प्रभात फेरी का अंबेडकर नगर में कई स्थानों पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया।शब्द कीर्तन, अरदास एवं प्रसाद वितरण के बाद प्रभात फेरी वापस गुरुद्वारे आकर पूर्ण हुई।प्रभातफेरी में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा संत सभा नगीना सरदार केवल पाल सिंह आदि मौजूद थे।

## सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना अजीमनगर क्षेत्रान्तर्गत लालपुर डैम, कोसी नदी घाट पर कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं द्वारा किये जाने वाले स्नान व लगने वाले मेला के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं पैदल गस्त की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## लगाई गई टंकी में नहीं पहुंच रहा पानी

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर जी ने किया क्षेत्र का दौरा कई गांव में भ्रमण कर कर क्षेत्र की समस्याएं जानी और साथ में रहे साथी ग्राम लटूरा ग्राम छतौनी ग्राम धनियापुर ग्राम ताजपुर बहता इन सभी ग्रामों में भ्रमण करके क्षेत्र की समस्याएं जानी ग्रामीण में बताया की सरकार द्वारा टंकी तो लगाई गई है पर अभी तक किसी टू टी में पानी नहीं आ रहा है राम बहादुर सागर में बताया की सरकार की जो योजना है गरीब जान तक नहीं पहुंच पा रही हैं आधार में ही लटकी हुई हैं सरकार का हिंदू मुस्लिम पर ध्यान है जनता के विकास की ओर बिल्कुल भी धेयान नहीं है साथ में मौजूद रहे मुकेश यादव रोहित सागर हीरालाल सागर नेता बदन सिंह यादव हरिहरन सागर ऋषिपाल सागर

## जान जोखिम में डालकर भर रहे सवारियां

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** रामपुर के नए रोडवेज के सामने लंबा जाम लग जाता है जिसका कारण सड़कों पर सवारियां भरना है नई रोडवेज को बने हुए कई साल हो चुके हैं लेकिन आज तक रोडवेज के अंदर से बस चालक सवारियां नहीं भरा रहे ना ही इस पर कोई अधिकारी विशेष ध्यान देता है ना ही रोडवेज के डीआरएम इस पर कोई एक्शन लेते यह प्रक्रिया रोज की तरह लगातार चल रही है रोडवेज के सामने एक नोटिस बोर्ड भी लगा रखा था जिस पर लिखा है की रोडवेज चालक सवारी अंदर से भर बाहर से सवारी भरने पर जुर्माना देना पड़ेगा लेकिन बोर्ड को नरेंद्र दास करने के बाद भी रोडवेज चालक सड़क से ही सवारियां चढ़ते और उतरते हैं रोडवेज चालक यात्रियों की जान जोखिम में डालकर सवारी का चढ़ना और उतारना एक आम बात हो गई है

## अनियमिताओं को लेकर दिया ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने तिलक नगर कॉलोनी कार्यालय पर व्यापारियों के साथ बैठक की और उसके बाद नगर मजिस्ट्रेट द्वारा मंडी समिति में हो रही अनियमिताओं को लेकर एक ज्ञापन दिया इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि दिनांक 27 /10 /2025 को सब्जी मंडी व्यापारी होरी लाल की सब्जी आढत से आठ कट्टे आलू चोरी कर लिए गए हैं साथी एक माह पहले जयपाल सैनी की चाय कैंटीन से चोरी कर ली गई है इससे पूर्व में भी लगभग 20 बार मंडी समिति कैंटीन में चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है जिस पर चोरों का खुलासा किया जाना आवश्यक था लेकिन अभी तक नहीं हुआ है साथ ही सब्जी मंडी के नीलामी चबूतरे पर मंडी समिति द्वारा जबरन तानाशाही कर मनमानी तरीके से धन क्रय केंद्र खोलकर खुला हुआ धान व धान के कट्टे सड़क पर खुलेआम डालकर सड़क पर ही अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है।

## 03 मृत हिस्ट्रीशीटर का रिकॉर्ड किया गया नष्ट

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में थाना भोट पुलिस द्वारा रजिस्टर नं0- 8 की चैकिंग अभियान के अन्तर्गत 03 हिस्ट्रीशीटर का सत्यापन उपरान्त एचएस खाका नष्ट करने की कार्यवाही नियमानुसार की गयी । जिनका विवरण निम्नवत है 01 )एचएस 73/ए शेरा उर्फ शेरअली पुत्र मेहन्दी अली निवासी ग्राम महेशपुरा थाना भोट जनपद रामपुर की मृत्यु हो जाने के कारण खाका नष्ट करने की कार्यवाही की गयी । हिस्ट्रीशीटर की मृत्यु के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान एवं परिजनों के द्वारा थाना भोट पर तहरीर एवं मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया था । 02 )एचएस 42/ए शरीफ पुत्र अलीशेर ग्राम नरखेडी थाना भोट जनपद रामपुर की मृत्यु हो जाने के कारण खाका नष्ट करने की कार्यवाही की गयी । हिस्ट्रीशीटर की मृत्यु के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान एवं परिजनों के द्वारा थाना भोट पर तहरीर एवं मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया था ।

03 )एचएस 23/ए मौ0 रफी पुत्र अली हुसैन निवासी ग्राम भोट थाना भोट जनपद रामपुर की मृत्यु हो जाने के कारण खाका नष्ट करने की कार्यवाही की गयी । हिस्ट्रीशीटर की मृत्यु के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान एवं परिजनों के द्वारा थाना भोट पर तहरीर एवं मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया था ।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर बैठक सम्पन्न

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के संबंध में जनपद के सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सक्रिय सहयोग प्राप्त करने और सभी बूथों पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति करने का अनुरोध किया, जिससे बीएलओ को एसआईआर के कार्य में सुविधा मिले। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु जारी दिशा-निर्देशों एवं कार्यक्रमों के अनुसार सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाएँ। किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित न हो और पात्र मतदाताओं को शामिल किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को मिशन मोड में संचालित किया जाए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए।

**राजकीय कन्या इंटर कॉलेज स्वार में 03 दिवसीय NCL जागरूकता अभियान के अनुपालन में जीरो एफआईआर, ई एफआईआर, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण प्रावधान, नए अपराध, साइबर अपराध और मिशन शक्ति फेस 5 के संबंध में जागरूक**



**करते हुए प्रभारी निरीक्षक महोदय थाना स्वार**

## ड्रग्स इंस्पेक्टर को लिखा पत्र

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अजीमनगर में झोलाछाप डॉक्टर रियाजुल हसन के इलाज से एक बच्चे की मौत हो गई। मामला थाना मिलक खानम क्षेत्र के सरकडी गांव निवासी सुनील पाल की ढाई साल की बेटी रागनी का डॉक्टर ने गलत इलाज किया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले में कोई कार्यवाही नही की, बल्कि ड्रग्स इंस्पेक्टर को पत्र लिखा है।सीएमओ डॉक्टर दीपा सिंह का कहना है कि मेडिकल स्टोर की आड में झोला छाप डॉक्टर प्रैक्टिस कर रहा था इसी दौरान बच्चे की मौत हो गई, मामला ड्रग्स इंस्पेक्टर से संबंधित होने के कारण मेडिकल स्टोर को सील कराकर एफआईआर दर्ज कराने हेतु पत्र लिखा गया है उनके द्वारा ही पूरे प्रकरण में कार्यवाही किया जाना है।

## वृक्षारोपण योजना को बनाया कमाई का जरिया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के नाम पर बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) बिलासपुर, स्वार टांडा, शाहबाद, मिलक और रामपुर रेंज में नर्सरी निर्माण से लेकर पौधा रोपण तक भ्रष्टाचार की जड़ें फैली हुई हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट और पर्यावरणविद मिसर यार खां ने पूरे मामले को उजागर करते हुए प्रभागीय वन निदेशक (डीएफओ) रामपुर को विस्तृत शिकायत भेजी है।

शिकायत के अनुसार, नर्सरी निर्माण और उसकी देखरेख में कार्यरत वास्तविक दैनिक वेतनभोगियों को भुगतान नहीं किया गया। इसके बजाय विभागीय अधिकारियों ने अपने सगे-संबंधियों और परिचितों के खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर कर दिए। इतना ही नहीं, असली श्रमिकों को भुगतान के बदले जंगल से लकड़ी काटने की मौखिक अनुमति दी गई, जिसके चलते हरे पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला शुरू हो गया। मिसर यार खां का आरोप है कि विभागीय रिकॉर्ड में नर्सरी उत्पादन और पौधों की संख्या के फर्जी आंकड़े दर्ज किए गए, जिससे विभाग को लाखों रुपये के राजस्व की हानि हुई। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत ट्री गार्ड की खरीद, बाड़बंदी और पौधारोपण में भी जमकर धांधली की गई।

## आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं/ शिकायतों को सुना गया, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 30.10.2025 को महिला सुरक्षा दल, जनपद स्तरीय द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं/ बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया ।

महिला सुरक्षा दल द्वारा छात्राओं एवं शिक्षकों को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930-साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।

## महिलाओं/बालिकाओं, छात्राओं को जागरूक किया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 30.10.2025 को महिला सुरक्षा दल, थाना सैफनी द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं व छात्र-छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया ।

महिला सुरक्षा दल द्वारा छात्राओं एवं शिक्षकों को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930-साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।


## अवैध नियुक्तियों के विरोध में डीज़एम को ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद, रामपुर में आउटसोर्सिंग की 30 नियुक्तियां अवैध रूप से किए जाने के विरोध में कल दिनांक 31/10/25 को जिलाधिकारी महोदय को एक ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें यह मांग की जाएगी की सफाई कार्य पर शत-प्रतिशत वाल्मीकि समाज और सभी नियुक्तियां जेम पोर्टल से किए जाएं। सभी बैरोजगार वाल्मीकि समाज के युवकों एवं युवतियों से अनुरोध है कि ठीक 10:00 बजे वाल्मीकि धाम कोसी रोड पहुंचे जहां से सभी डीज़एम साहब के यहां ज्ञापन देंगे।

## 32 गांव की बिजली 16 घंटे रही बाधित

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मसवासी।** टांडा दड़ियाल के बीच हाई टेंशन लाइन का खंभा अज्ञात वाहन ने तोड़ दिया जिससे मसवासी समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 16 घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। बुधवार की रात्रि लगभग 12 बजे किसी अज्ञात वाहन ने टांडा दड़ियाल के बीच सरकथल गांव के निकट मार्ग के किनारे स्थित खंभे को टक्कर मारकर तोड़ दिया। जिससे 33 हजार के बी लाइन टूट कर नीचे गिर गई और मसवासी नगर समेत चाउपुरा भूबरा बिजारखाता मोतीपुरा खोद खानपुर उत्तरी मानपुर उत्तरी धर्मपुर उत्तरी किशनपुर मौलागढ़ शिकारपुर हसनपुर उत्तरी पट्टी कला घोसीपुरा मिलक नोखरीद रहमतगंज सीतारामपुर कुंदनपुर अलीगंज मुकुंदपुर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति गुरुवार शाम 4 बजे तक बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को बिजली आपूर्ति का अभाव में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

## जिलाधिकारी ने की संवेदनशील पहल

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान आये दिव्यांगजन तहसील मिलक के ग्राम कमरो निवासी श्री अहमद शाह ने ट्राई साइकिल व बैशाखी की आवश्यकता संबंधी अनुरोध किया। जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने उनकी प्रार्थना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा मौके पर ही दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल और एक जोड़ी बैशाखी उपलब्ध कराई गई। अहमद शाह ने ट्राई साइकिल प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की एवं जिलाधिकारी का आभार जताया।

## एक भारत आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत आयोजित होगें विविध कार्यक्रम

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारत रत्न, लौह पुरुष, भारतीय एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभ भाईपटेल की 150 जयंती पर ''एक भारत आत्मनिर्भर भारत'' अभियान के अन्तर्गत आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने विस्तृत जानकारी देते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल, जिन्हें भारत के लौह पुरुष के रूप में याद किया जाता है, की 150वीं जयन्ती का महत्वपूर्ण अवसर है। एक दूरदर्शी राजनेता और राष्ट्रीय एकता के निर्माता, सरदार बल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद 560 से अधिक रियासतों को एक राष्ट्र में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया है। उनकी चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने और एकता, देशभक्ति और सेवा के उनके आदर्शों को सुदृढ़ करने के लिए, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूरे देश में सरदार 150 समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान के सम्बन्ध में सभी नागरिकों व विशेषकर युवाओं में जागरुकता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

## प्रदेश में 20वें स्थान पर पहुँचा रामपुर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान के तहत फीडबैक की प्रगति बढ़ाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में दो दिवसीय फीडबैक इलेक्शन मोड की शुरूआत की गयी, जिसके तहत सभी विकास खण्डों, नगरीय निकायों एवं जनपद स्तरीय कार्यालयों में इलेक्शन मोड में फीडबैक कराया गया। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश ने बताया कि इस अभियान के पहले दिन 30 अक्टूबर, 2025 को जनपद रामपुर में कुल 10,540 फीडबैक कराये गये, जिससे रामपुर प्रदेश में 20 वें स्थान पर है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से 8.401 एवं नगरीय क्षेत्रों से 2,139 फीडबैक कराये गये। ग्रामीण क्षेत्र के विकास खण्ड चमरौआ और नगरीय क्षेत्र रामपुर में सर्वाधिक फीडबैक कराया गया।

## 50 टी.बी. मरीजों को आहार किट का वितरण किया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह की उपस्थिति में भारत गार्डन के मालिक शत्रुघ्न तनेजा के सहयोग से 50 टी.बी. मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा धिकारी ने आमजन से अपील की कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, खांसी के साथ बलगम आना, तेजी से वजन कम होना, शाम के वक्त बुखार बने रहना, सीने में दर्द होना जैसे लक्षण पाए जाने पर नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर बलगम् की जाँच करायें। उन्होंने बताया कि टी.बी. रोगियों की बलगम जॉच से लेकर इलाज तक निःशुल्क किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री जी का विजन वर्ष 2025 के अंत तक भारत को टी.बी. मुक्त कराना है।

## महिला सशक्तिकरण एवं काउंसलिंग का कार्यक्रम हुआ

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. सुनीता के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण करियर काउंसलिंग एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में कैरियर संबंधी जागरूकता बढ़ाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त रूप से प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉ. अंकिता एवं प्रो. सबीहा परवीन ने छात्राओं को उनकी रुचि, योग्यता, कौशल एवं व्यक्तित्व के आधार पर उपयुक्त शैक्षणिक पाठ्यक्रम और कैरियर पथ चयन के संबंध में उपयोगी दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विभिन्न रोजगारोन्मुखी क्षेत्रों जैसे-शिक्षा, प्रशासन, आई.टी., समाज सेवा, बैंकिंग, पत्रकारिता एवं उद्यमिता के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की, जिससे छात्राओं को अपने भविष्य के लिए स्पष्ट मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना प्रभारी एस.एच.ओ. रजनी द्विवेदी एवं उनकी टीम ने छात्राओं से संवाद स्थापित किया। उन्होंने ÷नए भारत के नए कानून÷ विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा संगठित अपराधों के विरुद्ध सख्त प्रावधानों को लागू किया गया है।

## पुल टूटने से आवागमन ठप, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर असर

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सैफनी।** रामगंगा नदी का जल रझेड़ा नदी में मिल जाने से सैफनी क्षेत्र के चंद्रपुरखुर्द और बेरुआ गांवों को जोड़ने वाला रपटा पुल टूट गया है। इससे दोनों गांवों के ग्रामीणों का संपर्क कट गया है और उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को प्रदर्शन करते हुए जल्द से जल्द स्थायी पुल बनवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पुल टूटने के कारण बेरुआ से चंद्रपुरखुर्द जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। सबसे ज्यादा समस्या स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को हो रही है, जिनकी पढ़ाई लगभग ठप सी हो गई है। लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों ने अपनी सुविधा के लिए प्लास्टिक के ड्रम, बड़े वाहनों के ट्यूब और लोहे के जाल की मदद से एक अस्थाई पुल का निर्माण किया है। यह जुगाड़ का पुल बेहद खतरनाक है। इस पर पैदल चलने में भी डर लगता है, जबकि बाइक और साइकिल सवार जान जोखिम में डालकर डरते हुए इसे पार करते हैं। ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि वे पहले भी कई बार आलाधिकारियों से इसकी शिकायत कर चुके हैं। हालांकि, हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन देकर शांत करा दिया जाता है और अधिकारी इस गंभीर मामले पर चुप्पी साधे बैठे हैं। अधिकारियों के इस रवैये से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। इस मांग को लेकर हुए प्रदर्शन में मुकेश, मुफस्सिल पाशा, सोनू, राजकुमार, रविंदर, अब्दुल खालिद, भूरे, जुम्मा, जामिल, छत्रपाल, हरिओम, सरजीत, जोगेंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## बिहार में एक बार फिर बनेगी एनडीए की सरकार

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने बिहार के सीवान जनपद स्थित रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के दल को रामपुर से रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक बार फिर बिहार में प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी मिलक में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा की विचारधारा ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास÷ के मूलमंत्र पर आधारित है। बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार ने बीते वर्षों में जिस तरह सुशासन और विकास का मॉडल प्रस्तुत किया है, वह जनता के विश्वास का प्रतीक है। कहा कि बिहार में सुशासन और विकास की यात्रा जारी रहेगी। हमारे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के अथक प्रयासों की बदौलत एक बार फिर एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। जनता ने जो भरोसा भाजपा पर जताया है, उसे हम और मजबूती देंगे।

## नऐ जिलाधिकारी से मिला सांसद प्रतिनिधि मंडल

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी के प्रतिनिधि मंडल ने आज जनपद रामपुर में आए नए जिलाधिकारी महोदय अजय कुमार द्विवेदी को रामपुर का जिलाधिकारी बनने पर गुलदस्ता देकर मुबारकबाद दीसांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी के मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट ने बताया कि हम जिलाधिकारी महोदय से आशा करते हैं कि वह रामपुर के विकास के साथ-साथ रामपुर में अमन चैन व सौंदर्यीकरण के लिए सराहनीय काम करेंगे इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर रामपुर नगर पालिका के प्रतिनिधि डॉक्टर अब्दुल सलाम बिलासपुर नगर पालिका के प्रतिनिधि अथर खान डा0 मकतूब अहमद, हाफिज नूरी नासिर शेख याकूब खान आसिफ अली उस्मान आदि ने जिला अधिकारी को मुबारकबाद दी

# संक्षिप्त समाचार

## सूफी मोहम्मद हसन शाह का उर्स हुआ खत्म



**मिलक।** रामपुर संदल शरीफ और गुशल के बाद हजरत ख्वाजा सूफ़ी मोहम्मद हसन शाह का उर्स आज खत्म हो गया तहसील क्षेत्र के मुर्शीद नगर भैसोड़ी शरीफ स्थित दरगाह मोहम्मद हसन शाह का सालाना उर्स के आज आखिरी दिन आज सुबह 11:00 बजे संदल शरीफ का जुलूस सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह की सर परस्ती मे उनके आस्ताने से शुरू हुआ जो ग्राम के विभिन्न मार्गों पर होता हुआ दरगाह शरीफ पर आकर खत्म हुआ संदल शरीफ के बाद गुशल हुआ बाद नमाज-ए- ईशा महफिलों रंगो शमा का प्रोग्राम हुआ जो देर रात तक चलता रहा इन सभी प्रोग्राम के बाद सालाना उर्स खत्म हो गया और जायरिनो का वापस लौटने का सिलसिला शुरू हो गया।

## 02 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार



**स्वार।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी स्वार महोदय के पर्यवेक्षण में थाना स्वार पुलिस द्वारा अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत अलग अलग प्रकरण मे लडाई झगडे पर आमदा 02 नफर अभियुक्तगण *1. सूरजपाल पुत्र नन्हे सिंह नि0 ग्राम धनौरी थाना स्वार जनपद रामपुर 2. जगदीश पुत्र तेज सिंह नि0 सुल्तानपुर पट्टी थाना बाजपुर जिला उधमसिंह नगर * में गिरफ्तार किया गया। बाद विधिक कार्यवाही अभि0 को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## आपराधिक कानून के संबंध में किया गया जागरुक



**रामपुर।** क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना गंज एवं मिशन शक्ति केन्द्र थाना गंज टीम के साथ रजा डिग्री कॉलेज जनपद रामपुर में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई । उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है । इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने सभी को नए कानूनों की बारीकियों को समझने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इनका पालन करने तथा आम नागरिकों को भी इनके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।

## विवाह के 06 माह के भीतर करें आवेदन

**रामपुर।** श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हित में संचालित कन्या विवाह सहायता योजना का लाभ प्रदान किए जाने हेतु योजना में संशोधन किया गया है। सहायक श्रमायुक्त श्री राजकुमार ने बताया कि निर्माण श्रमिक की पुत्री का विवाह सम्पन्न होने के 06 माह के भीतर योजना के अंतर्गत समस्त अभिलेखों सहित बोर्ड की बेवसाइट से आवेदन करें। सामूहिक विवाह एवं अन्य प्रकार के विवाह प्रकरणों में संबंधित रजिस्ट्री कार्यालय से विवाह का पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा तथा स्वप्रमाणित विवाह प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा। आवेदक द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत हितलाभ प्राप्त किए जाने हेतु इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनके द्वारा राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा किसी प्रकार का कोई विवाह संबंधी हितलाभ प्राप्त नहीं किया गया है और कोई तथ्य छुपाया नहीं गया है। पंजीकृत निर्माण श्रमिक को कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत समस्त अर्हताओं की पूर्ति की स्थिति में उसकी पुत्री अथवा पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक के स्वयं के विवाह हेतु 65 हजार की धनराशि आर्थिक सहायता के रुप में प्रदान की जाएगी तथा अंतर्जातीय विवाह हेतु 75 हजार की धनराशि प्रदान की जाएगी।

## 01 वारण्टी गिरफ्तार



**सिविल लाइन।** थाना सि0ला0, रामपुर पुलिस द्वारा एक वारंटी रोहित स्तौगी पुत्र सुनील कुमार नि0 मौ0 172 गंज कदीम हरीहर की बगीचा थाना गंज रामपुर संबंधित केस नं0 530/24 धारा 138 एनआईएक्ट को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## 01 वारण्टी गिरफ्तार




**केमरी।** थाना केमरी, रामपुर पुलिस व मिशन शक्ति टीम द्वारा 01 वारंटी ज्ञानी सिहं पुत्र सुम्मेरीलाल निवासी ग्राम हुरमतनगर थाना कैमरी जिला रामपुर सम्बन्धित वाद सं0-728/2023 धारा 125(3) द0प्र0स0 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया



**रामपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब, रामपुर द्वारा आज दिनांक 30-10-2025 को राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकर, जनपद रामपुर में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमान मोहनलाल सैनी, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रामपुर सादर उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर शालू कौशल प्रधानाचार्य राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज रामपुर सादर उपस्थिति रही एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान अभिलाष कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकर रामपुर ने की ।

## नये कानून के संबंध में किया गया जागरुक




**रामपुर।** समस्त थाना जनपद रामुर पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत भारतीय न्याय संहिता- 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता- 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम- 2023 (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए । कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों, डिजिटल सुरक्षा, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग, और नए कानूनों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया । विद्यार्थियों को विषयों की गहन समझ दिलाने हेतु वीडियो प्रेजेंटेशन और पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी साझा की गई ।

## सिख समुदाय द्वारा निकाली गई प्रभातफेरी

**बिलासपुर।** श्रीगुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समुदाय द्वारा आठवें दिन भी प्रभातफेरी निकाली गई।साथ ही संगत ने ढोल-मंजीरे की ध्वनि और भजन गाते हुए नगर में भ्रमण किया गया।नगर माठखेड़ा मार्ग स्थित गुरुद्वारा श्री सिंह सभा परिसर में संगत एकत्र हुई।जहां नित नेम का पाठ व अरदास के बाद निशान साहिब की अगुवाई में प्रभातफेरी प्रारंभ हुई।सबसे आगे युवक निशान साहिब लेकर चल रहे थे।साथ ही पीछे-पीछे संगत भजन-कीर्तन करती हुए चल रही थी।प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर केमरी मार्ग पर मनदीप सिंह के आवास पर पहुंची।जहां पर प्रभातफेरी के स्वागत के बाद जलपान कराया गया। ढोल-मंजीरे की मधुर ध्वनि के साथ वाहे गुरु सतनाम के जयकारों संग नगर भ्रमण किया। स्त्री, पुरुष और बच्चे श्री गुरु नानक देव के भजन गाते हुए शामिल हुए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

# राजगढ़ी सरनौल मोटर मार्ग में खराब डामर से ग्रामीण नाराज

**उत्तरकाशी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के तहत सड़कों के खराब डामरीकरण के दर्जनों सड़कों की सूचना हैं, जिनमें मुख्य रूप से गुणवत्ता से समझौता, खराब रखरखाव शामिल है। राजगढ़ी सरनौल मोटर मार्ग पर ग्रामीणों ने खराब गुणवत्ता की चिंता व्यक्त की है और सड़क की मोटाई बढ़ाने का सुझाव दिया है। कई मामलों में, भारी वाहनों के कारण सड़कें जल्दी उखड़ जाती हैं और उनका नवीनीकरण भी नहीं हो पाता।



सरनौल के ग्राम प्रधान बालेन्द्र सिंह रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य आचार्य मनोज सेमवाल ने सड़क को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिकारियों से वार्ता की है। इधर सरनौल गांव के बलवीर सिंह राणा ने कहा कि यह सड़क पांच गांव सरनौल, आठ गांव सरबडियार क्षेत्र समेत राजगढ़ी, फरी, गंगटाडी, मणपा कोटी के हजारों लोगों की लाईफ लाईन है। लेकिन सड़क की हालत देखकर विभाग के कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। आखिर करोड़ों रुपए खर्च कर सड़क की गुणवत्ता में सुधार क्यों नहीं हो रहा। उन्होंने वर्तमान समय में हो रहे पैंच वारक पर भी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यदि इस समय डामर मानकों के हिसाब से नहीं हुआ तो अगले बरसात में यह उखड़ जायेगा और सड़क की हालत ऐसी ही हो जायेगी। उन्होंने कहा हम इस सम्बन्ध में विभाग से वार्ता करेंगे।

जिले के लोनिवि, पीएमजीएसवाई, अन्य एजेंसियों को स्पष्ट आदेश दिए गए हैं कि अक्टूबर के अंतिम महीने तक जिले की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिये गये है। गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा यदि कहीं गड़बड़ी पाई जाती हैं उनके विरोध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# बिहार में एएसआई की गला रेतकर हत्या, पुलिस ने सुनसान इलाके से शव किया बरामद

**सिवान।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस सतर्क होने का दावा कर रही है। इस बीच, सिवान में एक पुलिस अधिकारी की हत्या की खबर सामने आई है।

अज्ञात अपराधियों ने सिवान के दरौंदा थाना में पदस्थापित एएसआई की निर्मम तरीके से हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि अपराधियों ने धारदार हथियार से सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) की हत्या कर शव को सुनसान इलाके में फेंक दिया।

पुलिस ने गुरुवार को दरौंदा थाना क्षेत्र के बसांव नवका टोला से एक शव होने की खबर के बाद शव को बरामद किया, जिसकी पहचान एएसआई अनिरुद्ध कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक, दरौंदा थाना क्षेत्र में पदस्थापित एएसआई अनिरुद्ध कुमार सिविल ड्रेस में थे।

बुधवार की रात वह कहीं जा रहे थे, इसी दौरान अपराधियों ने धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी और उनके शव को सुनसान इलाके में फेंक दिया। दरौंदा के थाना प्रभारी विकास कुमार सिंह ने बताया कि शव देखने से स्पष्ट है कि अपराधियों ने धारदार हथियार से गला रेतकर इनकी हत्या कर शव को सुनसान इलाके में फेंक दिया गया है। हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि वे बुधवार की शाम सिविल ड्रेस में ही कहीं जा रहे थे। वे कहां जा रहे थे, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है तथा पूरे मामले की जांच की जा रही है। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक निर्देश दिए। संदिग्ध अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# प्रधानमंत्री गुजरात के एकतानगर में 1,219 करोड़ की विकास सुविधाओं और परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

*** विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत और उपलब्धियों को दर्शाने वाले एकत्व थीम पर आधारित 10 झांकियाँ प्रस्तुत की जाएंगी**

*** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होगा राष्ट्रीय एकता दिवस : जीतूभाई वाघाणी**

**गांधीनगर।** अखंड भारत के शिल्पकार, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को गुजरात के नर्मदा जिले के एकतानगर (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को उजागर करते हुए मनाई जाएगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवड़िया (एकतानगर) में आयोजित एकता दिवस पर ज़1,219 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास और आधारभूत परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

इस संबंध में प्रवक्ता मंत्री जीतूभाई वाघाणी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्रभाई मोदी की प्रेरणा से देशभर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष सरदार साहब की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का अत्यंत भव्य और बहुआयामी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाली परेड की तर्ज पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकतानगर में पहली बार एक भव्य मूविंग परेड आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत और उपलब्धियों को दर्शाने वाले एकत्व थीम पर आधारित 10 झांकियाँ प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 30 और 31 अक्टूबर को नर्मदा जिले के केवड़िया(एकतानगर) में आयोजित इस एकता दिवस समारोह में भाग लेंगे।

प्रवक्ता मंत्री वाघाणी प्रधानमंत्री 30 अक्टूबर को शाम 5.30 बजे वडोदरा से एकतानगर पहुंचेंगे और ई-बसों को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही ज़1,219 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास और आधारभूत परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर सरदार साहब की 150वीं जयंती पर स्मृति सिक्के और डाक टिकट का भी अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गुजरात को दी जाने वाली ज़1,219 करोड़ की परियोजनाओं में ज़367 करोड़ की लागत से बनने वाले द म्यूज़ियम ऑफ रॉयल किंगडम्स ऑफ इंडिया का भूमि पूजन तथा ज़303 करोड़ की लागत से बने बिरसा मुंडा भवन का उद्घाटन शामिल है। कुल मिलाकर ज़700 करोड़ से अधिक के शिलान्यास और ज़519 करोड़ की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों होंगे।

उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर की सुबह प्रधानमंत्री मोदी सरदार साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे और एकतानगर में भारत पर्व के अंतर्गत डैम व्यू पॉइंट-1 पर आयोजित साइक्लोथॉन कार्यक्रम का कर्टन रेज़र लॉन्च करेंगे। इसके अलावा 16 नवंबर को भारत और गुजरात सरकार के विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में साइकिलिंग फन राइड और 17 नवंबर को गुजरात सरकार के खेल विभाग के सहयोग से साइक्लोथॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर से साइकिल सवार भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार का डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग अपना आरंभ कार्यक्रम एकतानगर में आयोजित करता है। इस वर्ष इस कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के लगभग 660 प्रशिक्षु अधिकारी भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे और प्रशिक्षु सिविल सेवकों को प्रेरक मार्गदर्शन देंगे।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय एकता दिवस की इस परेड में बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, सीआरपीएफ, एसएसबी, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, असम, त्रिपुरा, ओडिशा, छत्तीसगढ़, केरल, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और एनसीसी मिलाकर कुल 16 कंटिजेंट्स भाग लेंगे। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के बीएसएफ के 16 पदक विजेता और सीआरपीकएफ पाँच शौर्य चक्र विजेता वीर जवान भी इस परेड में खुली जीपों में भाग लेंगे। इस परेड का नेतृत्व हेराल्डिंग टीम के लगभग 100 सदस्य करेंगे, जो रंग-बिरंगे परिधानों और विभिन्न वाद्ययंत्रों के साथ प्रदर्शन करेंगे।

# मुंबई समेत दस जिलों में येलो अलर्ट, तीन घंटे तक हल्की-मध्यम बारिश के आसार

**मुंबई।** भारतीय मौसम विभाग ने गुरुवार को महाराष्ट्र के दस जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट अगले तीन घंटे यानी सुबह दस बजकर बीस मिनट तक लागू रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, रायगढ़, रत्नागिरी, मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे, पालघर, पुणे, नासिक, सतारा और नांदेड़ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाएं और स्थानीय प्रणाली के कारण बादल छा गए हैं। सुबह से ही मुंबई, ठाणे और पालघर में आसमान पर घने बादल मंडरा रहे हैं और कई जगह हल्की बूंदाबांदी शुरू हो चुकी है।

पुणे और नासिक में भी मौसम बदला हुआ नजर आ रहा है। रायगढ़ तथा रत्नागिरी के तटीय इलाकों में समुद्री लहरें ऊंची हो सकती हैं, इसलिए मछुआरों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

पुलिस और नगर निगम की टीमें सतर्क हैं। मुंबई महानगर पालिका ने जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि निचले इलाकों में पानी न भरे। लोकल ट्रेन अभी सामान्य गति से चल रही हैं, लेकिन बारिश तेज हुई तो देरी संभव है। सड़क यातायात में फिसलन की आशंका को देखते हुए वाहन चालकों से धीरे चलने को कहा गया है।

स्कूल जाने वाले बच्चों के अभिभावक सुबह 10:30 तक मौसम का जायजा लेकर ही बच्चों को बाहर निकालें। दफ्तर जाने वाले लोग थोड़ा जल्दी घर से निकलें, ताकि बारिश की वजह से देर न हो। किसानों से अपील की गई है कि अगर खेत में फसल कटाई का काम चल रहा है, तो उसे कुछ घंटे टाल दें।

मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक, यह बारिश का दौर अस्थायी है और दोपहर बाद मौसम साफ होने की उम्मीद है। फिर भी येलो अलर्ट के समय सतर्क रहना जरूरी है। विभाग दोपहर एक बजे अगले चौबीस घंटे का पूरा पूर्वानुमान जारी करेगा। बारिश से तापमान में गिरावट आएगी और उमस कम होगी, जो लोगों के लिए राहत की बात है।

# आयकर विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी

*** जांच में जुटी दिल्ली से आई टीम**



**बिजनौर।** धामपुर में शुगर मिल पर दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीम की कार्रवाई गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रही। बुधवार की सुबह शुरू हुई यह छापेमारी 30 घंटे से अधिक समय से लगातार चल रही है। विभाग की टीम ने न केवल मिल परिसर बल्कि धामपुर शुगर ग्रुप से जुड़े अन्य संस्थानों में भी दस्तावेजों और वित्तीय अभिलेखों की गहन जांच की।

सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग की टीमों ने धामपुर शुगर मिल के साथ-साथ कॉर्पोरेट दफ्तरों और ग्रुप से जुड़ी करीब 18 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। जांच के दौरान विभागीय अधिकारियों ने वित्तीय लेनदेन, निवेश, खातों और आपसी लेनदेन से जुड़ी फाइलों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। विभाग की टीम के साथ तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। जिन्होंने कंप्यूटर डेटा और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच की।

बुधवार रात भी कार्रवाई बिना रुके जारी रही। बताया गया है कि आयकर विभाग की टीम ने मिल के वरिष्ठ अधिकारियों को अपने साथ रखा हुआ है। किसी को भी बाहर जाने या घर लौटने की अनुमति नहीं दी गई है। अधिकारियों के मोबाइल फोन भी विभाग ने अपने पास रख लिए हैं ताकि किसी भी तरह की सूचना बाहर न जा सके। जांच टीम ने रातभर मिल के कॉन्फ्रेंस हॉल में वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और रिकॉर्ड की छानबीन की।

मिल के बाहर हालांकि सामान्य स्थिति बनी हुई है। गेट पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती पहले से अधिक है, लेकिन आसपास के बाजार और दुकानों में सामान्य गतिविधियां चल रही हैं। मिल के पास मौजूद दुकानदारों और स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्रवाई को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, लेकिन दैनिक कामकाज प्रभावित नहीं हुआ है।

धामपुर शुगर मिल में कुछ दिन पहले ही बॉयलर पूजन संपन्न हुआ था और गन्ना पेराई सत्र शुरू होने की तैयारियां अंतिम चरण में थीं। अब इस कार्रवाई के चलते सवाल उठने लगे हैं कि क्या इससे सीजन की शुरुआत पर कोई असर पड़ेगा। फिलहाल विभाग या मिल प्रबंधन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग की टीमें शुक्रवार को भी अपनी जांच जारी रख सकती हैं। विभाग के पास कुछ अहम दस्तावेज और डिजिटल डेटा हाथ लगे हैं। जिनकी बारीकी से जांच की जा रही है। विभाग की ओर से यह भी कहा गया है कि जांच पूरी होने के बाद ही आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा।

# पटना प्रमंडल में क्या इस पर छायेगा महागठबंधन या फिर राजग का रहेगा दबदबा

**पटना।** बिहार विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान आगामी 06 नवम्बर को होगा। पटना प्रमंडल में पटना सहित नालंदा, भोजपुर, बक्सर, भभुआ और रोहतास जिलों के विधानसभा क्षेत्र आते हैं। राज्य की 43 (17.61 प्रतिशत) विधानसभा सीटें इस प्रमंडल में हैं।

गत दो चुनावों से मगध क्षेत्र के पटना और नालंदा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) तो शाहाबाद के चारों जिलों में महागठबंधन का दबदबा है। नालंदा में जदयू जिसके साथ रहा, पलड़ा उसी का भारी रहा। वर्ष 2020 में इन 43 सीटों में से 13 पर राजग गठबंधन और 29 पर महागठबंधन का कब्जा रहा था, जबकि एक सीट अन्य के खाते में गई थी।

इस बार लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा होने का लाभ कुछ सीटों पर मिल सकता है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और भोजपुरी गायक सह अभिनेता पवन सिंह का मिलन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को कितना लाभ पहुंचाता है, यह तो भविष्य बताएगा, लेकिन कार्यकर्ता इसका स्वागत कर रहे हैं।

बक्सर में 2015 से पहले वाली स्थिति प्राप्त करने के लिए भाजपा हर जुगत लगा रही है। गत वर्ष लोकसभा चुनाव में मैदान में निर्दलीय उतरे पूर्व आइपीएस आनंद मिश्रा जनसुराज से भाजपा में आ गए हैं। बक्सर में गत दोनों विधानसभा चुनाव में चारों सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवार जीते थें।

कैमूर जिले की चारों सीटों पर 2015 में कमल खिला था, लेकिन 2020 में चारों सीट हार गए। तीन पर राजद तो एक पर बसपा के जमा खां जीते। जमा खां बाद में जदयू से जुड़ गए। वह नीतीश कैबिनेट में मंत्री भी हैं।

रोहतास जिले में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को महागठबंधन की मजबूत काट ढूंढनी होगी। गत चुनाव में सातों सीटों पर महागबंधन के उम्मीदवार जीते थे। भोजपुर की बात करें तो गत चुनाव में जिले की सात सीटों में केवल दो ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पाले में आई थी। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का यहां खाता भी नहीं खुला था। गत दो चुनावों का परिदृश्य यह रहा है कि शाहाबाद क्षेत्र में महागठबंधन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कोर वोट में सेंधमारी करने में सफल रहा है।

अनंत सिंह और सिद्धार्थ के प्रभाव का भी होगा आकलन

वरिष्ठ पत्रकार अरुण पाण्डेय ने बातचीत में कहा कि मोकामा से गत उपचुनाव में बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी राजद के सिंबल पर जीती थीं। इस बार अनंत सिंह स्वयं ही जदयू के टिकट पर मैदान में हैं। बिक्रम से कांग्रेस के विधायक सिद्धार्थ सौरभ भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। यह चुनाव इन दोनों नेताओं का व्यक्तिगत प्रभाव को भी 2025 के चुनाव में तय करेगा। दोनों ही भूमिहार जाति से आते हैं। इनकी अपने क्षेत्र में काफी पकड़ हैं। जहां अनंत सिंह बीते 20 वर्ष से मोकामा से एक बार भी नहीं हारे हैं, वहीं सिद्धार्थ सौरभ भी तीसरी बार विधानसभा पहुंचकर अपनी स्थिति को और मजबूत करना चाह रहे हैं।

अरुण पाण्डेय ने कहा कि पटना की चारों शहरी विधानसभा सीटें कई बार से भाजपा के हिस्से में है। इस बार भी इसमें संदेह नहीं कि यह चारों सीट भाजपा के खाते में नहीं जायेगी। हालांकि कायस्थ जाति की कुम्हरार सीट को लेकर थोड़ी नाराजगी है, लेकिन मतदान से पहले वह दूर हो जायेगी। उन्होंने कहा कि 2020 के मुकाबले पटना जिले में भाजपा का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर होगा। बता दे कि 2015 में भाजपा ने जहां पटना जिले की आधी सात सीटें प्राप्त की थी तो गत चुनाव में पांच पर सिमट गई। जदयू का खाता भी नहीं खुला। गत चुनाव में 14 में से नौ सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवार जीते। फुलवारीशरीफ से विधायक रहे श्याम रजक राजद छोड़कर जदयू में आ गए हैं। यह सीट अभी भाकपा माले के पास है। यहां रोचक चुनाव की संभावना जताई जा रही है।

वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने बातचीत में कहा कि नालंदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गृह जिला होने के साथ-साथ जदयू का गढ़ है। यहां की सात में से पांच सीटों पर दोनों चुनाव में जदयू के उम्मीदवार जीते हैं। भाजपा और राजद दोनों ने चुनाव में एक-एक सीट क्रमशः बिहारशरीफ व इस्लामपुर अपने नाम की है। गत चुनाव में हिलसा से राजद उम्मीदवार शक्ति सिंह यादव केवल 12 वोट से हारे थे। नालंदा की सात सीटों को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन आश्वस्त है। यहां राजग गठबंधन को हराना नामुकिन है,क्योंकि यहां क्षेत्रवाद के साथ नीतीश कुमार का काम भी लोगों को बहुत प्रभावित करता है।

# सहकारी समिति के धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया उपजिलाधिकारी ने



**उत्तम भारत संवाददाता**

**कादराबाद।** बुधवार को किसानों की शिकायत पर उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने कादराबाद किसान सेवा सह समिति के धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। धानक्रय केंद्र पर समय से किसानों का धान न तोले जाने की शिकायत थी। उपजिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र पंहुच कर मौका मुआयना किया ।समिति के धान क्रय केंद्र के सम्बंध ने क्षेत्र के किसानों ने कई कई दिनों तक अपना धान नही तुलवा पाने की शिकायत की थी । आरोप है कि सेंटर इंचार्ज विनोद कुमार सेंटर पर धान न तुलवा कर अन्यत्र स्थान पर धान तुलवा रहा है।इस मामले में उपजिलाधिकारी ने मौके पर पंहुच कर क्रय केंद्र का निरक्षण कर समिति कर्मियों से वार्ता की। जिसपर एमडी कुमेंश कुमार ने बताया कि सेंटर पर तोल के उपरांत धान की बोरियों को रखने की उचित व्यवस्था नही है।खुले में धान रखना पड़ रहा है।

जिसके चलते धान उठने पर अग्रिम तोल करानी पड़ेगी।इस बात पर ग्रामीण रूपक ठाकुर, सतीश कुमार, विजेंदर सिंह, नीरज कुमार, गुरदेव सिंह, अमर पाल आदि कहा कि इसकी व्यवस्था सरकार की है।किसानों को क्यो परेशानी उठानी पड़ रही है।इसपर उपजिलाधिकारी ने कहा कि में मिल वालो से बात कर शीघ्र व्यबस्था कराई जाएगी।

# सपा विधायक पूर्व मंत्री मनोज पारस ने कौशल विकास मिशन द्वारा हेल्थ केयर सेंटर ट्रेनिंग सेटर का फीता काटकर उद्घाटन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** नगीना स्टार बैंकट हॉल के पास में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा हेल्थ केयर सेक्टर की ट्रेनिंग सेंटर का विधायक नगीना (पूर्व मंत्री) उ0 प्र0 सरकार माननीय मनोज पारस जी ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर शुभारंभ किया77माननीय विधायक जी ने संस्थान के निर्देशक मेहताब अहमद , आफताब मेराज साहब, हाजी नईम अहमद , एवं स्टाफ महताब खान ,कु0गुलअफ्शा राहुल सैनी देवराज सैनी , इम्तियाज अहमद ,कु0 शबाना परबीन वसीम अहमद ,नदीम अहमद , सुल्तान अहमद , सभी को बहुत-बहुत मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष नगीना काजी सुहैल इकबाल , नितिन चौधरी उस्मान कुरैशी , जिला सचिव अकील मंसूरी ,मौहम्मद यामीन मास्टर धर्मवीर सिंह जी (गुरुजी),आजमगढ़ से डॉक्टर शमशु जुहा , डॉक्टर आरिफ , मुंबई से डॉक्टर शमीम अहमद , लखनऊ से डॉक्टर नफीसुल हसन , कोतवाली देहात से डॉक्टर शफीक अहमद , ग्राम टांडा से सरफराज अंसारी ,शाह आलम अंसारी , आदि नगीना के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चोरों ने कमरे की खिड़की पर लगे जंगले को उखाड़कर चोरी को दिया अंजाम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**जलीलपुर।** चांदपुर क्षेत्र के गाव सुल्तानपुर में यूट्यूबर नवीन सिंह के घर लाखों की चोरी कर ले गए चोर । चोरों ने मकान के ऊपरी कमरे का जगला उखाड़कर कर वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर क्षेत्राधिकारी देश दीपक थाना प्रभारी चांदपुर और फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, यूट्यूबर नवीन सिंह अपनी पत्नी के साथ यूट्यूब शूटिंग के लिए मथुरा गए हुए थे। बुधवार रात उनका परिवार घर में नीचे के कमरों में सोया हुआ था, जब की चोरी ऊपर के कमरे में हुई ।

देर रात करीब 3:30 बजे नवीन की माता ने उठकर देखा तो उनके कमरे की कुंडी बाहर से लगी हुई थी। उन्होंने जंगले से झाँककर देखा तो बाहर का मुख्य गेट खुला पाया। नवीन ने तुरंत फोन पर अपने पड़ोसियों को इसकी सूचना दी।

पड़ोसियों ने आकर मकान की कुंडी खोली और दूसरी मंजिल पर बने नवीन सिंह के कमरे में जाकर देखा। वहाँ सारा सामान बिखरा पड़ा था। नवीन की माता के अनुसार, चौर घर से लगभग 10 लाख रुपये नकद, 16 तोला सोना और 500 ग्राम चांदी चुरा ले गए। उन्होंने कुल चोरी करीब 30 लाख रुपये की बताई है।

घटना की जानकारी तत्काल थाना चांदपुर की जलीलपुर सीतामठ पुलिस चौकी को दी गई। सूचना मिलते ही थाना चांदपुर प्रभारी और चांदपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे , जिसने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।

मामले में क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह ने बताया कि घटना की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं और पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# एसडीएम कार्यालय में अपना ही ताला जड़ा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** नगर के एक श्मशान घाट की आराजी पर एक पक्ष द्वारा निर्माण किये जाने का मामला दिन प्रतिदिन तूल पकड़ने के साथ नित नये - नये मोड़ ले रहा है जहां पुलिस -प्रशासन श्मशान भूमि आराजी की नपाई कराने की भरपूर कोशिश कर मामले को निपटाने में लगा है वहीं मामले में भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) के कार्यकर्ता के साथ नाइंसाफी का आरोप लगाते हुए मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग को लेकर तहसील परिसर में पिछले 6 दिन से धरने पर बैठे - भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में अपना ही ताला जड़ दिया जिसे बाद में एसडीएम ने पुलिस की मौजूदगी में अपने कर्मचारियों से खुलवाया।

एक सप्ताह पूर्व नगर के मौहल्ला साहुवान निवासी दीपक साहू कुमार व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पति सौरभ मित्तल, प्रभात चंद गुप्ता, कुलदीप कुमार, सुभाष चंद्र अग्रवाल आदि



नगर वासियों द्वारा नगीना - बढ़ापुर मार्ग पर श्मशान घाट पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य की शिकायत थाना प्रभारी से करते हुये उसे रुकवाने व निर्माण कार्य करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की थी शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी अवनीत मान ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था लेकिन किसान यूनियन के कार्यकर्ता अपने साथी के साथ नाइंसाफी की बात कहकर एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए थे।

# मिशन शक्ति : बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** अफजलगढ़ के क्षेत्राधिकारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्रीपाल सिंह उप निरीक्षक हरवीर सिंह उप निरीक्षक शिवम् तायल है0 का0 राकेश यादव का0 सुलभ राणा का0 नितिन द्वारा मोहम्मदपुर राजौरी बस स्टैंड के पास तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान के बारे में लोगों एवं स्कूल के छात्र छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को जागरूक किया गया

*1. जीरो एफआईआर

2 ई एफआईआर

3 समय बद्ध न्याय

4 महिला एवं बाल संरक्षण के प्रावधान

5 नए अपराध

6 प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक के उपयोग से संबंधित प्रावधान

7 पीड़ित केंद्रित प्रावधान आदि पर जागरूकता

के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया । महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया तथा एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं उनकी समस्याएं पूछी गयी

# महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के विशेष अभियान के अंतर्गत आज ग्राम कमालपुर, विकासखंड मुज़फ्फराबाद, सहारनपुर में जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं/बालिकाओं को घरेलु हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर चर्चा करते हुये महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई,साथ ही सभी हेल्प लाइन नंबर जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, महिला पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181 पुलिस हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस सेवा 108 तथा 102 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 10/30/2025 10:03 PM Page 1



# लालू यादव धृतराष्ट्र हैं, बेटे तेजस्वी को युवराज बनाना चाहते हैं: जीतन राम मांझी

**पटना।** केंद्रीय जीतन राम मांझी ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने लालू यादव को धृतराष्ट्र बताते हुए कहा कि राजद में परिवारवाद हावी है, इसलिए वे अपने बेटे को युवराज बनाना चाहते हैं। मांझी ने कहा कि अगर पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी को सीएम पद का चेहरा घोषित किया जाता, तो शायद परिस्थितियां कुछ और होतीं।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के छठ पूजा को लेकर दिए बयान पर मांझी ने कहा कि राहुल गांधी बचकाना व्यवहार कर रहे हैं। उनमें कोई गंभीरता नहीं है। पहले भी सब यही कहते थे, लेकिन मैं विश्वास नहीं करता था। अब पूरा विश्वास है कि वर्तमान राजनीति में कोई इतना बचकाना व्यवहार नहीं करता। छठ पूजा का अनादर करने से न केवल त्योहार, बल्कि उनके अपने पूर्वज भी अपमानित होते हैं।

पार्टी के प्रत्याशी पर हुए हमले को लेकर मांझी ने कहा कि वे टेकारी जा रहे हैं और प्रत्याशी से मिलेंगे। वे सुनिश्चित करेंगे कि सरकार ने क्या कार्रवाई की है। उन्होंने दावा किया है कि विरोधी लोग गुंडई पर उतर आए हैं। वे समझ गए हैं कि वे चुनाव जीतने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राजद कार्यकर्ताओं से शराफत की उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। इसके पीछे हमारे उम्मीदवार की हत्या करने की साजिश है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। हम स्थानीय अधिकारियों से चर्चा करेंगे। कुछ लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

पूर्व सीएम राबड़ी देवी के नुक्कड़ सभा वाले बयान पर मांझी ने कहा कि चुनाव में नुक्कड़ सभा करना गरिमा के खिलाफ नहीं है। अमित शाह और पीएम मोदी सभाएं करेंगे। जब तक गांव-गांव के विकास को नहीं समझेंगे, तो विकास की परिभाषा कैसे गढ़ी जाएगी? सही जानकारी देना गलत नहीं है। राजद के लोग भ्रामक बातें कर रहे हैं। इसलिए, एनडीए की लोकसभा चुनाव में जितनी सीटें आनी चाहिए थीं, उतनी नहीं आईं। इस बार भी भ्रम फैलाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि सौभाग्य है कि पीएम मोदी और अमित शाह बिहार का दौरा कर रहे हैं, वे लगातार बिहार आ रहे हैं। बिहार में प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी।

दिल्ली में पीएम और बिहार में सीएम की वैकेंसी खाली नहीं होने वाले अमित शाह के बयान पर मांझी ने कहा, अच्छी बात है कि उन्होंने कहा। नीतीश कुमार हमारे सीएम का चेहरा हैं। भाजपा के अन्य नेता भी यही कह रहे हैं कि नीतीश कुमार ही चेहरा हैं।÷ तेजस्वी यादव के भविष्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी अभी सीएम बनने लायक नहीं हैं। इन्हें लोकतंत्र की किताब पढ़नी चाहिए। झूठ की बातों से कुछ नहीं होता। पोस्टर लगाने से कोई जननायक नहीं बन जाता।

## राबड़ी देवी का एनडीए पर तंज, कहा- 20 साल में विकास हुआ तो रैलियों की क्या जरूरत है?

**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बिहार में हो रही चुनावी सभाओं पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि अगर 20 साल में एनडीए सरकार में विकास हुआ है, तो बिहार में घूमने की क्या जरूरत है? नुक्कड़ सभाएं क्यों हो रही हैं? क्या यह सब शोभा देता है?



पटना में मीडिया से बातचीत में पूर्व सीएम ने कहा कि एनडीए ने 20 साल के शासन में बिहार की जनता को ठगने का काम किया है। अब जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है और बदलाव के लिए इस बार वोट करेगी। उन्होंने आगे कहा कि हम जनता के बीच जा रहे हैं। कोई भी एनडीए शासन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से खुश नहीं है। जनता मालिक है और विश्वास है कि इस बार बदलाव होगा। राबड़ी देवी ने दावा किया कि एनडीए ने पूरी ताकत इसलिए लगा दी है क्योंकि उन्हें पता चल गया है कि इस बार उनकी सरकार जाना तय है। इसी वजह से बार-बार अमित शाह और पीएम मोदी को चुनावी सभाएं करनी पड़ रही हैं।

बिहार में अगली सरकार किसकी बनेगी, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि हम जनता के बीच जा रहे हैं और उनकी आवाज सुन रहे हैं। सबकुछ जनता के हाथ में है। उम्मीद है कि 14 नवंबर को परिणाम अच्छा आएगा।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में पूर्व सीएम ने लिखा कि तेजस्वी सरकार बनने पर जीविका सीएम दीदियों को पक्की नौकरी, **30** हजार रुपए की तनख्वाह, **5** लाख रुपए का बीमा, सरकारी कामों के लिए **2** हजार रुपए का भत्ता और पहले के लोन का ब्याज माफ किया जाएगा, साथ ही जीविका दीदियों को अगले **2** वर्ष तक ब्याज मुक्त लोन भी मिलेगा। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम मोदी गुरुवार को मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इन सभाओं को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का फर्जी आधार कार्ड बनाने पर रोहित पवार के खिलाफ केस दर्ज

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक और युवा नेता रोहित पवार मुश्किल में फंस गए हैं। मुंबई के दक्षिण साइबर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ फर्जी आधार कार्ड बनाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। उन पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फर्जी आधार कार्ड बनवाने का आरोप है।

यह पूरा मामला तब शुरू हुआ, जब रोहित पवार ने खुद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कैसे फर्जी दस्तावेज की मदद से उन्होंने ट्रंप का आधार कार्ड बनवाया। उनका मकसद आधार कार्ड सिस्टम की कमजोरियों को उजागर करना था. लेकिन अब यही बयान उनके लिए मुसीबत बन गया है।

फर्जी आधार कार्ड बनाना कानूनन अपराध है। इसे राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा माना जाता है। बीजेपी के पदाधिकारी धनंजय वागस्कर ने इसकी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि रोहित पवार का यह कृत्य सार्वजनिक शांति भंग करने वाला और समाज के लिए खतरनाक है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। रोहित पवार के साथ-साथ वेबसाइट बनाने वाले, उसका इस्तेमाल करने वाले समेत अन्य लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 336(2), 336(3), 336(4), 337, 353(1)(बी), 353(1)(सी), 353(2) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एक्ट की धारा 66(सी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

ये धाराएं फर्जी दस्तावेज बनाने, पहचान छिपाने, कंप्यूटर सिस्टम में धोखाधड़ी और राष्ट्रहित को नुकसान पहुंचाने जैसे अपराधों से जुड़ी हैं।

## राज्य भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने टीवी रिपोर्टर और अधिकारियों को भेजा 100 करोड़ का मानहानि नोटिस

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा केरल के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राजीव चंद्रशेखर ने मलयालम न्यूज चैनल के टीवी रिपोर्टर और उसके आठ प्रमुख संपादकीय एवं रिपोर्टिंग अधिकारियों के खिलाफ मानहानि का नोटिस भेजा है।

भाजपा नेता के अनुसार, यह कार्रवाई चैनल द्वारा 26 अक्टूबर से लगातार प्रसारित की जा रही झूठी और भ्रामक खबरों के खिलाफ की गई है। बताया गया कि चैनल ने अपनी रिपोर्ट में चंद्रशेखर पर 500 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन की अवैध बिक्री के माध्यम से चोरी करने का झूठा आरोप लगाया।

रिपोर्ट में उन्हें कथित तौर पर बीपीएल कंपनी से जुड़ा बताया गया, जबकि चंद्रशेखर ने स्पष्ट किया है कि उनका इस कंपनी से कभी कोई संबंध नहीं रहा है। न तो वे इसके किसी पद पर रहे हैं और न ही उन्होंने किसी भी रूप में इस कंपनी से कोई व्यावसायिक जुड़ाव रखा है।

राजीव चंद्रशेखर ने इसे एक राजनीतिक रूप से प्रेरित मीडिया ट्रायल बताया। रिपोर्ट में उनके राजनीतिक करियर और प्रभाव के दुरुपयोग को लेकर भी कई अपुष्ट आरोप लगाए गए, जिन्हें पूरी तरह झूठा और आधारहीन बताया गया है।

कानूनी नोटिस में टीवी रिपोर्टर और संबंधित पत्रकारों से सात दिनों के भीतर कार्रवाइयों की मांग की गई है, जिसमें कहा गया है कि तुरंत सभी गलत खबरों और वीडियो को हर प्लेटफार्म से हटाया जाए।


टीवी रिपोर्टर के माध्यम से सार्वजनिक माफी जारी की जाए। भविष्य में चंद्रशेखर के खिलाफ किसी भी तरह के झूठे या भ्रामक बयान प्रसारित न किए जाएं। झूठी रिपोर्टिंग से हुई मानसिक पीड़ा, सामाजिक अपमान और प्रतिष्ठा को हुए नुकसान के लिए 100 करोड़ की मानहानि रकम अदा की जाए। चंद्रशेखर ने यह भी स्पष्ट किया कि यह पूरी राशि वे सामाजिक और परोपकारी कार्यों के लिए दान करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन झूठ फैलाने और चरित्र हनन की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती।

राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वे अपने सार्वजनिक जीवन की नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्ध हैं और उम्मीद करते हैं कि संबंधित मीडिया संस्थान अपनी गलती सुधारते हुए पत्रकारिता की जिम्मेदारी निभाएंगे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एक नवंबर से 15 नवंबर तक 'भारत पर्व' का आयोजन होगा: गृह मंत्री अमित शाह

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक नवंबर से 15 नवंबर तक गुजरात के एकता नगर में 'भारत पर्व' का आयोजन किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ÷सरदार पटेल का देश को एक करने, आज के भारत के निर्माण और 'एक भारत' बनाने में महत्वपूर्ण योगदान था। इस बार सरदार पटेल की 150वीं जयंती है। 2014 से हर 31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री केवड़िया जाते हैं और सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा के सामने एक परेड का आयोजन होता है। क्योंकि यह 150वीं जयंती है, इस बार विशेष आयोजन हो रहा है।



उन्होंने कहा, गृह मंत्रालय ने तय किया है कि हर 31 अक्टूबर को भव्य परेड का आयोजन होगा। परेड के दौरान सुरक्षाबल और राज्य पुलिस बल अपने कौशल, अनुशासन और वीरता का प्रदर्शन करेंगे। यह परेड देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए है।

पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा, इस बार रन फॉर यूनिटी को भी बड़े स्तर पर आयोजित करने का फैसला लिया गया है। देश के सभी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश, जिले, पुलिस स्टेशन, स्कूल और यूनिवर्सिटीज में रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने घोषणा की, एक से 15 नवंबर तक 'भारत पर्व' के दौरान अलग-अलग राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम और विविध खाद्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा, जिसमें देशभर की जनजाति की सांस्कृतिक विविधताएं, खाद्य परंपराएं, पोशाक की परंपराएं, शिल्पकला, लोक कला और संगीत का अद्भुत समन्वय बनाया जाएगा।

इस दौरान, गृह मंत्री अमित शाह ने सरदार पटेल को देश की एकता और अखंडता की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा, ÷हम जानते हैं कि सरदार पटेल देश के लिए एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं।

उन्होंने कहा, सरदार पटेल के निधन के बाद कांग्रेस पार्टी ने उनकी विरासत को मिटाने की कोशिश की। उनके 'भारत रत्न' सम्मान को 41 साल तक टाला और उन्हें कोई स्मारक भी नहीं दिया। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद ही उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के विजन को शुरू किया और सरदार पटेल स्मारक की स्थापना की।

## पति-पत्नी की 15 साल की सरकार ने बिहार के लिए कोई काम नहीं किया', बाबूलाल मरांडी ने कसा लालू-राबड़ी पर तंज

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए एक बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर झारखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने निशाना साधा है।



बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राहुल गांधी के पास कुछ भी कहने को नहीं है। बिहार में लालू-राबड़ी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में पति-पत्नी की 15 साल तक सरकार थी। ये लोग बताएं कि 15 साल के शासन में कौन सा काम किया?

मीडिया से बातचीत में भाजपा नेता ने कहा कि देश में लंबे समय तक कांग्रेस की सरकार रही, बिहार में राजद की 15 साल सरकार रही। इनके पास बताने को कुछ भी नहीं है। जब बताने को कुछ नहीं होता तो कुछ भी कहते हैं। जनता इन्हें अच्छे से समझ चुकी है।

राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को मनोरंजन करना आता है। बिहार आते हैं तो कुछ भी कह देते हैं। सनातन से उन्हें प्रेम नहीं है, सनातन को मानते नहीं हैं। उनके दोस्त सनातन का अपमान करते हैं। जनता उनकी बातों को समझ चुकी है। ये देश के विरोध में काम करते हैं, जनता को भड़काने का काम करते हैं। जंगलराज के बारे में वे कैसे बोलेंगे या बताएंगे? ऐसे में उनके पास एक ही रास्ता बचता है कि पीएम मोदी के नाम पर कुछ भी बोलते रहो।

एसआईआर के दूसरे चरण को लेकर विपक्षी नेताओं के बयानों पर भाजपा नेता ने कहा कि विपक्षी नेता घुसपैठियों को भारत का नागरिक बनाना चाहते हैं। वोटर लिस्ट में नाम न कटे, इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। बिहार में भी विपक्षी नेताओं ने यही किया। एसआईआर से वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण होता है। केवल वैध मतदाता ही वोटर लिस्ट में बने रह सकते हैं।

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के बीच मुकाबला है। मतदान 6 और 11 नवंबर को होगा। परिणाम 14 नवंबर को घोषित किया जाएगा।

## जनपद के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव मिगलानी को हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, बोस्टन (यूएसए) से मिला सम्मान सहारनपुर का गौरव बढ़ाया

**सहारनपुर।** सहारनपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. संजीव मिगलानी ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय योगदान से जनपद सहित पूरे देश का नाम रोशन किया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, बोस्टन यूनिवर्सिटी (यूएसए) द्वारा संचालित प्रतिष्ठित "Joslin and Harvard Certificate Program" में डॉ. मिगलानी ने वर्ष 2024 में भाग लिया था। यह कार्यक्रम जुलाई 2024 में प्रारंभ होकर 2025 में बोस्टन (यूएसए) में मूल्यांकन के साथ संपन्न हुआ। मूल्यांकन के दौरान डॉ. मिगलानी के उत्कृष्ट प्रदर्शन,चिकित्सा अनुसंधान में उनकी गहन जानकारी और रोग उपचार के प्रति उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण की विशेष सराहना की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर हार्वर्ड मेडिकल



स्कूल,बोस्टन यूनिवर्सिटी की ओर से उन्हें सम्मानित प्रमाणपत्र (Certificate of E&cellence) प्रदान किया गया।यह उपलब्धि न केवल डॉ. मिगलानी के समर्पण और परिश्रम का परिणाम है।

## एसआईआर के विरोध पर दिलीप घोष का टीएमसी पर निशाना, बोले- सर्टिफिकेट दिखाओ वरना बाहर जाना पड़ेगा

**मिदनापुर।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर की घोषणा के बाद राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) लगातार विरोध कर रही है। टीएमसी के विरोध पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा कि इस पार्टी का काम विदेशी तत्वों का समर्थन और संरक्षण करने का है।

दिलीप घोष ने कहा, ÷जितने विदेशी तत्व पश्चिम बंगाल में हैं, उनका समर्थन और संरक्षण करने का काम टीएमसी करती है।÷ उन्होंने कहा, ÷जिनके बाप-दादा हैं, उनको अपना सर्टिफिकेट देना चाहिए। दूसरे के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। अपना सर्टिफिकेट दीजिए, वरना बाहर जाना पड़ेगा।

उन्होंने कहा, ÷यहां लोगों ने आकर घर बनाए, गाड़ियां खरीदीं। यह सब कुछ काम नहीं आएगा। अगर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लग जाए तो कोई खोजे से भी नहीं मिलेगा। ये सब चूहे के बिल में चले जाएंगे।

'प्रदीप कर' के सुसाइड मामले पर तृणमूल कांग्रेस ने 'प्रदीप कर के लिए न्याय' रैली का आह्वान किया है। इस पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने पलटवार करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस को विरोध करने के लिए सिर्फ बहाने की जरूरत है।

टीएमसी रैली पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा, ÷उन्हें विरोध करने के लिए एक बहाने की जरूरत है और वे किसके खिलाफ विरोध कर रहे हैं? वे संवैधानिक व्यवस्था, सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग, केंद्रीय बलों, सेना और केंद्र सरकार का विरोध करते हैं। उनका काम बस विरोध करना है।

इससे पहले, टीएमसी ने प्रदीप कर के कथित सुसाइड केस को लेकर भाजपा पर हमला बोला। टीएमसी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, ÷तृणमूल बंगाल के साथ खड़ी है, जबकि भाजपा एसआईआर के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है।

पार्टी ने आगे लिखा, ÷अभिषेक बनर्जी और तृणमूल का हर कार्यकर्ता बंगाल की जनता के साथ एकजुट और निडर होकर खड़ा है। हम एक भी असली मतदाता को उसका अधिकार नहीं खोने देंगे। अभिषेक बनर्जी ने पानीहाटी के प्रदीप कर की मौत के खिलाफ विरोध मार्च का आह्वान किया है। जब वे (भाजपा) डर फैलाते हैं, तो बंगाल एकजुटता से जवाब देता है।

## ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई

सहारनपुर। आज पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदों के समस्त क्षेत्राधिकारियों के साथ मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत कृत कार्यवाही के सम्बन्ध मे समीक्षा हेतु ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई ।

गोष्ठी मे डीआईजी द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत कृत कार्यवाही की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।महोदय द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर तुरन्त संज्ञान लेकर कार्यवाही करने, मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत अधिकाधिक संख्या मे



महिलाओ/बालिकाओं को उनके अधिकारो के बारे मे जागरूक करने तथा कृत कार्यवाही से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयन्ती 31 अक्टूबर को जनपद में मनाया जाएगा हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ

*** जनपद मुख्यालय पर प्रातः 07:00 बजे डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम से देहरादून चौक पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा तक रन फॉन यूनिटी का किया जाएगा आयोजन**

*** समाज के सभी वर्ग रन फॉर यूनिटी में करें हिस्सेदारी, प्रसारित हो सामाजिक एकता का संदेश – जिलाधिकारी**

*** 01 से 07 नवम्बर के मध्य समस्त शैक्षणिक संस्थानों में एकता के संदेश को देने वाली होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं**

*** तहसीलों में भी आयोजित होगी पदयात्राएं**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि राष्ट्रीय एकता के निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने और एकता, देशभक्ति और सेवा के उनके आदर्शो को सुदृढ करने के लिए उनकी 150वीं जयन्ती 31अक्टूबर को सरदार/150 समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान के संबंध में सभी नागरिकों को विशेषकर युवाओं में जागरूकता बढाने के लिए पद यात्रा तथा कार्यक्रमों की श्रंखला आयोजित की जा रही है।

31 अक्टूबर को प्रातः 07:00 बजे सरदार पटेल जी की जयन्ती पर आयोजित होने वाली गतिविधियों को भव्यरूप से हर्षोल्लास से मनाये जाने के संबंध में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम से देहरादून चौक पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा तक रन फॉन यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। उन्होने अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता के संदेश को आमजनों के मध्य प्रसारित करने हेतु समाज के सभी वर्गो के लोग हिस्सेदारी करें। श्री बंसल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कि इस अवसर पर सभी शैक्षणिक संस्थानों में रन फॉर यूनिटी की गतिविधि कराई जाए जिसमें सभी विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाए। सरदार वल्लभभाई पटेल के द्वारा राष्ट्र को एकीकृत करने में किये गये योगदान से सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए तथा समस्त शैक्षणिक संस्थानों में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि 01 से 07 नवम्बर, 2025 के मध्य समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों, संस्थानों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराय जाये। कक्षा 6 के ऊपर के सभी शैक्षणिक संस्थानों में रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाये। कक्षा 9 एवं उसके ऊपर के सभी शैक्षणिक संस्थानों में निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाये। इसके साथ-साथ सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती 31 अक्टूबर, 2025 के अवसर पर तहसीलवार पद यात्राओं का आयोजन कराया जाये तथा स्वच्छता अभियान, स्वदेशी मेले, नशा मुक्ति अभियान, सरदार पटेल की विरासत पर सेमिनार एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताऐं आयोजित की जायें। माई भारत पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं का पंजीकरण कराते हुए निबन्ध प्रतियोगिताएँ, पोडकास्ट, प्रश्नोत्तरियों व राष्ट्रीय रील प्रतियोगिताओं का आयोजन दिशा-निर्देशों के अनुसार कराया जाये। जनपद एवं तहसील स्तर पर आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों को माई भारत पोर्टल पर अपलोड किया जाये।

जनपद एवं तहसील स्तर पर आयोजित की जाने वाली पद यात्रा में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता, युवा प्रतिनिधि एवं स्वयं सेवक तथा मंगलदल के सदस्यों तथा स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जाये।

## बिहार की जनता ने एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है: तेजस्वी यादव

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 6 और 11 नवंबर को वोटिंग होगी। विधानसभा चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दल ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को छपरा में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे, जिसकी पूरी तैयारियां कर ली गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पीएम मोदी की रैली को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने एनडीए सरकार पर जोरदार प्रहार किया है। तेजस्वी ने कहा कि चाहे जितनी रैलियां कर लें, बिहार की जनता ने इस बार एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है।



पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग की ईमानदारी देखिए, आज चुनाव के बीच में भी 10 लाख महिलाओं को पैसे दिए जा रहे हैं। ऐसी क्या आपात स्थिति थी कि उन्हें अभी, चुनाव के दौरान ये पैसे देने पड़े? 20 साल में क्यों नहीं दिए? इसे चुनाव के बाद दे सकते थे, लेकिन यह पूरी तरह से रिश्वत के रूप में बांटा जा रहा है। चुनाव आयोग की नैतिकता खत्म हो गई है। पूरा देश देख रहा है। आज रिश्वत के तौर पर पैसे दे रहे हैं, फिर यह छीनने का काम करेंगे।

अमित शाह को निशाने पर लेते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार का बेटा ही बिहार चला सकता है। तेजस्वी ने कहा कि वे केवल बिहार से वोट चाहते हैं और गुजरात में उद्योग स्थापित करना चाहते हैं। अमित शाह ने तो कह दिया है कि बिहार में कारखाने लगाना संभव नहीं है, क्योंकि भूमि की कमी है। ऐसा गृह मंत्री हमने नहीं देखा। इनकी मंशा बिहार में कब्जा जमाने की है। बिहार का बेटा ही बिहार को चला सकता है।

उन्होंने कहा कि एनडीए को बिहार की जनता सबक सिखाएगी। बिहार को हम आगे लेकर जाएंगे। जनता से अपील करते हुए कहा कि मौका है इस बार बिहार को बनाने का। अगर एनडीए दोबारा आया तो पीछे ले जाएंगे।

## अधिकारीगण प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः दस बजे से बारह बजे तक अपने कार्यालय में जनता दर्शन करना सुनिश्चित करें - मण्डलायुक्त

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ0 रूपेश कुमार ने कहा कि आमजन की सुनवाई करते हुये उनकी समस्या का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। अधिकारीगण प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने कार्यालय में जनता दर्शन करना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने मण्डल के तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सुनिश्चित किया जाए कि प्रातः 10 से 12 बजे के मध्य कोई बैठक न रखी जाए। जिलाधिकारी स्वयं तथा अन्य जनपदीय, तहसील स्तरीय, विकासखण्ड स्तरीय समस्त अधिकारियों को कडे निर्देश निर्गत कर दें कि सभी अधिकारीगण प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जनता दर्शन करेंगे तथा प्राप्त समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायेंगे तथा इस अवधि में प्राप्त होने प्रार्थना पत्रों को पंजिका में अंकित करते हुए शिकायत एवं समस्या का संक्षिप्त विवरण तथा निस्तारण उपरान्त संक्षेप में निस्तारण आख्या में उल्लिखित करेंगे। डॉ0 रूपेश कुमार ने कहा कि आम जनता को भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन एवं सेवायें प्रदान किये जाने हेतु प्रदेश सरकार एवं शासन प्रतिबद्ध है। भ्रष्टाचार के प्रति भी शासन की नीति शून्य सहिष्णुता की है।

**नाम परिवर्तन**

मै Kahlik Abdul s/o Mohd Yusuf निवासी 106 निवादा तिवाया रोड ग्राम मोहम्मदपुर गाड़ा जिला सहारनपुर उ प्र 247001 ने अपना नाम Kahlik Abdul से बदलकर Abdul Khalik कर लिया है अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यो के लिए Abdul Khalik के नाम से जाना जायगा।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/30/2025 8:32 PM Page 1



## मुंडापाण्डे ब्लॉक जनपद मुरादाबाद में महिला ग्राम प्रधान को दिया प्रशिक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता/मुंडापाण्डे।** ब्लॉक में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के अंतर्गत डीपीआरसी संभल द्वारा प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। जिसमें महिला ग्राम प्रधान शामिल हुईं। खण्ड विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

एडीओ पंचायत देवेश कन्हैया ने महिला ग्राम प्रधानों को संबोधित करते



हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिला जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व को सशक्त करना, पंचायती राज विभाग में उनकी सक्रिय भूमिका बनाना और ग्राम पंचायत स्तर से महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करना है। डीपीआरसी संभल के सीनियर फैकल्टी डॉ. नवनीत शेखर सिंह ने महिला ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इसके साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर प्रशिक्षक शिवानी व शहनाज आदि मौजूद रहे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पालिका द्वारा निकाली जन जागरूकता रैली

● एक भारत, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत गूंजे एकता के नारे



**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में नगर में एक भारत, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नगर में मुख्य सचिव, युवा कल्याण विभाग के अनुपालन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक भारत, आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा जन जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रैली तहसील कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, मुख्य बाजार सहित नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः तहसील प्रांगण में संपन्न हुई। बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर एकता में शक्ति है, सरदार पटेल अमर रहें, आत्मनिर्भर भारत, मजबूत भारत जैसे नारे लगाए। रैली में देशभक्ति का माहौल देखते ही बन रहा था। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की अखंडता और एकता के लिए जो योगदान दिया, वह सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। आज हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस दौरान तहसीलदार, प्रवीण कुमार, नायब तहसीलदार, आदित्य कुमार सहित पालिका कर्मी, मौजूद रहे।

## यशी इंटरप्राइजेज के मालिक ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, मौत

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर में बीती देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब मंडी समिति के सामने स्थित यशी इंटरप्राइजेज के मालिक अंकित चौहान ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर जीवन लीला समाप्त कर ली। गोली चलने की आवाज सुनते ही परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अंकित गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर चुके थे। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, अंकित चौहान अपनी दुकान पर अकेले मौजूद थे। अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी तो परिजन और आसपास के लोग वहां पहुंचे।



दुकान का शटर खुला था और अंदर अंकित खून से लथपथ पड़े थे। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और घटना की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, अंकित चौहान के पास उनकी अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर थी। पुलिस को मौके से रिवाल्वर और एक खोखा बरामद हुआ है। फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य एकत्रित कर जांच के लिए भेजे गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्य रोने लगे। परिजनों ने बताया कि अंकित पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थे, लेकिन उन्होंने कभी कोई ऐसा संकेत नहीं दिया था। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों की चर्चा से आत्महत्या की बात सामने आ रही है। पुलिस का कहना है कि रिवाल्वर लाइसेंसशुदा है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि की जाएगी।

## सनातन धर्म की रक्षा व प्रचार के लिए देशभर की यात्रा पर निकले सरदार अमरजीत सिंह पहुंचे कांठ

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** लुधियाना निवासी सरदार अमरजीत सिंह पुत्र सावन सिंह, जो भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष लुधियाना एससी मोर्चा की अनुमति से सनातन धर्म की रक्षा और प्रचार के लिए भारत यात्रा पर निकले हैं, शनिवार को कांठ नगर पहुंचे। सरदार अमरजीत सिंह ने बताया कि वह करीब दस दिन पूर्व लुधियाना से अपनी मोटरसाइकिल पर सनातन धर्म का झंडा लगाकर यात्रा प्रारंभ कर चुके हैं। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में सनातन धर्म के प्रति जागरूकता और एकता का संदेश फैलाना है। उन्होंने कहा कि आज हिंदू समाज और सनातन धर्म पर कई तरह के खतरे मंडरा रहे हैं।



लगभग पाँच लाख सिख समाज के लोग ईसाई धर्म में परिवर्तित हो चुके हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सिख समाज ने सदैव देश की आजादी और रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है, इसलिए अब समय है कि हम अपने पूर्वजों के त्याग को स्मरण करते हुए सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे आएं। अमरजीत सिंह ने बताया कि वे विभिन्न राज्यों में जाकर मंदिरों और आश्रमों में प्रवास करते हुए लोगों को धार्मिक जागरूकता और समाज में एकता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के महापुरुषों ने हमारे हिंदू समाज को सुरक्षित रखा है, अब हर सनातनी का कर्तव्य है कि वह धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आए। अमरजीत सिंह ने बताया कि वे आगे बिहार की ओर प्रस्थान करेंगे, जहां वे कई धार्मिक स्थलों और मंदिरों में रात्रि विश्राम करते हुए सनातन धर्म के प्रचार का अभियान जारी रखेंगे।

## जीजा की तहरीर पर साली को भगाने में प्रेमी व दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** पुलिस ने गांव मिलक बीजना निवासी किसान की तहरीर पर थाना टांडा जिला रामपुर निवासी दो युवकों के खिलाफ साली को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह को दी तहरीर में गांव मिलक बीजना निवासी मुकेश कुमार पुत्र कैलाश ने बताया है कि धान की कटाई को ध्यान में रखते हुए कुछ दिनों पहले साली आंचल(22) को घर की देखभाल करने के लिए बुलाकर लाया था। मंगलवार की सुबह को साली को घर पर अकेला छोड़कर पत्नी को साथ लेकर धान की फसल को कटाई करने खेत पर गया था। दोपहर को खाना खाने के लिए खेत से वापस लौटे तो साली घर पर नहीं थी। पड़ोसियों और गांव वालों से पूछा तो उन्होंने दो युवकों के साथ साली को बाइक पर बैठकर जाते हुए दिखाई देने की बात बताई। रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला तो सच्चाई सामने आ गई। साली को जिला रामपुर के थाना टांडा के गांव रूपापुर निवासी तोताराम अपने गांव के ही दोस्त धर्मेन्द्र को साथ लेकर आया और बहला फुसलाकर बाइक पर बैठाकर ले गया। बताया जा रहा है कि आरोपी और युवती एक ही गांव के निवासी हैं। युवती का काफी दिनों से तोताराम से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी के चलते युवती ने मौका देखकर प्रेमी को जीजा के घर का पता देकर गांव बुलाया और उनके साथ चली गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रेमी और उसके दोस्त के खिलाफ युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। उप निरीक्षक विपिन कुमार युवती को बरामद करने के लिए दबिश डाल रहे हैं।

## कांठ जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक रिफ्लेक्टर लगाने को लेकर की चर्चा

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** कांठ जर्नलिस्ट एसोसिएशन रजिस्टर्ड संगठन की एक आवश्यक बैठक हुई। इस दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर आदि लगाने के प्रमुख मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। कांठ जर्नलिस्ट एसोसिएशन रजिस्टर्ड की बैठक तहसील के समय स्थित संगठन के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में पीत पत्रकारिता कर रहे लोगों से सावधान रहने पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा समाज सेवा के कार्यों के लिए आगे आने का आवाहन संगठन के



अध्यक्ष भावेश शर्मा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और कार्यक्रम के लिए सक्षम अधिकारी को आमंत्रित करने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में संजय यादव, महासचिव पंकज भदौरिया, ओंकार सिंह बिश्नोई, देवेंद्र सिंह बिश्नोई, शाकिर सैफी, नवदीप शर्मा, मुकुल कुमार, अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों के समग्र विकास के लिए पोषण व पढ़ाई दोनों जरूरी , ब्लॉक सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण जारी

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** बच्चों के समग्र विकास के उद्देश्य से पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत गुरुवार को ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जारी रहा। प्रशिक्षण का आयोजन बाल विकास परियोजना द्वारा किया गया, जिसमें प्रथम बेंच की 104 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। मुख्य सेविका ममता भारद्वाज ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पोषण दोनों पर समान ध्यान देता है। उन्होंने कहा कि खेल-खेल में बच्चों को सीखने के तरीके अपनाने पर जोर दिया गया है। सीडीपीओ अनीता कश्यप ने कहा कि आंगनबाड़ी



केंद्र केवल पुष्टाहार वितरण का स्थान नहीं है, बल्कि बच्चों के भविष्य निर्माण की प्रयोगशाला हैं। उन्होंने कुपोषण और अशिक्षा को समाज की सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण पर विशेष ध्यान देने की बात कही।मोनिका गहलौत (एआरपी, शिक्षा विभाग) ने कहा कि बच्चों के विकास में पोषण और शिक्षा दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को केंद्रों पर गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रयास करने चाहिए।डॉ. प्रमोद ने प्रशिक्षणार्थियों को पोषण संबंधी जानकारी दी, जबकि एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्रों व शौचालयों के सौंदर्यीकरण के बारे में बताया। कोऑर्डिनेटर सदीप चौहान ने पोषण ट्रैकर से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में सुपरवाइजर राखी, रानी, शिल्पा सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री केशो देवी, कुंती, सुनीता, मालती आदि मौजूद रहीं।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम, मुख्य विकास अधिकारी ने दी जानकारी

● जिले स्तर पर निकलेगी भव्य पदयात्रा, विद्यालयों में आयोजित होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के अवसर पर 31 अक्टूबर को जिले में भव्य पदयात्रा आयोजित होगी। बृहस्पतिवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवा कल्याण, क्रीडा एवं शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक विशाल पदयात्रा 31 अक्टूबर 2025 को प्रातः 09.00 बजे आंबेडकर पार्क से आरंभ होकर पीलीकोठी स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए रुकेगी जहां जनपद के जनप्रतिनिधि सरदार बल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे, तत्पश्चात पदयात्रा पीलीकोठी से जिलाधिकारी निवास के रास्ते से मधुबनी होते हुए सांई मंदिर से गुजरते हुए सोनकपुर स्टेडियम रामगंगा बिहार में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड एवं महाविद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और प्रभात फेरियां निकली जाएंगी। भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के पोस्टरध्बैनर सहित रन फॉर यूनिटी के आयोजन किए होंगे। देश की स्वतंत्रता में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की भूमिका पर संवाद एवं काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही समस्त विद्यालयों में सरदार बल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं व भाषण प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी और छात्र छात्राओं द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर आधारित नाटकों का मंचन भी कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान उप निदेशक मेरा युवा भारत श्री अंकित कुमार गौर और जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडे भी मौजूद रहे।

## औचक निरीक्षण में 54 कार्मिक मिले गैरहाजिर, वेतन आहरण पर रोक के साथ ही स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

● जिलाधिकारी के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न कार्यालयों का औचक रूप से किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जनपद में स्थित विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति एवं उनके द्वारा अपने पदीय दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन किए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालय एवं पटल, विकास भवन में स्थित विभिन्न कार्यालयों के साथ-साथ विद्युत वितरण खंड प्रथम, विद्युत वितरण खंड द्वितीय, सिंचाई कार्यालय, जल निगम कार्यालय एवं विकासखंड मुरादाबाद कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूर्वाह्न 10.30 बजे औचक रूप से पहुंचकर सत्यापन किया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों से संबंधित 06 कार्मिक, मनोरंजन कर कार्यालय के 02, खाद्य सुरक्षा कार्यालय के 01, जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के 09, विद्युत वितरण खंड प्रथम के 03, विद्युत वितरण खंड द्वितीय के 01, सिंचाई कार्यालय के 05, जल निगम कार्यालय के 02, विकास खंड मुरादाबाद कार्यालय के 01 कार्मिक के साथ-साथ विकास भवन परिसर में स्थित 12 विभागीय कार्यालयों के 24 कार्मिक गैर हाजिर मिले। जिलाधिकारी ने इन सभी गैर हाजिर पाए गए कार्मिकों का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने के साथ ही स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने बताया कि शासन स्तर से निर्देश है कि प्रत्येक विभागीय अधिकारी और कार्मिक आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान और विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कराने के लिए निर्धारित समय में अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अधिकारियों और कर्मचारियों के नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित न होने की वजह से एक ओर जहां विभागीय कार्य प्रभावित होते हैं वहीं दूसरी ओर आमजन को अपनी समस्या और शिकायत के समाधान के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह कार्यशैली शासकीय हित में बिल्कुल उचित नहीं है इसलिए शासकीय निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन न करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही होगी।

## राजेंद्रा एकेडमी में खो-खो प्रतियोगिता का किया आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** गुरुवार को राजेंद्रा एकेडमी में ब्राससिटी सहोदय के तत्वावधान में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों की खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें महानगर के 18 विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्या श्रीमती सरिता रानी ने दीप प्रज्वलन किया फिर स्वागत गीत के पश्चात प्रधानाचार्या ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। पहला मैच कृष्णा इंटरनेशनल और आरएसडी के बीच हुआ जिसमें कृष्णा इंटरनेशनल 0-13 से विजयी रहा। सभी मुकाबलों में बच्चों का उत्साह और ऊर्जा देखने योग्य थी। दर्शकों के तालियों की गड़गड़ाहट ने वातावरण को रोमांच से भर दिया। राजेंद्रा एकेडमी, ग्रीन मिडोज, सेंट मिरा एकेडमी तथा रेनबो पब्लिक स्कूल टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। फाइनल ग्रीन मिडोज तथा रेनबो पब्लिक स्कूल के बीच हुआ जिसमें ग्रीन मिडोज विजयी रहा। रेनबो पब्लिक स्कूल दूसरे तथा राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर और सेंट मेरी एकेडमी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्या ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

### समाचार

## वकील पर महिला से अभद्रता व मारपीट का आरोप, तहरीर

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** कोर्ट में तारीख पर आयी एक महिला ने वकील पर अभद्रता व मारपीट कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना भोजपुर के ग्राम ग्राम चकबेगमपुर निवासी मिनाक्षी उर्फ सायवा पत्नी फिरासत अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका अपने पति फिरासत अली पुत्र अहमद अली से विवाह संबंधी मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसी सिलसिले में वह दोपहर लगभग 12 बजे अपनी तारीख पर ठाकुरद्वारा न्यायालय आयी थी। महिला का आरोप है कि वह अपने पति के अधिवक्ता से कह रही थी कि वे कोर्ट में समय पर आया करें ताकि उसे अपने घर लौटने में देर न हो। इसी बात पर वकील साहब भड़क गए और उन्होंने महिला को गंदी-गंदी गालियाँ दीं। आरोप है कि उन्होंने चार से पाँच अज्ञात महिलाओं को बुलाकर प्रार्थिनी के साथ मारपीट भी कराई। पीड़िता ने बताया कि वह किसी तरह जान बचाकर न्यायालय परिसर से बाहर निकली और सीधे कोतवाली ठाकुरद्वारा पहुंची, जहाँ उसने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। मिनाक्षी उर्फ सायवा का कहना है कि अब उसे कोर्ट में आने-जाने में जान का खतरा महसूस हो रहा है। उसने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने व संबंधित आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## जीनस फैक्ट्री से निकलने वाला केमिकल युक्त गंदा पानी किसानो की फसलें को कर रहा बबार्द: कामेश लोधी

**उत्तम भारत संवाददाता/अगवानपुर ।** नगर की जीनस फैक्ट्री से निकलने वाला केमिकल युक्त गंदा पानी लगातार राम गंगा नदी में बहाया जा रहा है। और नगर पंचायत की ओर से आने वाला नाला भी बेरोकटोक रामगंगा नदी में चल रहा है ।जिसके संक्रमण से बस्ती के किनारे घरों में नलों का पानी भी पीने योग्य नहीं रहा , जगह-जगह बदबूदार गंदगी के अंबार लगे हुए हैं।इसके साथ ही इस केमिकल युक्त पानी से किसानो की फसलें बर्बाद हो रही है। कई पशु इस जहरीले पानी को पीकर मर चुके हैं या बीमार हो गए हैं । शिकायत कर्ता विश्व हिन्दू महासंघ गौरक्षा विभाग के जिला अध्यक्ष कामेश लोधी ने बताया कि कई बार मिल प्रबंधको से बात की गई । परंतु वह बहाने बनाते रहे । प्रदूषण बोर्ड से शिकायत की गई परंतु कोई नतीजा नहीं निकला गंदे नाले को आज भी खुले राम गंगा नदी में बहाया जा रहा है । जीनस पेपर मिल के जहरीले पानी और बस्ती के गंदे नाले को रामगंगा नदी में बहाए जाने पर रोष प्रकट करते हुए इसकी व्यवस्था कराए जाने की मांग प्रशासन से की है। अन्यथा इसके विरुद्ध वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे ।

## चोरी के आरोपी पिता पुत्र को किया गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना पुलिस ने चोरी करने के आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर उनके पास से सोने चांदी के आभूषण, मोबाइल, नगदी आदि बरामद कर चोरू के आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है एवं उसके नाबालिग किशोर पुत्र को बाल सुधार गृह भेज दिया है। थाना कांठ के ग्राम बेगमपुर निवासी विवेक कुमार पुत्र जिले सिंह के घर से अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के आभूषण, नकदी आदि चुरा ली थी। इसके अलावा वीवो कंपनी का मोबाइल, लेडीज जूते एवं अन्य सामान चुरा लिया था। इसके अलावा पड़ोसी सुमित कुमार के घर का ताला तोड़कर सोने का मंगलसूत्र, नकदी सहित कई लाख रुपए का सामान चुरा कर फरार हो गए थे। थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तलाश किया। सीसीडी फुटेज में उनका पर्दा फाश हो गया। दोनों चोर पिता पुत्र निकले। पुलिस ने विवेक कुमार की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया था। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने जब चोरों का पता किया तो भूपेंद्र उर्फ भूप सिंह ग्राम मघपुरी एवं उसका नाबालिक 14 वर्षीय पुत्र दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब उनसे पूंछताछ की तो एक जोड़ी जूते, दो पायल, एक जोड़ी कान की बाली, एक चांदी का सिक्का, सोने के आभूषण, व अन्य आभूषण आदि बरामद किए और पड़ोसी सुमित के घर का सामान सहित कई लाख रुपए का सामान बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्त भूपेंद्र उर्फ भूप सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेज दिया है और नाबालिक 14 वर्षीय किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने बताया कि चोरी के आरोप में पकड़े गए अभियुक्त भूपेंद्र उर्फ भूप सिंह के विरुद्ध थाना कांठ एव छजलैट में 15 आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हुए हैं और वह शातिर किस्म का अपराधी है।

## एसडीएम ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** उप जिलाधिकारी महोदय संत दास पंवार ने आज प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ का आकस्मिक निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी महोदय ने बच्चों के हित में शासन द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। एसडीएम कांठ संत दास पंवार द्वारा विद्यालय की सुंदर व्यवस्था व रखरखाव को देखकर सराहना व्यक्त की साथ ही शिक्षण कार्य पर संतोष व्यक्त किया। वृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी महोदय प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने सभी कक्षाओं में पहुंचकर शिक्षण कार्य देखा। उन्होंने बच्चों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रधानाध्यापिका भुवनेश से प्राप्त की। शासन द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत महोदय ने विद्यालय के बच्चों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में अवगत कराया। साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने पर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उप जिलाधिकारी महोदय ने उपस्थिति पंजिका, मिड डे मील आदि का निरीक्षण किया। महोदय द्वारा बच्चों से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। प्रधानाध्यापिका भुवनेश द्वारा बताया गया कि खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता द्वारा समय-समय पर बैठक के माध्यम से उचित मार्गदर्शन किया जाता है। जिसके कारण ब्लॉक छजलैट के अधिकांश विद्यालयों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई जाती हैं। प्रधानाध्यापिका भुवनेश द्वारा विद्यालय की सुंदर व्यवस्था व अनुशासन एवं उचित रखरखाव के लिए उप जिलाधिकारी संत दास पवार द्वारा प्रशंसा की गई।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी अनुज सिंह और अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता ने मुरादाबाद शहर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए



निर्देशित किया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे की स्थिति एवं आयोग द्वारा निर्धारित अन्य विभिन्न सुरक्षा मानकों के अनुपालन के बारे में उन्होंने जानकारी प्राप्त की तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 10/30/2025 9:20 PM Page 1



# मोनी और जयवीर सिंह ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में जीते स्वर्ण पदक




**मनामा (बहरीन)।** भारतीय कुश्ती दल के मोनी और जयवीर सिंह ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। लड़कों के 55 किग्राम फ्रीस्टाइल डिवीजन में मुकाबला कर रहे जयवीर सिंह ने बुधवार को फाइनल में पहुंचने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका के निमेश दुलंजना और कंबोडिया के फान चान ओउ डोम पर 10-0 की शानदार जीत दर्ज करने के बाद कड़े क्वार्टर फाइनल में ईरान के यासीन जारेजादेह को क्राइटेरिया के आधार पर हराया। सेमीफाइनल में, जयवीर सिंह ने कजाकिस्तान के इब्राहिम यस्ककबेक को 5-0 से हराया। इसके बाद फाइनल मुकाबले में जापान के यामातो फुरुसावा के खिलाफ 6-2 की जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मोनी ने भी लड़कियों के फ्रीस्टाइल 57 किग्राम वर्ग ने भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय पहलवान ने सेमीफाइनल में चीन की जियाओहान जू को 8-0 से हराया और फाइनल में किर्गिस्तान की सेजिम कुरमानबेकोवना जोल्डोशबेकोवा को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। गौरव पुनिया ने लड़कों के 65 किग्राम वर्ग में प्रभावित किया लेकिन फाइनल में हार गए। उन्हें ईरान के मोतेर्ला हाजी मोल्लामोहम्मदी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। लड़कियों के 69 किग्रा वर्ग में, अश्विनी विश्नोई, जो अपनी सामान्य 65 किग्रर डिवीजन से ऊपर मुकाबला कर रही थीं, फाइनल में चीन की झाओ मिन से 10-3 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कुश्ती में भारत के मेडलों की संख्या यहीं खत्म नहीं हुई। अंडर 17 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता कोमल वर्मा ने लड़कियों के 49 किग्रा स्पर्धा चीन की मो जियाओकिंग को 3-1 से हराकर एक और पोडियम फिनिश हासिल किया, जबकि रचना ने लड़कियों के 43 किग्रा वर्ग में किर्गिस्तान की आइजान किलिचबेकोवना काबिलबेकोवा को 11-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। एशियन यूथ गेम्स में छह स्वर्ण, 11 रजत और 16 कांस्य सहित कुल 33 पदक जीते। इस बीच, भारतीय पहलवानों ने कल कुल सात पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया।


# आदित्य और अजीत ने पुनेरी पल्टन को फाइनल में पहुंचाया, दिल्ली से होगी भिड़ंत

**नई दिल्ली।** आदित्य शिंदे (22) और अजीत पवार (10) के शानदार खेल की बदौलत पुनेरी पल्टन ने त्यागराज इंडोर स्टेडियम में बुधवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के क्वालीफायर-2 मुकाबले में तेलुगू टाइटंस को 50-45 से हराते हुए फाइनल में जगह बना ली है, जहां 31 अक्टूबर को उसका सामना दबंग दिल्ली केसी से होगा। टाइटंस एक शानदार सीजन के बाद घर वापसी करेंगे।

सीजन-2 और सीजन-4 के बाद तीसरी बार सेमीफाइनल में हारने वाली टाइटंस के लिए भरत ने 22 और कप्तान विजय मलिक ने 11 अंक बटोरे लेकिन बोनस पर निर्भरता ने उसका काम खराब दिया। टाइटंस ने इस मैच में 21 से अधिक बोनस लिए जबकि पल्टन ने सिर्फ टच प्वाइंट पर भरोसा जताया और शुरूआती क्वार्टर में मिले आलआउट से उबरते हुए शानदार वापसी की और अब वे चार सीजन में तीसरा फाइनल खेलेंगे।

भरत के तीन और डिफेंस के दो अंक की बदौलत टाइटंस ने चौथे मिनट में ही 5-1 की लीड के साथ





पल्टन के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। भरत ने फिर एक ही रेड में पल्टन का सूपड़ा साफ करते हुए टाइटंस को 10-1 से आगे कर दिया। इसके बाद पल्टन ने अच्छी वापस की और टाइटंस को सुपर टैकल की स्थिति में ले आए। पहला क्वार्टर हालांकि 13-7 से टाइटंस के नाम रहा लेकिन ब्रेक के बाद पल्टन ने टाइटंस को आलआउट की कगार पर ला दिया।

इसके बाद पल्टन ने आलआउट लेकर स्कोर 12-16 कर दिया। आलइन के बाद भरत ने असलम का शिकार कर लिया। फिर शुभम ने पंकज को भी बाहर कर दिया। इस बीच भरत ने मल्टीप्वांटर के साथ सीजन का 11वां सुपर-10 पूरा किया। आदित्य ने भी हालांकि इसका जवाब मल्टीप्वांटर से दिया। इसके बाद गौरव ने बैकहोल्ड पर भरत को बाहर कर टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन कर दिया लेकिन विजय ने उसे इस स्थिति से निकाल दिया। चेतन की गलती पल्टन ने फासला 4 का कर दिया।

इस बीच तीन के डिफेंस में आदित्य ने एक शिकार कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। हाफटाइम तक टाइटंस 24-20 से आगे थे लेकिन उन पर आलआउट का खतरा था, जो टला नहीं और पल्टन ने स्कोर 23-25 कर दिया। आलइन के बाद पंकज ने भरत को आउट कर टाइटंस को बड़ा झटका दिया लेकिन विजय ने असलम को बाहर कर भरत को रिवाइव करा लिया। आदित्य ने लगातार पल्टन की वापसी का प्रयास किया लेकिन भरत राह का रोड़ा बनते रहे।

इस बीच पंकज ने सुपर-10 पूरा किया। फिर आदित्य ने भरत का काम्बीनेशन टैकल कर न सिर्फ स्कोर 32-32 किया बल्कि टाइटंस को सुपर टैकल की स्थिति में ले आए। फिर आदित्य ने लेफ्ट कार्नर को शिकार बनाकर पल्टन को पहली बार 33-32 की लीड दिला दी। शंकर गदई ने पंकज को रिस्ट होल्ड कर सुपर टैकल के दो अंक दिलाकर आलआउट टाल दिया। साथ ही टाइटंस को लीड भी मिल गई लेकिन फिर पल्टन ने टाइटंस को आलआउट कर 38-37 की लीड ले ली।

35वें मिनट में आदित्य ने दो अंक की रेड के साथ लीड तीन की कर दी लेकिन अगली रेड पर वह लपक लिए गए। इसके बाद भरत का भी शिकार हो गया। रिवाइव होकर आए आदित्य ने छह के डिफेंस में चार अंक लेकर 45-40 के स्कोर पर मुकाबला लगभग पल्टन की झोली में डाल दिया। पल्टन ने हालांकि टाइटंस को चौथी बार आलआउट करते हुए इस पर मुहर लगाकर दिल्ली के साथ फाइनल खेलने का हक हासिल कर लिया।

# इंग्लैंड की महिला टीम को 125 रनों से हराकर दक्षिण अफ्रीका वनडे विश्वकप के फाइनल में




**गुवाहाटी।** कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (169) की शतकीय पारी और मैरीजान कप्प (42 रन और पांच विकेट) के शानदार प्रदर्शन दम पर दक्षिण अफ्रीका ने एकदिवसीय महिला विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में बुधवार को इंग्लैंड 125 रनों से हराकर दिया। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार एकदिवसीय विश्वकप के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। 169 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलने वाली लॉरा वोल्वार्ट को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। 319 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने महज एक रन के स्कोर अपने शुरूआती तीनों विकेट गंवा दिये। इसके बाद कप्तान नेट साइवर ब्रंट और ऐलिस कैप्सी ने चौथे विकेट के लिए 107 रन जोड़े। 23वें ओवर में सुने लुस ने ऐलिस कैप्सी (50) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी डेनियल वायर्ट ने साइबर ब्रंट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

इसी दौरान 29वें ओवर में मैरीजान कप्प ने नेट साइवर ब्रंट (64) को आउटकर मैच पर दक्षिण अफ्रीका की पकड़ मजबूत कर दी। वायर्ट (34) को डी क्लार्क ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज बेबस नजर आये और अपने विकेट गंवाते चले गये। 43वें ओवर की तीसरी गेंद पर एन डी क्लर्क ने लिंसी स्मिथ ने 27 को आउट कर इंग्लैंड की पारी को 194 के स्कोर पर अंत कर दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बना ली है जहां उसका मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

दक्षिण अफ्रीका के लिए मैरीजान कप्प ने 20 रन देकर पांच विकेट लिये। एन डी क्लर्क को दो विकेट मिले। अयाबोंगा खाका, एन म्लाबा और सूने लुस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए लॉरा वोल्वार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 116 रन जोड़े। 23वें ओवर में सोफी एक्लस्टोन ने तेजमिन ब्रिट्स को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तेजमिन ब्रिट्स ने 65 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाये।

इसी ओवर में एक्लस्टोन ने अन्नेका बोश (शून्य) को पवेलियन भेज दिया। 26वें ओवर में सुने लूस (एक) को नेट शिवर ब्रंट ने बोल्ड कर इंग्लैंड को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी मैरीजान कप्प ने लॉरा वोल्वार्ट के साथ एक बार फिर से पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजो के बीच चौथे विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी हुई। इसी दौरान वोल्वार्ट ने अपना शतक पूरा किया। 137वें ओवर में सोफी एक्लस्टोन ने मैरीजान कप्प को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया।

मैरीजान कप्प ने 33 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। सिनालो जाफ्टा (एक) और एनरी डार्कसन चार रन बनाकर आउट हुई। इस दौरान लॉरा वोल्वार्ट एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाती रही। 48वें ओवर में लॉरिन बेल ने वोल्वार्ट को ऐलिस कैप्सी के हाथों कैच आउट कराया। लॉरा वोल्वार्ट ने 143 गेंदों में 20 चौके और चार छक्के लगाते हुए 169 रनों की पारी खेली। यह विश्वकप में किसी भी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। क्लो ट्राइऑन ने 49वें ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाकर दक्षिण अफ्रीका को 300 के पार पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 319 का स्कोर बनाया। क्लो ट्राइऑन 26 गेंदों में 33 रन बनाकर और नदीन डी क्लर्क छह गेंदों में 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लस्टोन ने चार विकेट लिये। लॉरिन बेल को दो विकेट मिले। नेट शिवर ब्रंट ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अदाणी एयरपोर्ट्स और आयनोस की साझेदारी - यात्रियों को मिलेगा एआई का और भी स्मार्ट व सहज अनुभव



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड, अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सहायक कंपनी और भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक-निजी भागीदारी एयरपोर्ट ऑपरेटर, ने आज आयनोस (अक्ढठडर) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। आयनोस, इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज की एक इकाई है और एंटरप्राइज एआई समाधानों में वैश्विक अग्रणी मानी जाती है। इस साझेदारी के तहत आयनोस एक बहुभाषी, ओमनी-चैनल एजेंटिक एआई समाधान लागू करेगी, जो यात्रियों को पारंपरिक हेल्प डेस्क की तुलना में अधिक उन्नत, सहज और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करेगा।

यह नई एआई प्रणाली सभी अदाणी एयरपोर्ट्स पर यात्रियों के साथ एकसमान और निर्बाध जुड़ाव सुनिश्चित करेगी। साथ ही यह यात्रियों को उनकी पसंदीदा भाषा में व्यक्तिगत संवाद का अनुभव देगी। आयनोस अपने विशेष एजेंटिक एआई प्लेटफॉर्म इंटेलीमेट के जरिए यह सुविधा उपलब्ध कराएगा। यह प्लेटफॉर्म वॉयस, चैट, वेबसाइट और मोबाइल जैसे विभिन्न माध्यमों पर यात्रियों और कर्मचारियों से स्मार्ट और संवादात्मक तरीके से जुड़ने में सक्षम होगा। यह एआई-आधारित प्रणाली 24७7 स्मार्ट असिस्टेंट की तरह कार्य करेगी, जो यात्रियों को तुरंत उनकी जरूरत की सभी जानकारी देगी - जैसे फ्लाइट अपडेट, गेट की जानकारी, बैगेज की स्थिति, दिशा-निर्देश और एयरपोर्ट सेवाओं के विवरण। यह सेवा अंग्रेजी, हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगी। यह प्लेटफॉर्म सभी चैनलों (जैसे चैट, वॉयस, ऐप आदि) को एकीकृत कर यात्रियों को एक समान और सहज अनुभव प्रदान करेगा। इससे यात्रियों की संतुष्टि बढ़ेगी और उनकी समस्याओं के समाधान का समय भी घटेगा। अदाणी एयरपोर्ट्स की इस पहल का उद्देश्य यात्रियों का अनुभव और बेहतर बनाना, सहायता सेवाओं को सरल व तेज बनाना और देशभर के एयरपोर्ट्स पर एक आधुनिक, समावेशी और डिजिटल वातावरण विकसित करना है। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) अपने डिजिटल परिवर्तन के सफर को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। इस दिशा में कई नई और आधुनिक पहलें शुरू की गई हैं, जिनका उद्देश्य यात्रियों के अनुभव को और अधिक सहज, सुविधाजनक और व्यक्तिगत बनाना है। इन पहलों का मूल लक्ष्य है - हवाई अड्डों को केवल यात्रा स्थलों के बजाय एक संपूर्ण लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करना। साथ ही, एएएचएल संचालन के हर क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

**डिजिटल रणनीति के तीन प्रमुख स्तंभ**

एएएचएल की डिजिटल रणनीति तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित है:

1. बी2बी सहयोग: हवाई अड्डे से जुड़े सभी भागीदारों को एक प्लेटफॉर्म पर लाकर सुचारू संचालन सुनिश्चित करना।
2. उत्कृष्ट यात्री अनुभव: प्रत्येक यात्री को विश्व-स्तरीय, व्यक्तिगत और सहज सेवाएँ प्रदान करना।
3. मजबूत डिजिटल ढांचा: भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप अत्याधुनिक तकनीकी प्रणालियाँ विकसित करना। यह नई पहल एएएचएल की इसी दिशा में उठाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम है।

एएएचएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने कहा, अदाणी एयरपोर्ट्स में हमारा उद्देश्य है कि हम इंटेलीजेंट और डिजिटल-फर्स्ट नवाचारों के माध्यम से हवाई अड्डों के अनुभव को नई परिभाषा दें - जहाँ हर पहल में यात्री केंद्र में हों। हमारा प्रयास है कि उनकी यात्रा से जुड़ी चिंता उत्साह में बदले। आयनोस के साथ हमारा सहयोग यात्रियों को सुगम और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारी इन-हाउस पहलें जैसे Aviio, Adani OneApp और Airport-in-a-Box मिलकर एक ऐसा एकीकृत इकोसिस्टम बना रही हैं, जो दक्षता बढ़ाता है, समावेशिता को प्रोत्साहित करता है और भारत के लिए स्मार्ट, सतत और भविष्य-तैयार हवाई अड्डों के नए मानक स्थापित करता है।

आयनोस के सह-संस्थापक और उपाध्यक्ष सी. पी. गुरनानी ने कहा, हम एएएचएल के साथ इस परिवर्तनकारी यात्रा की शुरूआत को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह साझेदारी उन्नत तकनीकों के माध्यम से यात्रियों को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के हमारे साझा विजन को साकार करती है। आयनोस में हमारा संकल्प है कि हम ऐसे नवाचारों को आगे बढ़ाएं जो संस्थाओं को डिजिटल युग की जटिलताओं का सामना करने और अपने रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाएं।

एएएचएल और आयनोस के बीच यह अभिनव साझेदारी, एएएचएल की डिजिटल नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और यात्री अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाने के प्रयास का सशक्त उदाहरण है। अत्याधुनिक एआई तकनीक का उपयोग करके, एएएचएल न केवल अपने संचालन को अधिक कुशल और समावेशी बना रहा है, बल्कि विमानन क्षेत्र में एक दूरदर्शी अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को और सुदृढ़ कर रहा है।

यह साझेदारी एयरपोर्ट सेवाओं को पुनर्परिभाषित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है - जिससे यात्रियों को आज और आने वाले समय में हर चरण पर सहज, व्यक्तिगत और स्मार्ट सहायता मिलती रहेगी।

# मोबाइल-फर्स्ट वर्कफोर्स मैनेजमेंट स्टार्टअप सैलरीबॉक्स भारत के फ्रंटलाइन जॉब मार्केट में बदलाव के बीच सुर्खियों में आया

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** भारत के छोटे और मध्यम उद्यम, जो मिलकर देश की गैर-कृषि कार्यबल का लगभग आधा हिस्सा रोजगार देते हैं, एक शांत डिजिटल बदलाव से गुजर रहे हैं। रिटेल काउंटरों से लेकर अस्पतालों के फर्श तक, मोबाइल ऐप मैनुअल रजिस्टरों और स्प्रेडशीट्स की जगह ले रहे हैं, जिससे व्यवसाय अपने कर्मचारियों को प्रबंधित करने के तरीके में नई दक्षता ला रहे हैं। इस बदलाव के केंद्र में है सैलरीबॉक्स, एक गुरुग्राम-स्थित स्टार्टअप जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके व्यवसायों को उपस्थिति, शेड्यूलिंग, पेरोल और अनुपालन को एक आसान-से-उपयोग मोबाइल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संभालने में मदद करता है। आईआईटी रूड़की के पूर्व छात्र निखिल गोयल और पीयूष गोयल द्वारा स्थापित, सैलरीबॉक्स ने एक सरल लक्ष्य के साथ शुरूआत की - छोटे व्यवसायों के लिए वर्कफोर्स मैनेजमेंट को आसान बनाना। संस्थापकों ने देखा कि जहां ऑफिस कर्मचारियों के पास उन्नत एचआर टूल्स थे, वहीं भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले फ्रंटलाइन कर्मचारी अब भी मैनुअल तरीकों से प्रबंधित किए जा रहे थे। जो एक साधारण उपस्थिति ऐप के रूप में शुरू हुआ था, उसने जल्द ही छोटे व्यवसाय मालिकों के बीच स्वाभाविक रूप से लोकप्रियता हासिल कर ली। आज, सैलरीबॉक्स भारत भर में 6,00,000 से अधिक व्यवसायों की सेवा कर रहा है। तकनीक लंबे समय से डेस्क के पीछे बैठने वाले लोगों के लिए बनाई गई है, न कि उन लोगों के लिए जो दुकानों या कक्षाओं में काम करते हैं, सैलरीबॉक्स के सह-संस्थापक निखिल गोयल ने कहा। हम कुछ ऐसा बनाना चाहते थे जो भारत की वास्तविकता को दर्शाए — यानी सरल, मोबाइल-फर्स्ट और सभी के लिए सहज। सह-संस्थापक पीयूष गोयल ने जोड़ा, फ्रंटलाइन कर्मचारियों के काम करने के तरीके को डिजिटाइज करके, हम व्यवसायों को बेहतर विज़िबिलिटी और कर्मचारियों को वह मान्यता और वित्तीय स्पष्टता दे रहे हैं जिसके वे हकदार हैं।

# एआई चिप निमार्ता कंपनी एनवीडिया पांच ट्रिलियन डॉलर की हुई

**वाशिंगटन।** ताइवान में जन्मे चर्चित अमेरिकी व्यवसायी जेन्सेन हुआंग की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया अब पांच ट्रिलियन डॉलर की हो गई है। सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली यह कंपनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में लगातार अपनी ताकत को मजबूत कर रही है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, दिग्गज कंपनी एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेन्सन हुआंग बुधवार को राष्ट्रपति ट्रंप से मिले तो उनकी कंपनी का मूल्य पांच ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया। इसकी कुछ साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। यह तब की बात है जब अन्य तकनीकी दिग्गज लगभग हर महाद्वीप पर निर्माण परियोजनाओं पर अरबों डॉलर खर्च कर रहे थे। एनवीडिया की यह उपलब्धि इस कंपनी के रणनीतिक महत्व का भी संकेत है। इसने पिछले चार महीनों में बाजार मूल्य में एक ट्रिलियन डॉलर का इजाफा किया है। एनवीडिया अमेरिकी अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति बन गई। हार्वर्ड में आर्थिक नीति के प्रोफेसर जेसन फुरमैन के अनुसार, कंपनी के चिप्स से लैस डेटा केंद्रों पर खर्च ने वर्ष की पहली छमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि का 92 प्रतिशत हिस्सा बनाया। इसके बिना अर्थव्यवस्था 0.1 प्रतिशत की ही वृद्धि दर्ज कर पाती।

# वाणिज्य मंत्री ने निर्यात परिषद और उद्योग संगठनों के साथ बैठक कर निर्यात बढ़ाने पर चर्चा की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में निर्यात प्रोत्साहन परिषदों और उद्योग संगठनों के साथ बैठक कर चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में किए गए सुधारों, निर्यात प्रदर्शन और आगामी सुधार उपायों पर चर्चा की। गोयल ने कहा कि सरकार भारतीय निर्यातकों को बेहतर वैश्विक बाजार तक पहुंच और व्यापार में सुगमता प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि सरकार एक अनुकूल व्यापार वातावरण तैयार करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। बैठक में वाणिज्य विभाग, राजस्व विभाग, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, विदेश व्यापार महानिदेशालय, विभिन्न निर्यात परिषदों और प्रमुख उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। चर्चा के दौरान निर्यात विविधीकरण की उपलब्धियों, उद्योग जगत की चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ, वस्त्र, अभियांत्रिकी, रत्न एवं आभूषण, चिकित्सा उपकरण, औषधि, सेवा, हस्तशिल्प, दूरसंचार, चमड़ा, वाहन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय की पहल से भारतीय निर्यातकों के लिए नए बाजार अवसर खुल रहे हैं। बैठक में भारतीय उद्योग परिसंघ, फिक्की, पीएचडी वाणिज्य एवं उद्योग मंडल, भारतीय वाहन निमार्ता संघ, एसोचैम और नैसकॉम जैसे प्रमुख उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

# सेल की पहली छमाही में 52,625 करोड़ की आमदनी, मुनाफा बढ़कर 1,112 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** सरकारी महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के नतीजे जारी करते हुए बताया कि कंपनी का कुल राजस्व बढ़कर 52 हजार 625 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि कर के बाद मुनाफा (पीएटी) 32 प्रतिशत बढ़कर 1 हजार 112 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने कहा कि बिक्री में वृद्धि, लागत नियंत्रण और बेहतर उत्पादन क्षमता ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई। केंद्रीय इस्पात मंत्रालय के अनुसार, सेल ने इस अवधि में 9.50 मिलियन टन कच्चा इस्पात उत्पादन किया, जो पिछले साल की समान अवधि के 9.46 मिलियन टन से थोड़ा अधिक है। वहीं, बिक्री मात्रा में बड़ी छलांग लगाते हुए यह 8.11 मिलियन टन से बढ़कर 9.46 मिलियन टन हो गई। राजस्व के मामले में भी कंपनी ने उल्लेखनीय सुधार किया है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में राजस्व 48 हजार 672 करोड़ रुपये था, जो अब 52 हजार 625 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। कंपनी का ईबीआईटीडीए (एबिटा) 5 हजार 593 करोड़ रुपये से बढ़कर 5 हजार 754 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं, कर पूर्व मुनाफा (पीबीटी) 1 हजार 127 करोड़ रुपये से बढ़कर 1 हजार 443 करोड़ रुपये और कर के बाद मुनाफा (पीएटी) 844 करोड़ रुपये से बढ़कर 1 हजार 112 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इस दौरान कंपनी का कुल कर्ज घटकर 26 हजार 427 करोड़ रुपये रह गया है, जो वित्तीय स्थिरता की दिशा में सकारात्मक संकेत है। सेल के अध्यक्ष ने कहा कि कंपनी ने वैश्विक इस्पात बाजार की अस्थिरता के बावजूद मजबूत परिचालन क्षमता बनाए रखी है। दक्षता में सुधार, लागत में कमी और ग्राहक-केंद्रित रणनीतियों के जरिए कंपनी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारत के लो-कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के साथ, सेल उत्पाद विविधीकरण, डिजिटलाइजेशन और विस्तार योजनाओं के जरिए स्थायी लाभप्रदता सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है।




# ग्लोबल कंपाउंडर्स पोर्टफोलियो के तीन वर्ष पूरे



**नई दिल्ली।** भारतीय निवेशकों को प्रमुख वैश्विक उद्यमों की वृद्धि में भाग लेने में मदद करने और उत्तरी अमेरिका, यूरोप तथा एशिया में अवसरों के लिए पूंजी आवंटित करने के उद्देश्य से मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने तीन साल पहले एक स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ अपनी ग्लोबल कंपाउंडर्स रणनीति शुरू की थी। फर्म की ग्लोबल कंपाउंडर्स रणनीति ने अपने पीएमएस, एआईएफ और सलाहकार प्लेटफॉर्मों में कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों को 300 करोड़ तक पहुंचा दिया है। गिफ्ट सिटी केंद्र से संचालित इस रणनीति ने निवेशकों को न केवल अपनी संपत्तियों में विविधता लाने में मदद की है, बल्कि अक्टूबर 2022 में अपनी स्थापना के बाद से 27.30 प्रतिशत रुपये में की चक्रवृद्धि दर से रिटर्न भी दिया है। मार्सेलस की नेतृत्व टीम ने इस उपलब्धि को नई शुरूआत माना और आभार व्यक्त करते हुए कहा तीन साल पहले हमने भारतीयों को प्रमुख वैश्विक उद्यमों की वृद्धि में भाग लेने का अवसर प्रदान करने का सपना देखा था, ताकि वे अपनी मेहनत की कमाई का निवेश केवल घरेलू स्तर पर ही नहीं, बल्कि उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया में भी सूचीब अवसरों में भी कर सकें। आज आपके समर्थन और गिफ्ट सिटी द्वारा शुरू किए गए नियामक सुधारों के मद्देनजर, मार्सेलस के ग्लोबल कंपाउंडर्स ने अपनी तीसरी वर्षगांठ पर 300 करोड़ की संपत्ति का आंकड़ा पार कर लिया है, जो पीएमएस, एआईएफ और सलाहकार प्लेटफार्मों में लगातार बढ़ रहा है। हम आपके समर्थन के लिए आभारी हैं, और हमें आशा है कि आगामी कई वर्षों तक आपकी सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता रहेगा।